वर्ष : 18 अंक: 150 ग्वालियर • मंगलवार 01 जुलाई 2025 • पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रु.



दैनिक
मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित

# चम्बल सुर्खी

उत्कृष्ट एवं सफल प्रकाशन के 37 वर्ष
निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का प्रवक्ता

आज का **तापमान**
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

# राष्ट्रपति ने बरेली में 24 स्टूडेंट्स को दिए मेडल-उपाधिः सीएम योगी ने द्रौपदी मुर्मू का वेलकम किया

## शिवराज सिंह चौहान ने भांजे-भांजियों को प्रणाम किया

बरेली (ए.)।

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू आज यानी सोमवार को बरेली पहुंचीं। वह आईवीआरआई के दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। सुबह 9ः50 बजे उनका विमान त्रिशूल एयरबेस पर लैंड किया। वहां राष्ट्रपति का स्वागत राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और सीएम योगी ने किया। राष्ट्रपति ने आईवीआरआई के दीक्षांत समारोह में छात्र-छात्राओं को पीएचडी की उपाधि और मेडल प्रदान किया। इस दौरान राष्ट्रपति ने कहा- बीमारी के रोकथाम में टीकाकरण की अहम भूमिका है। इसमें ढ्ढङ्कक्त्रढ्ढ की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा- मैं जिस परिवेश से आती हूं वो प्रकृति के निकट है।



### संस्थान ने हासिल कीं कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां

राष्ट्रपति ने कहा- 1889 में स्थापित इस संस्थान ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने वैज्ञानिकों की ओर से किए गए शोध कार्यों और इस संस्थान के नाम दर्ज अनेक पेटेंट्स, डिजाइन, कॉपीराइट्स की भी चर्चा की। उन्होंने कहा- प्रिवेंशन इज बेटर देन क्योर कहावत पशुओं के स्वास्थ्य के लिए भी पूरी तरह से लागू होती है। बीमारियों के रोकथाम में टीकाकरण की अहम भूमिका है। इस संस्थान के लिए गर्व का विषय है कि राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम में अनेक टीके यहीं पर विकसित किए गए।

### पशु चिकित्सा के क्षेत्र में भी आगे आ रहीं बेटियां

राष्ट्रपति ने उपाधि व पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा-पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में छात्राओं की बड़ी संख्या देखकर गर्व हो रहा है कि बेटियां अन्य क्षेत्र की तरह पशु चिकित्सा के क्षेत्र में भी आगे आ रही हैं, यह शुभ संकेत है। उन्होंने कैटल शेड की चर्चा करते हुए कहा कि मां, बहन गायों की सेवा करती थीं। गायों व पशुओं से माता-बहनों का जुड़ाव अधिक है। इस क्षेत्र में बेटियों का जुड़ाव देखकर बहुत अच्छा लगा।

### मानव, जानवर, वनस्पति व पर्यावरण एक-दूसरे पर हैं आश्रित

राष्ट्रपति ने कहा- वन हेल्थ की अवधारणा महत्वपूर्ण होती जा रही है। माना जाता है कि मानव, घरेलू तथा जंगली जानवर, वनस्पति व व्यापक पर्यावरण एक-दूसरे पर आश्रित हैं। हमें अपनी परंपरा व इस अवधारणा का अनुसरण करते हुए पशु कल्याण के लिए प्रयास करना चााहिए।

प्रमुख पशु संस्थान के रूप में इंडियन वेटनरी रिसर्च इंस्टीट्यूट जेनेटिक बीमारियों के नियंत्रण और रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। ईश्वर ने मनुष्य को जो सोचने-समझने की शक्ति दी है। उसका उपयोग जीव-जंतुओं के कल्याण के लिए किया जाना चाहिए।

### पशु संपदा का संरक्षण व विकास हमारा कर्तव्य

राष्ट्रपति ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज गांव-गांव में घरेलू पशु नहीं दिख रहे हैं। यह पशु खेती में सहयोग करते हैं। आज टेक्नोलॉजी तो आई, लेकिन जमीन में खेती के साथी केंचुआ आदि समाप्त हो रहे हैं। इससे जमीन बंजर हो रही है। जमीन उर्वरता के लिए किसानों, वैज्ञानिकों, चिकित्सकों व आमजन को सोचना चाहिए। पशु संपदा का संरक्षण व विकास हमारा कर्तव्य होना चाहिए।

# तेलंगाना BJP विधायक टी राजा ने पार्टी छोड़ी:रामचंद्र राव को प्रदेश अध्यक्ष बनाने की खबर से नाराज, कहा- यह कार्यकर्ताओं के लिए सदमा

हैदराबाद (ए.)।

तेलंगाना के भाजपा विधायक टी राजा सिंह ने सोमवार को पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। गोशामहल विधायक टी राजा ने पूर्व एमएलसी रामचंदर राव को तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष बनाने की खबरों पर कड़ी नाराजगी जताते हुए भाजपा की प्राथमिक सदस्यता छोड़ दी। टी. राजा ने भाजपा तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष जी किशन रेड्डी को अपना इस्तीफा भेजा है। उन्होंने लिखा कि बहुत सारे लोग चुप हैं, इसे उनकी सहमति न समझा जाए। यह लाखों कार्यकर्ताओं के लिए सदमे जैसा है। टी राजा ने केंद्री नेतृत्व से अपील की कि वे अपने फैसले पर दोबारा विचार करें। तेलंगाना में भाजपा अध्यक्ष चुनाव के लिए आज नामांकन किया जा रहा है। रामचंदर ने समर्थकों के साथ नामांकन किया है। दूसरे किसी नेता ने अब तक नामांकन नहीं किया है। ऐसे में एक जुलाई को अध्यक्ष के तौर



पर रामचंदर के नाम का ऐलान किए जाने की संभावना है। उधर, रामचंदर के नाम पर नाराजगी जाहिर कर रहे टी राजा को 2022 में पार्टी से निलंबित किया जा चुका है। निलंबन अक्टूबर 2023 में वापस ले लिया गया था। वे तीन बार गोशामहल से विधायक चुने गए हैं। टी. राजा सिंह पर 105 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें 18 सांप्रदायिक अपराधों से जुड़े हैं।

### इस्तीफे में लिखा- चुप्पी को सहमति न समझा जाए

टी राजा ने लिखा- यह पत्र व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा के बारे में नहीं है, बल्कि उन लाखों वफादार भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों के दर्द और हताशा को दर्शाता है, जो खुद को दरकिनार और अनसुना महसूस करते हैं। कुछ चुनिंदा लोग पर्दे के पीछे से शो चला रहे हैं, जिससे आंतरिक असंतोष और जमीनी स्तर से जुड़ाव खत्म हो रहा है। मैं सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि उन अनगिनत कार्यकर्ताओं और मतदाताओं के लिए बोल रहा हूं जो हमारे साथ आस्था में खड़े थे और जो आज निराश महसूस कर रहे हैं।

### हिमाचल में भारी बारिश-285 सड़कें बंद

**नई दिल्ली**/ हिमाचल प्रदेश में रविवार से ही तेज बारिश हो रही है। लैंडस्लाइड के चलते प्रदेशभर की 285 सड़कों पर वाहनों की आवाजाही बंद हो गई है। मानसून के बाद से राज्य में अब तक 39 लोगों की मौत हो चुकी है। बीते 24 घंटे में 3 ने जान गंवाई है।

# तेलंगाना की केमिकल फैक्ट्री में धमाका: 12 मजदूरों की मौत और 34 जख्मी



### अबतक 4 शव बरामद; ब्लास्ट के वक्त 150 लोग मौजूद थे

संगारेड्डी(ए.)।

तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में सोमवार सुबह दवा बनाने वाली फैक्ट्री की रिएक्टर यूनिट में विस्फोट हो गया। घटना में 12 मजदूरों की मौत हो गई, 34 लोग जख्मी हैं। हादसा पाशमिलारम इंडस्ट्रियल एरिया स्थित सिगाची इंडस्ट्रीज में सुबह 8ः.15 बजे से 9.30 बजे के बीच हुआ। राज्य के श्रम मंत्री जी विवेक वेंकटस्वामी ने कहा- अबतक 4 शव बरामद हुए हैं। हमें उम्मीद है कि अब और कोई मौत नहीं होगी। ढ्ढत्र वी सत्यनारायण ने बताया कि घटना के दौरान फैक्ट्री में 150 लोग थे, जहां ब्लास्ट हुआ वहां 90 लोग मौजूद थे।उन्होंने कहा कि हृष्ठक्रस्न, ष्ठक्रस्न, SDRF की टीमों के साथ ही फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियां मौजूद हैं। ब्लास्ट के कारणों का पता लगाया जा रहा है। रिएक्टर में तेजी से केमिकल रिएक्शन होने से ब्लास्ट की संभावना जताई गई है।

इधर, पीएम मोदी ने ङ्ग पोस्ट के जरिए ब्लास्ट की घटना पर दुख जताया। पीएम नेशनल रिलीफ फंड से मृतकों के परिजन को ?2 लाख और घायलों को ?50 हजार की मदद की घोषणा की।

### धमाके से कई मीटर दूर जा गिरे मजदूर

एक मजदूर ने बताया कि मैं सुबह 7 बजे नाइट शिफ्ट पूरी करके बाहर निकला था। सुबह की शिफ्ट का स्टाफ अंदर आ चुका था। धमाका करीब करीब 8 बजे हुआ। शिफ्ट में मोबाइल जमा हो जाता है, इस वजह अंदर काम कर रहे लोगों की कोई खबर नहीं मिल पाई।

# पुरी भगदड़-एग्जिट गेट बंद कर VIP एंट्री हो रही थी

### प्रत्यक्षदर्शी बोले- ट्रक घुसने से भगदड़ मची, एंबुलेंस दूर खड़ी थी, लोगों ने घायलों को उठाया



**भुवनेश्वर (ए.)।** ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ रथयात्रा के दौरान हुई भगदड़ के समय मौजूद लोगों ने बताया- एक ही रास्ते से एंट्री और एग्जिट था। एग्जिट गेट बंद कर दिया गया था। वहीं से वीआईपी एंट्री करवाई जा रही थी। आम भक्तों के लिए कोई अलग रास्ता नहीं था। पुलिस भीड़ को संभाल नहीं पाई। इसी बीच, रथ के सामने पूजा सामग्री से लदे दो ट्रक घुस आए, जिससे कई भक्त ट्रक से टकराकर गिर पड़े। इससे ही भगदड़ मच गई। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि हादसे के वक्त मौके पर कोई पुलिसकर्मी नहीं था। एंबुलेंस एक किमी दूर थी। घायलों को लोग हाथों पर उठा ले गए। मेरी पत्नी पानी मांगती रही। कोई सुनने वाला नहीं था। पुलिस से मदद नहीं मिली। प्रशासन की लापरवाही से मेरी पत्नी की जान गई।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रात से ही मंदिर के पास व्यवस्था बिगड़ी हुई थी। श्रद्धालु जिस पॉलीथिन पर बैठे थे, बारिश में वह फिसलन भरी हो गई, जिससे लोग गिरते चले गए।

### कोलकाता गैंगरेप की CBI जांच कराने के लिए याचिका दायर

**कोलकाता।** कोलकाता गैंगरेप की CBI जांच के लिए कलकत्ता हाईकोर्ट में सोमवार को जनहित याचिका दायर हुई। इसमें CBI को मामले की प्राइमरी जांच करके कोर्ट में रिपोर्ट सौंपने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। मुख्य आरोपी के राज्य की सत्ताधारी पार्टी TMC से जुड़े होने के चलते यह मांग की गई है। याचिका में पीड़ित को मुआवजा देने और सरकारी एजुकेशन इंस्टीट्यूट में लड़कियों की सुरक्षा के लिए सिविल वॉलेंटियर तैनात करने की भी मांग की गई है। इससे पहले दायर कुछ अन्य याचिकाओं में कोर्ट की निगरानी में मामले की जांच कराने की मांग की गई है। इस हफ्ते के आखिर में इन याचिकाओं पर सुनवाई हो सकती है। साउथ कोलकाता लॉ कॉलेज में 25 जून को गैंगरेप एक छात्रा से गैंगरेप हुआ था।

# उद्धव बोले-विपक्ष की वजह से हिंदी पर फैसला वापस हुआ: मराठी एकता ने विरोधियों के सिर फोड़े, 5 जुलाई को विजय उत्सव मनाएंगे

मुंबई (ए.)।

उद्धव ठाकरे ने सोमवार को दावा किया कि विपक्षी पार्टियों के विरोध की वजह से महाराष्ट्र सरकार ने हिंदी को अनिवार्य करने का फैसला वापस ले लिया।

ठाकरे ने कहा कि सरकार फैसला वापस नहीं लेती तो भाजपा, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और हृष्टक्क के मराठी समर्थक भी विरोध मार्च में शामिल होते। दरअसल, उद्धव और राज ठाकरे ने 5 जुलाई को मुंबई में संयुक्त विरोध रैली निकालने की बात कही थी। ठाकरे ने कहा कि मराठी एकता ने मराठी विरोधियों के सिर फोड़ दिए। वे फिर से सिर ने उठाएं इसलिए हमें एकता बनाए रखनी चाहिए। अब 5 जुलाई को विरोध मोर्चा की जगह विजय उत्सव होगा।



महाराष्ट्र सरकार ने रविवार को तीन भाषा नीति से जुड़े 16 और 17 अप्रैल के आदेश रद्द कर दिए थे। 16 अप्रैल के आदेश में अंग्रेजी और मराठी मीडियम स्कूलों में पहली से पांचवी क्लास तक हिंदी को तीसरी अनिवार्य भाषा बनाया गया था। विरोध के बाद अगले ही दिन आदेश में बदलाव करके हिंदी को ऑप्शनल बनाया गया था। मुंबई भाजपा अध्यक्ष बोले- भाजपा जीती उद्धव ठाकरे पर पलटवार करते हुए भाजपा मुंबई अध्यक्ष आशीष शेलार ने कहा- सही मायने में महायुति सरकार और देवेंद्र फडणवीस ने मराठी मन, मराठी भाषा और मराठी लोगों के प्रति पूरी निष्ठा रखी। भाजपा ने इसे प्रतिष्ठा का मुद्दा नहीं बनाया। महाराष्ट्र जीता, मराठी मानुस जीते। मैं कहूंगा कि इस लड़ाई में भाजपा जीती।

# मुजफ्फरनगर में फ्लाईओवर से गिरी कार, 4 दोस्तों की मौत

## 100 की स्पीड में थी गाड़ी, रेलिंग तोड़ते हुए 20 फीट नीचे गिरी इनोवा

मुजफ्फरनगर (ए.)।

मुजफ्फरनगर में इनोवा बेकाबू होकर 20 फीट ऊंचे फ्लाईओवर से नीचे गिर गई। हादसे में 4 दोस्तों की मौके पर मौत हो गई। 1 गंभीर घायल है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार की स्पीड करीब 100 त्रस्रूद्ध की रही होगी।

फ्लाईओवर पर कार अचानक लहराई। इसके बाद फ्लाईओवर की रेलिंग तोड़ते हुए नीचे खेत में जा गिर गई। 15 फीट लंबी और 5 फीट ऊंची कार चकनाचूर हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला।



अस्पताल पहुंचाया गया। जहां 4 को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

स्स्क्क संजय कुमार वर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल जाकर घायल का भी हाल जाना। हादसे की जांच के निर्देश दिए हैं। मामला छपार क्षेत्र रामपुर तिराहे का है। पुलिस के अनुसार, कार सवार गुजरात के रहने वाले हैं। ये सभी उत्तराखंड के केदारनाथ जा रहे थे। घुमावदार फ्लाईओवर पर बेकाबू हुई इनोवा हादसा छपार थाना क्षेत्र के पानीपत-खटीमा नेशनल हाईवे पर हुआ। इनोवा में सवार हरियाणा की तरफ से आ रहे थे।

# जम्मू-कश्मीर में LoC से पाकिस्तानी आतंकियों का गाइड गिरफ्तार

### जैश-ए-मोहम्मद से जुड़ा, घुसपैठ में मदद कर रहा था; क्क्य करेंसी बरामद

श्रीनगर (ए.)।



जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में केरी सेक्टर में रविवार को नियंत्रण रेखा (LoC) के पास एक बड़ी घुसपैठ को सेना ने नाकाम कर दिया। इस ऑपरेशन में जैश-ए-मोहम्मद (JeM) से जुड़े एक पाकिस्तानी गाइड को पकड़ लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान 22 वर्षीय मोहम्मद आरिब अहमद के रूप में हुई है, जो पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (क्कशय्य) के कोटली जिले के निकियाल इलाके के डेटोटे गांव का रहने वाला है। सेना के मुताबिक, पकड़ा गाइड आतंकियों की घुसपैठ में मदद कर रहा था। आतंकियों ने घने जंगल और कठिन पहाड़ी इलाके का फायदा उठाकर स्रु्रष्ट पार करने की कोशिश की थी। सेना की



गोलीबारी के बाद दूसरे आतंकी भाग गए।

दरअसल, सेना और बीएसएफ ने खुफिया सूचना के आधार पर संयुक्त ऑपरेशन चलाया था। केरी सेक्टर में 4 से 5 हथियार लैस आतंकियों की संदिग्ध गतिविधियों को जवानों ने ट्रैक किया और तुरंत कार्रवाई की।

गाइड बोला-आतंकियों के पास भारी मात्रा में गोला-बारूद

सर्च ऑपरेशन के दौरान सेना ने गाइड के पास से एक मोबाइल फोन, पाकिस्तानी करेंसी बरामद की है। शुरुआती पूछताछ में आरिब ने कबूल किया कि वह पाकिस्तान सेना की मदद से इस घुसपैठ का हिस्सा बना था और जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों को रास्ता दिखा रहा था।

# लापता JNU स्टूडेंट नजीब अहमद का केस बंद

## दिल्ली की अदालत ने कहा- CBI को दोषी नहीं ठहरा सकते, उसने सभी विकल्प आजमा लिए

नई दिल्ली (ए.)।

दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को ष्टक्चढ्ढ को 15 अक्टूबर 2016 को लापता हुए छ्वहृ के फर्स्ट ईयर के स्टूडेंट नजीब अहमद का मामला बंद करने की अनुमति दे दी है। कोर्ट ने कहा कि एजेंसी ने जांच के सभी विकल्प आजमा लिए हैं। सुनवाई करते हुए एडीशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट ज्योति माहेश्वरी ने भी उम्मीद जताई कि नजीब का जल्द ही पता लगा




लिया जाएगा।कोर्ट ने कहा- अदालत को इस बात का खेद है कि इस मामले में कार्यवाही क्लोजर रिपोर्ट के साथ खत्म हो गई है, लेकिन नजीब की मां और परिवार के लिए अभी भी कोई क्लोजर नहीं है। हालांकि कोर्ट ने यह भी कहा कि CBI को अहमद के ठिकाने के बारे में कोई जानकारी मिलती है तो वह जांच दोबारा शुरू कर सकती है। दरअसल, नजीब अहमद 15 अक्टूबर 2016 को जेएनयू के माही-मांडवी छात्रावास से लापता हो गया था। इससे एक दिन पहले ABVP से जुड़े कुछ छात्रों के साथ हाथापाई हुई थी।

### कोर्ट बोला- हाथापाई या बहस के सबूत नहीं मिले

सुनवाई के दौरान जस्टिस माहेश्वरी ने कहा कि नजीब के लापता होने के दिन उसके हॉस्टल लौटने के बाद किसी व्यक्ति के साथ किसी भी तरह की हाथापाई या बातचीत का कोई सबूत नहीं मिला है, जिससे पता चले कि उसका लापता होना किसी संदिग्ध या जेएनयू के किसी दूसरे व्यक्ति के कारण हुआ था।

# सद्भाव के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये त्यौहार-कलेक्टर

### सुरक्षा व्यवस्था के रहेंगे पर्याप्त प्रबंध-पुलिस अधीक्षक, शांति समिति की बैठक आयोजित




**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में मुस्लिम समुदाय के मातमी त्यौहार मोहर्रम के आयोजन को लेकर ताजियेदारों एवं अखाडा प्रतिनिधियों की मौजूदगी में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

कलेक्टेऊट सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री वीरेन्द्र जैन, एडिशनल एसपी श्री प्रवीण भूरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी, पूर्व विधायक श्री दुर्गालाल विजय, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री शशांक भूषण, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्री कैलाश नारायण गुप्ता, शहरकाजी श्री अतीक उल्ला कुरैर्शी, अध्यक्ष गणेश संस्थान श्री रामस्वरूप गर्ग, बसपा जिला अध्यक्ष श्री गंगाधर जाटव, एसडीएम श्री बीएस श्रीवास्तव, एसडीओपी श्री राजीव कुमार गुप्ता, सरपंच बडा ईमामबाडा श्री बुन्दु खान, पूर्व पार्षद श्री मोहम्मद चीनी कुरैशी, सचिव सेवा भारती श्री प्रद्युमन शर्मा, श्री कुंजबिहारी सर्राफ, श्री मोहम्मद साबीर, वक्फ कमेटी के जिला अध्यक्ष श्री असद उल्ला कुरैशी, श्री कांशीराम सेंगर, श्री सुमित सिंहल, श्री हनीफ भाई, श्री अब्दुल लतीफ, श्री कृष्णकांत उपाध्याय, श्री जयदीप तोमर, श्री दीपचंद रेगर, श्री शेरू धूलिया, जमीते उलेमा के अध्यक्ष श्री हाफिज आदिल कुरैशी सहित धर्मगुरू, गुरूदारा प्रबंधन समिति आदि उपस्थित रहें। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने कहा कि मोहर्रम त्यौहार के मद्देनजर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें तथा भाईचारे एवं शांतिपूर्वक तरीके से मोहर्रम पर्व मनाया जायें। उन्होने कहा कि मोहर्रम निकाले जाने वाले सभी रास्तो पर साफ-सफाई के पर्याप्त प्रबंध किये जायें तथा रात्रि के दौरान प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जायें। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आखरी ताजिया सांय 5.30 बजे तक गणेश गली से होकर गुजरेगा। उन्होने बोहरा समुदाय के जुलूस के दौरान मस्जिद तक आने-जाने वाले रास्तो की साफ-सफाई के निर्देश भी दिये। उन्होने निर्देश दिये कि एसडीएम, एसडीओपी, सीएमओ सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी ताजियों के रूट का निरीक्षण करेंगे तथा बिजली एवं नेटवर्क केबल के तार, मार्ग आदि को व्यवस्थित कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। उन्होने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि मोतिया टिकिया के पास लगे ट्रांसफार्मर को जाली से कवर किया जाये। पुलिस अधीक्षक श्री वीरेन्द्र जैन ने कहा कि कत्ल की रात को ताजियों के गश्त पर रहने के दौरान एवं मोहर्रम के दिन सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये जायेगे। उन्होने निर्देश दिये कि ताजियेदारो से 10-10 वॉलेटियर्स की लिस्ट ली जाये। उन्होंने बताया कि ताजियो के विसर्जन के दौरान भी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। बोहरा समुदाय के 5 जुलाई को निकलने वाले जुलूस के दौरान भी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जायें, यह जुलूस सुबात कचहरी चौराहा से बोहरा मस्जिद तक निकलेगा। उन्होने कहा कि ताजियो के रूट मार्ग पर नगरपालिका के माध्यम से सीसी टीवी कैमरे लगाये जायेगे। शहरकाजी श्री अतीक उल्ला कुरैशी ने बताया कि 3 जुलाई को अलम निशान का जुलूस निकलेगा तथा 5 जुलाई की रात को ताजिये गश्त पर रहेगे एवं 6 जुलाई को मोहर्रम निकलेगे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान का समारोहपूर्वक समापन, खंडवा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का हुआ सीधा प्रसारण

### जिला स्तरीय कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरपंच, सचिव सम्मानित

**श्योपुर ब्यूरो।** जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन निषादराज भवन में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से समारोहपूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में खंडवा में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान एवं वाटरशैड सम्मेलन का सीधा प्रसारण किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरपंच, सचिवों एवं अन्य अधिकारियों को प्रशस्ती पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा खंडवा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में विजयपुर की वाटरशैड समिति उमरीकलां को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। निषादराज भवन में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान सहरिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं कैबीनेट मंत्री दर्जा श्री तुरसनपाल बरैया, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी, विधायक श्योपुर श्री बाबू जण्डेल, विधायक विजयपुर श्री मुकेश मल्होत्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री शशांक भूषण, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र जाट, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री नीरज जाट, जिला पंचायत सदस्य श्री गिरधारी बैरवा, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष श्री मोनू सोनी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष श्री संजय मंगल आदि जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें। इसके अलावा कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा, सीईओ जनपद श्योपुर श्री एसएस भटनागर, कराहल श्री राकेश शर्मा, परियोजना अधिकारी श्री विक्रम जाट, श्रीमती राजेश शर्मा, डीपीएम एनआरएलएम श्री सोहनकृष्ण मुदगल, उप संचालक पशुपालन डॉ सुभाषबाबू दौहरे सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहें। सहरिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं कैबीनेट मंत्री दर्जा श्री तुरसनपाल बरैया ने कहा कि प्रदेशभर में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान जल संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ है, श्योपुर जिले में तीन माह तक चले उक्त अभियान के तहत लगभग 2 हजार से अधिक जल संरचनाओं को पुर्नजीवन प्रदान किया गया है। तालाबों के जीर्णोद्धार और कुओं, बावडियों के पुर्नजीवन से वर्षाजल को संग्रहित करने का उल्लेखनीय कार्य अभियान के तहत किया गया है। विधायक श्योपुर श्री बाबू जण्डेल ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में समुदाय की सहभागिता रही है, अभियान के तहत नदियों के संरक्षण और तालाबों के जीर्णोद्धार के कार्य किये गये है, जिसका लाभ क्षेत्र के नागरिकों को मिलेगा। विधायक विजयपुर श्री मुकेश मल्होत्रा ने कहा कि अभियान के सार्थक परिणाम सामने आये है, कुएं, बावडी पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किये गये है। ग्रामीण क्षेत्र में जल संरक्षण जागरूकता अभियान को गति मिली है। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री शशांक भूषण ने कहा कि जल संरक्षण की दिशा में यह अभियान महत्वपूर्ण रहा है। उन्होने कहा कि तीन माह तक चले इस अभियान के तहत जिले में सैकडो जल संरचनाओं को पुर्नजीवन प्रदान करने का कार्य किया गया है। पुराने कुओं को रिचार्ज करने के साथ ही बावडियों की साफ-सफाई कर उन्हें उपयोगी बनाया गया है। अभियान से प्राचीन कुएं, बावडियों के स्वरूप में निखार आया है, जिससे वे अब सेल्फी प्वांइट बन गये है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री नीरज जाट ने कहा कि जल गंगा अभियान के तहत जिले में मौजूद तालाबों एवं अन्य जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार के कार्य किये गये, इससे ग्रामीणों की निस्तारी आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ ही भू-जल स्तर में वृद्धि होगी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने जल गंगा संवर्धन अभियान के संबंध में जिले में कराये गये कार्यो के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 12 अमृत सरोवर, 708 खेत तालाब, 127 कुओं का कूप रिचार्ज, 85 रिचार्ज शॉफ्ट, 55 कूप मरम्मत, 110 तालाबों की मरम्मत, 343 रूफवाटर हार्वेस्टिंग सरंचनाओं, 99 परकोलेशन टैंक एवं 175 सोकपिट का निर्माण कराया गया है, बावडियों के पुर्नजीवन के तहत अभी तक 20 बावडियों का जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण हो चुका है, इसके साथ ही 1780 जलदूत बनाये गये है। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती राजेश शर्मा तथा आभार श्री विक्रम जाट द्वारा व्यक्त किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान के जल संरचनाओं के निर्माण, जीर्णोद्धार के उत्कृष्ट कार्य करने के लिए ग्राम पंचायत सिलपुरी की सरपंच श्रीमती अनवई भिलाला, ग्राम पंचायत इकलौद के सरपंच श्री मधु आदिवासी, ग्राम पंचायत रायपुरा के सरपंच श्रीमती रामलेखा मीणा, ग्राम पंचायत सोई सरपंच श्री हरि सिंह मीणा, ग्राम पंचायत बगदिया सरपंच श्री महेश सिंह जादौन, ग्राम पंचायत बर्धाबुजुर्ग सरपंच श्री कप्तान जाट तथा सचिव सिलपुरी श्री राजू आदिवासी, जीआरएस सिलपुरी श्री ओमप्रकाश प्रजापति, जीआरएस गोठरा श्री राजू रावत, मदनपुर सचिव श्री जगमोहन गुर्जर, इकलौद सचिव श्री जयपाल जादौन, जीआरएस श्री संदीप धाकड, रायपुरा जीआरएस श्री मुकेश जाट, जीआरएस बगदिया श्री उजागर सिंह को प्रशस्ती पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा सहायक यंत्री श्रीमती मधु जाटव, उपयंत्री श्री बृज किशोर तोमर, श्री आरडी किरार, श्री संतोष विश्वकर्मा, श्री आशूतोष गौतम, श्री शिवराज शाक्य, श्री खुशीर अहमद को भी सम्मानित किया गया। जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व पाठयक्रम के विद्यार्थीगण तन्वी दुबे, राजल शर्मा, जयप्रकाश प्रजापति, मनोज वैष्णव, मोनू सेन एवं संजू गौर को जल संरक्षण एवं जल संवर्धन अंतर्गत जागरूकता अभियान के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किये गये।

# चारे की खेती पर दो दिवसीय एक्सपोजर विजिट

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में कृषि विभाग अंतर्गत श्योपुर जिलें में संचालित ग्रीन एज प्रोजेक्ट की टीम एवं सीआरपी सदस्यों द्वारा भारतीय घास एवं चारा अनुसंधान संस्थान, अविकानगर जिला टोक राजस्थान की दो दिवसीय एक्सपोजर विजिट कर प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। प्रोजेक्ट से जुडे श्री रामअवतार शर्मा ने बताया कि खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के सहयोग से ग्रीन एज परियोजना का संचालन जिला श्योपुर एवं मुरैना में किया जा रहा है। इसके तहत जीएलआईयू टीम के सदस्य एवं सीआरपी सदस्यों द्वारा 25 एवं 26 जून को उक्त संस्थान का भ्रमण कर बीहड़ों में हो रहे तीव्र मृदा कटाव को रोकने हेतु उपयुक्त चारा फसलों के संबंध में प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। भ्रमण के दौरान अनुसंधान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नागर एवं डॉ. हरि सिंह मीणा ने बताया कि नेपियर घास, अंजान घास, धामन घास एवं गिनी घास जैसी बहु वर्षीय एवं गहरी जड़ वाली चारा फसलें बीहड़ क्षेत्र में मृदा को स्थिर करने में अत्यंत प्रभावी सिद्ध होती हैं। इन फसलों को ढलानों पर पट्टीनुमा पंक्तियों में रोपित करने से जल व मृदा कटाव को रोका जा सकता है। इस दौरान विभिन्न घासों की प्रजातियों, उनके उत्पादन एवं उपयोग के तरीकों को डेमो के माध्यम से व्यवहारिक रूप से समझाया गया। संस्थान के विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न घासों की विशेषताओं, उनकी कटाई, पोषण मूल्य, मिट्टी के कटाव को रोकने मे किस तरह से सहायक हो सकती है, उनके महत्व पर व्यवहारिक डेमो फील्ड पर प्रस्तुत किया गया। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण के दौरान खेत भ्रमण भी किया और घासों की पहचान एवं उपयोग के बारे में गहन जानकारी प्राप्त की। विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि इन प्रयासों से जहां एक ओर भूमि संरक्षण संभव है, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में पशुओं के लिए पोषक एवं स्थायी चारे की उपलब्धता सुनिश्चित होती है, जो स्थानीय ग्रामीणों की आजीविका में भी सहायक सिद्ध हो सकती है।

# कूनो राष्ट्रीय उद्यान पहुंचे पौने चार हजार से अधिक पर्यटक, 1 जुलाई से 30 सितंबर तक पर्यटको के लिए बंद रहेगा पार्क

**श्योपुर ब्यूरो।** पर्यटन वर्ष 2024-25 (1 अक्टूबर 2024 से 30 जून 2025) का आज समापन हो गया। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार आगामी 1 जुलाई से 30 सितम्बर तक सभी राष्ट्रीय उद्यानों में पर्यटकों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। इसी क्रम में अब कूनों नेशनल पार्क में भी पर्यटको की आवाजाही बंद रहेगी। पर्यटको के लिए कूनो नेशनल पार्क 1 अक्टूबर 2025 से खोला जायेगा। डीएफओ कूनो श्री आर थिरूकुराल ने बताया कि इस पर्यटन सीजन में 3 हजार 833 पर्यटक कूनो नेशनल पार्क पहुंचे, जिनमें 3812 भारतीय एवं 21 विदेशी पर्यटक शामिल रहे। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। उल्लेखनीय है कि चीतों को अब खुले जंगलों में छोड़ा जा रहा है, जिससे कूनो का वन्यजीवन और अधिक आकर्षक हो गया है। साथ ही, पर्यटकों की सुविधाओं के विस्तार एवं गाइडों को प्रशिक्षण जैसी व्यवस्थाओं में भी की जा रही है, इन कारणों से आगामी पर्यटन सत्र में पर्यटकों की संख्या में और अधिक बढ़ोतरी की संभावना अपेक्षित है। वन विभाग द्वारा कूनो में पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखते हुए पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की जा रही है।

# बीरपुर में आज से शुरू होगी, भूतेश्वर महादेव पर राम कथा

(चम्बल सुर्खि संवाददाता)

**बीरपुर।** वीरपुर ग्राम पंचायत में भूतेश्वर महादेव स्टेशन रोड पर आज मंगलवार से श्री राम कथा का आयोजन कलश यात्रा के साथ होगा.उसकी पूर्ण तैयारी कर ली गई है. मिडिल स्कूल के पास मंशापूर्ण भोलेनाथ मंदिर से 251 कलश यात्रा निकाली जाएगी. कथा वाचक श्री योगेश जी आचार्य राष्ट्र प्रवक्ता होंगे।

# उपजेल लहार, गोहद एवं मेहगांव का हुआ औचक निरीक्षण



**भिण्ड ब्यूरो।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार उमेश पाण्डव, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिण्ड द्वारा गत दिवस उपजेल लहार, गोहद एवं मेहगांव का औचक निरीक्षण किया गया। उक्त जेल निरीक्षण के दौरान माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा उपजेल लहार, गोहद एवं मेहगांव में जेल में बंदियों को दी जा रही मूलभूत सुविधाओं जैसे भोजन, जल, बिस्तर, साफ-सफाई आदि का विधिवत् रूप से जायजा लिया गया तथा विद्यमान कमियों को दूर करने का कड़ाई के साथ जेल प्रशासन को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही विधिक सहायता के संबंध में बंदियों से पूछताछ की गई तथा ऐसे बंदी जिन्होंने विधिक सहायता की मांग की उन्हें निःशुल्क अधिवक्ता प्रदाय किये जाने हेतु तहसील विधिक सेवा समिति लहार, गोहद एवं मेहगांव को निर्देशित भी किया गया। उक्त अवसर पर सुश्री अनुभूति गुप्ता, न्यायाधीश/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिण्ड, तहसील विधिक सेवा समितियों के अध्यक्ष राकेश बसंल, श्रीमती आरती ए शुक्ला, अनिल कुमार नामदेव, जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष, लहार, गोहद एवं मेहगांव, तहसील विधिक सेवा समिति के कर्मचारीगण एवं उपजेल लहार, गोहद एवं मेहगांव का समस्त स्टॉफ भी उपस्थित रहा।

# 50 दिवस से अधिक समयावधि की सीएम हेल्पलाईन शिकायतों का प्राथमिकता से करें निराकरण - कलेक्टर

### टीएल बैठक में कलेक्टर ने की सीएम हेल्पलाईन तथा विभागीय गतिविधियों की समीक्षा



**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में समय सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभाकक्ष में आयोजित की गई। कलेक्टर श्री श्रीवास्तव द्वारा सीएम हेल्पलाईन, विभागीय गतिविधियों और शासकीय योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री एल.के. पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शिवांगी अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर श्री अंकुर रवि गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव ने विभागवार सीएम हेल्पलाईन शिकायतों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का समयावधि में संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराएं। कोई भी शिकायत निम्न गुणवत्ता से निराकृत या बंद ना हो। उन्होंने 50 दिवस से अधिक समयावधि की लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए जिला अधिकारियों को प्राथमिकता से उनका निराकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह स्वयं गंभीरतापूर्वक शिकायतों को देखें तथा निराकरण कराएं। कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने समस्त कार्यालय की सार्थक एप्लिकेशन के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने के संबंध में समीक्षा की। साथ ही सभी विभाग प्रमुखों को सार्थक उपस्थिति के आधार पर वेतन लगाने निर्देश दिए। उन्होंने सार्थक ऐप पर उपस्थिति नहीं लगाने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वेतन आहरण पर रोक लगाने निर्देश दिए।उन्होंने ईकेवाईसी की समीक्षा कर सीईओ जनपद एवं नगरीय निकाय सीएमओ को समग्र ईकेवाईसी पर विशेष ध्यान देने और कार्य में प्रगति लाने निर्देश दिए। कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने सभी सीईओ जनपद को निर्देशित कर कहा कि सभी गौशाला संचालित रहें कोई गौशाला बंद नहीं रहनी चाहिए। गौशाला बंद पाई जाने पर सरपंच एवं सचिव पर कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने नगरीय निकाय सीएमओ को निर्देशित कर कहा कि शहरी क्षेत्र की सभी गौशाला क्षमता अनुरूप संचालित रहें, गौशाला खाली होने पर भी सड़कों पर गौवंश मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन, सीपी ग्राम शिकायत, मिलावट के विरुद्ध कार्रवाई, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त पत्रों के निराकरण की समीक्षा, सीएम एवं सीएस मॉनिट, टीएल पत्र निराकरण की समीक्षा की एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं की रोकथाम के लिए जन जागरूकता अभियान चलाएं - कलेक्टर

### नारकोटिक्स एवं नशीली दवाओं की रोकथाम एवं बेहतर प्रबंध के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न



**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में नारकोटिक्स एवं नशीली दवाओं की रोकथाम एवं बेहतर प्रबंध के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभाकक्ष में आयोजित की गई। कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव ने निर्देशित कर कहा कि सभी स्कूल एवं कॉलेज में नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं की रोकथाम के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जाए। साथ ही स्कूल एवं कॉलेज में नशा विरोधी कॉर्डिनेटर बनाए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं के रोकथाम के लिए स्कूल कॉलेज परिसर के पास किसी भी प्रकार की पान, तंबाकू, गुटखा एवं अन्य नशीली चीज की दुकान नहीं होना चाहिए और यदि है तो उनको तत्काल हटाएं। साथ ही सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह गोपनीय रूप से जानकारी लेते रहें कि कहीं भी किसी भी प्रकार की नशीली दवाओं का उत्पादन या विक्रय तो नहीं हो रहा है। उन्होंने कृषि विभाग, आबकारी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह गांवों में भी देखें की कहीं भी नशीली फसलों का उत्पादन तो नहीं किया जा रहा है। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री एल.के. पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शिवांगी अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर श्री अंकुर रवि गुप्ता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, उप संचालक कृषि, जिला आबकारी अधिकारी, औषधि निरीक्षक सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# समस्त शालापूर्व शिक्षा केंद्रों का महिला एवं बाल विकास के विभागीय पोर्टल www.mpwcdmis.gov.in पर पंजीयन कराना अनिवार्य

### बिना पंजीकरण के संचालित पाए जाने पर संबंधित शालापूर्व शिक्षा केंद्र पर होगी वैधानिक कार्यवाही

**भिण्ड ब्यूरो।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग भिण्ड ने बताया है कि राष्ट्रीय ई.सी.सी.ई. पॉलिसी 2013 एवं राष्ट्रीय बाल अधिकार सरंक्षण आयोग के निर्देशानुसार प्राइवेट क्षेत्र में पूर्व से संचालित एवं नए संचालित होने वाले शाला पूर्व शिक्षा केंद्रों (प्ले स्कूल, नर्सरी स्कूल, किन्डर गार्डन आदि ) के नियमन एवं निगरानी हेतु जिला अंतर्गत संचालित समस्त शालापूर्व शिक्षा केंद्रों का महिला एवं बाल विकास के विभागीय पोर्टल

www.mpwcdmis.gov.in पर पंजीयन कराना अनिवार्य है। पोर्टल पर पंजीयन की सुविधा उपलब्ध है, बिना पंजीकरण के संचालित पाए जाने पर संबंधित शालापूर्व शिक्षा केंद्र पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

पंजीयन कैसे करें- सर्वप्रथम विभागीय एमआईएस पोर्टल www.mpwcdmis.gov.in पर संस्था का पंजीयन करें। इसके पश्चात पंजीयन क्रमांक को सबमिट करके संस्था की सक्षिप्त जानकारी, आवश्यक अभिलेख, अपलोड करने तथा विभाग द्वारा निर्धारित शुल्क (1000 पंजीयन शुल्क एवं तथा 60 रु. पोर्टल शुल्क) जमा करते ही संस्था का पंजीयन प्रमाण पत्र स्वमेव (Auto Generate) जारी होगा। संस्था के विभागीय पोर्टल पर पंजीयन उपरांत 01 माह की अवधि में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संबंधित शालापूर्व शिक्षा केंद्र का निरीक्षण किया जावेगा।

निरीक्षण के दौरान आवेदक द्वारा प्रस्तुत जानकारी/अभिलेख असत्य/त्रुटिपूर्ण पाए जाने पर नियमानुसार पात्रतापूर्ण न करने की स्थिति में तथा बाल अधिकारों से संबंधित अधिनियमों/नियमों के उल्लंघन पर पंजीयन निरस्त किया जा सकेगा एवं आवेदक/संस्था के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

# पटवारी संघ ने ज्ञापन सौंपा

(चम्बल सुर्खी संवाददाता)



मुरैना.पटवारी संघ द्वारा सोमवार को पटवारियो का वेतन ग्रेडपे उन्नयन करने व समयमान वेतनमान विसंगति मे सुधार करने, कैडर रिव्यू लागू करने, समान कार्य समान वेतन देने, 13माह का वेतन देने, स्वामित्व योजना का मानदेय दिये जाने, नायब तहसीलदार पद हेतु पदोन्नति देने, नवीन पटवारियो को सौ फीसदी वेतन देने , पटवारियो व पटवारी संघ के पदाधिकारियो के विसंगतिपूर्ण स्थानांतरण निरस्त करने साईबर 2.0 के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओ को दूर करने, प्रतिवर्ष समय पर सीआर लिखने, सीपीसीटी परीक्षा से छूट देने व अन्य समस्याओ के समाधान करने हेतु मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को दिया. ज्ञापन मे सूचित किया गया है कि यदि इन न्यायोचित समस्याओ का निराकरण नही किया गया तो जिला मुरैना सहित प्रदेश के समस्त पटवारी सामूहिक हडताल पर रहेंगे. ज्ञापन पटवारी संघ क जिलाध्यक्ष गोरीशंकर, जिला महामंत्री श्री महेश मिश्रा द्वारा सभी तहसीलो के अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष, प्रदेश प्रवक्ता के के शर्मा, प्रांतीय संगठन मंत्री विजय राठौर जिला सचिव सुनील शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष राजेन्द्र निगम, तहसील अध्यक्ष जौरा राम अवतार यादव तहसील अध्यक्ष सबलगढ अमित माँझी तहसील अध्यक्ष मुरेना सुरेन्द्र राठौर तहसील अध्यक्ष पोरसा यतेंद्र सिंह सिकरवार व अन्य मप्र पटवारी संघ के अन्य सभी पदाधिकारियो व जिले के पटवारियो की भारी संख्या में उपस्थिति रहे।

# जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न

### कर्मचारी हितों के लिए आयोजित हुई बैठक



**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभाकक्ष में जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री एल.के. पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शिवांगी अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर श्री अंकुर रवि गुप्ता सहित संबंधित जिला अधिकारी एवं विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करते हुए कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने कहा कि जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक कर्मचारियों से जुड़े आवश्यक मुद्दों पर आयोजित की जाती है। बैठक में कर्मचारियों के हितों से संबंधित कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा मांगे रखी गई एवं विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा की गई। कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने कहा कि प्रतिनिधियों द्वारा दी गई मांगों एवं सुझावों को सूचीबद्ध किया गया है, इसके लिए विभागीय अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के लिए निर्देशित भी किया है। उन्होंने सभी जिला प्रमुखों को माह में एक दिवस बैठक आयोजित कर सभी मामलों का निराकरण करने निर्देश दिए।

# आपदा पुलिस ने कंप्यूटर चोर को पकड़कर भेजा जेल

**बीरपुर।** आबदा पुलिस ने मसावनी बालक छात्रावास से 50हजार कीमत के कंप्यूटर व अन्य सामान के चोरी करने के आरोपी को माल बरामद कर जेल भेजा। दिनांक ,29/6,2025, को थाना आपदा क्षेत्र अंतर्गत अनुसूचित जनजाति बालक आश्रम मसाबननी से चोरी गए एसर कंपनी का ब्लैक कलर का मॉनिटर की बोर्ड सीपीयू सैमसंग कंपनी का एक प्रिंटर स्टेनजर कंपनी का माइक मय मशीन अन्य सामान कीमती करीबन 50000 का सामान.कोई अज्ञात चोर चुरा कर ले जाने की रिपोर्ट की गई थी. दिनांक 30/6/2025/ को अज्ञात चोर व चोरी गए माल की पतारसी हेतु हेतु मुखबीर तंत्र सक्रिय किया व बहुत प्रयास किय जिसमें 24 घंटे से पूर्व अज्ञात चोर घनश्याम उर्फ लाल पुत्र बीरबल जाटव उम्र 35 साल निवासी तलवाड़ा को पकड़ा. हुआ चोरी गए माल को बरामद कर जेल भेजा गया, उक्त संपूर्ण कार्रवाई में उप निरीक्षक राहुल रघुवंशी सहायक उप निरीक्षक टीकाराम रावत प्रधान आरक्षक रविंद्र सिंह तोमर धर्मेंद्र सिंह तोमर सुनील भार्गव, रमेश विनोद कुशवाहा राकेश कुशवाहा लखन अखंड मदन पटेलिया का विशेष योगदान रहा।



# संविधान में शिक्षा का अधिकार भविष्य की नींव का काम करता है - जयसिंह जादौन

(चम्बल सुर्खी संवाददाता)

बीरपुर मेरी पहचान संविधान अभियान के तहत शिक्षा व संविधान बिषय पर कार्यशाला हुई.जिसमें मुख्य वक्ता शिरिष कुमार थे. कार्यक्रम का संचालन करते हुए समाजसेवी जयसिंह जादौन ने कहा कि संविधान में शिक्षा का अधिकार एक मजबूत भविष्य की नींव है.भारतीय संविधान में शिक्षा को एक मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी गई है। यह अधिकार न केवल व्यक्तियों को शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है, बल्कि समाज के विकास और प्रगति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# जिन पुल-पुलियों के ऊपर से पानी बहता है उन सभी पर लगाएं ड्रॉप गेट व शाइनेज

## अंतरविभागीय समन्वय बैठक में कलेक्टर श्रीमती चौहान ने दिए निर्देश, शासन के प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों की हुई समीक्षा



**ग्वालियर।** जिले में बरसात के दौरान जिन पुल-पुलियों के ऊपर से पानी बहने की स्थिति बनती है, ऐसे शत-प्रतिशत पुल-पुलियों पर ड्रॉप गेट व आम लोगों को सावधान करने के लिये शाइनेज बोर्ड लगाए जा रहे हैं। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने अंतरविभागीय समन्वय बैठक में इसका प्रजेंटेशन देखा। साथ ही सड़क एवं पुल-पुलियों के निर्माण से जुड़े विभागों के अधिकारियों को शेष पुल-पुलियों पर शाइनेज लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्र में इसका सत्यापन कराने की हिदायत दी है। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने सभी पुल-पुलियों पर लगाए गए शाइनेज व ड्रॉप गेट के फोटोग्राफ मांगे हैं। सोमवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई अंतरविभागीय समन्वय बैठक में समग्र व राशन ईकेवायसी, वृक्षारोपण, आधार पंजीयन, जल गंगा संवर्धन अभियान, जिले के पॉलीटेक्निक कॉलेज में प्रवेश व सीएम हैल्पलाइन सहित शासन के अन्य प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार, अपर कलेक्टर श्री कुमार सत्यम व श्री टी एन सिंह, जिले के सभी एसडीएम एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने विशेष जोर देकर कहा कि किसी भी जर्जर स्कूल भवन के कक्ष में स्कूल की कक्षायें कदापि न लगाई जाएं। भवन जर्जर होने पर नजदीकी शासकीय भवन में कक्षायें संचालित की जा सकती हैं। जर्जर भवन की सूचना तत्काल जिला पंचायत सीईओ को दी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में संचालित सभी विभागों के छात्रावासों की पानी की टंकियों की साफ-सफाई व क्लोरीनेशन कराएं। साथ ही स्कूल परिसर में बरसात की वजह से उग आए घास-फूस व झाड़ियों की सफाई व बिजली वायरिंग की जाँच भी प्रमुखता से कराई जाए। यदि किसी छात्रावास व स्कूल के कक्ष में पानी टपकने की स्थिति बनी हो तो वाटर प्रूफिंग के साथ-साथ तात्कालिक रूप से तिरपाल भी लगवाई जाए। उन्होंने सहायक आयुक्त जनजाति कल्याण, जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ इन कामों को अंजाम देने के निर्देश दिए। अंतरविभागीय समन्वय बैठक में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि विशेष दल गठित कर जिले में संचालित सभी पेट्रोल पंपों की जाँच कराएं। जाँच के दौरान पेट्रोलियम तेलों की गुणवत्ता व माप यंत्रों की बारीकी से जाँच की जाए। बैठक में बताया गया कि जिले में 200 पेट्रोल पंप संचालित हैं। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जिले के सभी विकासखंडों के सीईओ व नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए कि कन्या विवाह एवं कल्याणी योजना के तहत आए आवेदनों का जल्द से जल्द सत्यापन करें। यदि सत्यापन में देरी की वजह से भुगतान में देरी हुई तो संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने सीएम हैल्पलाइन में आई कल्याणी योजना से संबंधित एक शिकायत के निराकरण में अनावश्यक देरी सामने आने पर भितरवार जनपद पंचायत के संबंधित लिपिक की एक वेतन वृद्धि रोकने के लिये कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी एसडीएम से कहा कि विवाह सहायता योजना के प्रकरणों का निराकरण तेजी से कराएं। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने कहा कि जिले में उपलब्ध सभी आधार मशीनों का भरपूर उपयोग करें और आधार अपडेशन के काम को जल्द से जल्द कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रायवेट आधार संशोधन केन्द्रों के बाहर इस आशय का फ्लैक्स लगवाएं कि वहाँ आधार से संबंधित कौन-कौन से कार्य किए जाते हैं। कलेक्टर ने विशेष बल देकर कहा कि बैंकों में उपलब्ध पब्लिक यूज वाली आधार मशीनों को बैंक के आहर लगवाएं, जिससे उनका अधिक से अधिक उपयोग हो। साथ ही कहा कि जो बैंक आधार अपडेशन कार्य में ढ़िलाई बरतेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई प्रस्तावित की जायेगी। एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान के तहत जिले में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण किया जायेगा। अंतरविभागीय समन्वय बैठक में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने सभी विभागों के अधिकारियों को लक्ष्य के अनुसार गड्ढे तैयार कर पौधे रोपने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पानी व सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के साथ पौधे रोपे जाएं। स्थानीय वन व उद्यानिकी विभाग की नर्सरी से उचित दाम पर पौधे प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने खेतों की मेड़, नहरों व तालाबों के किनारे, स्कूल परिसर, बाउण्ड्रीवॉल युक्त शासकीय भवन परिसर इत्यादि में भी पौधे रोपने के लिये कहा। साथ ही निर्देश दिए कि रोपे गए पौधे के साथ सेल्फी लेकर वायुदूत एप पर अपलोड करें। कलेक्टर ने सरकारी स्कूलों के साथ-साथ प्राइवेट स्कूलों के परिसर में भी पौधरोपण कराने के लिये कहा।

# धरती आबा जनभागीदारी अभियान के तहत हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम

## जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश जाटव एवं कलेक्टर श्रीमती चौहान ने बाँटे स्वीकृति पत्र



**ग्वालियर।** धरती आबा जनभागीदारी अभियान में शामिल ग्वालियर जिले के 10 आदिवासी बहुल गाँवों में अनुसूचित जन जाति के शेष पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित कराने के लिये 15 से 30 जून तक विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के आखिरी दिन जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुँवर सिंह जाटव के मुख्य आतिथ्य एवं कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, जनपद पंचायत घाटीगाँव की अध्यक्ष श्रीमती सरला राठौर व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार की मौजूदगी में आयोजित हुए कार्यक्रम में जनजाति के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र सौंपे गए। जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश जाटव ने इस अवसर पर कहा कि धरती आबा अभियान से अनुसूचित जनजाति के लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव आ रहा है। सरकार की मंशा है कि अनुसूचित जनजाति के लोग न केवल आत्मनिर्भर बनें, बल्कि सम्मानपूर्वक अपना जीवन जिएं। इसी भाव के साथ प्रधानमंत्री जनजाति जनभागीदारी अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने कार्यक्रम में मौजूद अनुसूचित जनजाति के हितग्राहियों से कहा कि वे अपने गाँव की ग्राम सभा में भाग लेकर ऐसे कामों को चिन्हित करें, जिससे गाँव की तरक्की हो। उन्होंने आह्वान किया कि नए शिक्षा सत्र में गाँव का कोई भी बच्चा स्कूल में दाखिल होने से वंचित नहीं रहना चाहिए। बच्चे न केवल स्कूल में प्रवेश लें बल्कि हर रोज पढ़ने भी आएं। आप सबके बच्चे भी पढ़ लिखकर उद्यमी व आईएएस व आईपीएस के साथ विभिन्न क्षेत्रों में सफलता हासिल कर सकते हैं। धरती आबा अभियान के तहत चलाए गए 15 दिवसीय विशेष अभियान के आखिरी दिन यहाँ पुराने झांसी रोड पर शासकीय अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास परिसर में आयोजित हुए कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पाँच हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र, 10 आयुष्मान कार्ड व 6 आधार कार्ड वितरित किए गए। साथ ही सरकार की अन्य योजनाओं के तहत हितलाभ बाँटे गए। अभियान के तहत पिछले 15 दिनों के दौरान जिले के चिन्हित 10 ग्रामों में सरकार की 30 योजनाओं से अनुसूचित जनजाति के हितग्राहियों को लाभान्वित कराया गया।

आरंभ में अतिथियों ने भगवान बिरसा मुण्डा व बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सहायक आयुक्त जनजाति कल्याण एवं संयुक्त कलेक्टर श्री सुरेश कुमार बरहादिया ने अभियान पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# खेत तालाब बनाने में पूरे प्रदेश के लिये मिसाल बना ग्वालियर जिला, जितने तालाब पिछले 8 साल में कुल मिलाकर बने, उससे ज्यादा इस साल किए तैयार

## खेत तालाब बनवाने वाले जल योद्धाओं का कलेक्टर श्रीमती चौहान ने किया सम्मान, जिले में 900 खेत तालाब व 842 डगवैल बनाए गए



**ग्वालियर।** वर्षा जल सहेजने के लिये संरचनायें बनाने में ग्वालियर जिला पूरे प्रदेश के लिये मिसाल बनकर सामने आया है। जिले ने यह उपलब्धि बड़े पैमाने पर खेत तालाब बनाकर हासिल की है। ऐसी धारणा बन चली थी कि ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में किसानों को खेत तालाब बनाने के लिये प्रेरित करना बड़ा मुश्किल काम है। पर इस साल के जल गंगा संवर्धन अभियान में साझा प्रयासों से ग्वालियर जिले के विभिन्न गाँवो में 900 से अधिक खेत तालाब बन चुके हैं। खेत तालाबों की यह संख्या पिछले 8 सालों में बने कुल खेत तालाबों से ज्यादा है। पिछले 8 सालों में कुल मिलाकर जिले में मात्र 130 खेत तालाब बन पाए थे। इस साल बड़ी संख्या में खेत तालाब बनवाने में योगदान देने वाले 20 ÷जल योद्धाओं÷ को कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने सोमवार को प्रशस्ति पत्र व शील्ड सौंपकर सम्मानित किया। इस साल जब सम्पूर्ण प्रदेश के साथ ग्वालियर जिले में भी गत मार्च माह से जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू हुआ तो खेत तालाब बनवाने के प्रयास शुरू हुए। शुरूआत ग्रामीणों ने इसमें कोई खास रुचि नहीं दिखाई। पर जब कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान की पहल पर जिला पंचायत सीईओ श्री विवेक कुमार ने विशेष दल गठित कर गाँव-गाँव में खेत तालाब के फायदे बताकर लोगों को प्रेरित कराया गया तो इसके सुखद परिणाम सामने आने लगे । शासन से जिले को इस साल 789 खेत तालाब बनाने का लक्ष्य मिला। जिले में लक्ष्य से भी ज्यादा 905 खेत तालाब बनवाए गए हैं। खेत तालाब बनवाने में ग्राम पंचायतों के सरपंच सचिव ग्राम रोजगार सहायक, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री व उपयंत्री एवं जनपद पंचायत सीईओ ने ÷जल योद्धा÷ की भूमिका निभाई। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में इस साल लक्ष्य से ज्यादा खेत तालाब ही नहीं बने, बल्कि डगवैल रीचार्ज व अमृत सरोवर भी लक्ष्य से ज्यादा बनवाए गए हैं। जिले को 600 डगवैल रीचार्ज का लक्ष्य मिला था। इसके विरूद्ध 842 डगवैल रीचार्ज का कार्य जिले में किया गया है। इसी तरह 12 अमृत सरोवर के लक्ष्य के विरूद्ध 14 अमृत सरोवर जिले में बन रहे हैं। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान द्वारा जिन जल योद्धाओं को सम्मानित किया गया, उनमें जनपद पंचायत मुरार के अंतर्गत ग्राम पंचायत आरोली के सरपंच श्री छविराज कुशवाह, किरावली पंचायत के सचिव श्री फूलसिंह गौड़ व ग्राम पंचायत खेड़ा के ग्राम रोजगार सहायक श्री मतवार सिंह राणा शामिल हैं। इसी तरह जनपद पंचायत डबरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत अरूसी की सरपंच श्रीमती सुमन मांझी, भैंसनारी के सचिव श्री बृजकिशोर बाथम व लधेरा के ग्राम रोजगार सहायक श्री हेमंत सिंह कुशवाह, जनपद पंचायत घाटीगाँव के अंतर्गत ग्राम पंचायत पवा के सरपंच श्री महिपत सिंह गुर्जर, चैत की सचिव श्रीमती ममता यादव व रेंहट के ग्राम रोजगार सहायक श्री अरविंद उपाध्याय को सम्मानित किया गया। इनके अलावा डबरा जनपद पंचायत की सीईओ श्रीमती ऊषा पी शर्मा, मुरार के सहायक यंत्री श्री वाय एस परिहार व एडीशनल सीईओ श्री मुकेश सगर, उपयंत्री श्री मनोज श्रीवास्तव, घाटीगाँव के उपयंत्री श्री राजेन्द्र शर्मा, डबरा के उपयंत्री श्री रामनिवास शाक्य, भितरवार के उपयंत्री श्री रामअवतार सिंह व घाटीगाँव के सहायक यंत्री श्री आलोक तोमर शामिल हैं। सम्मानित होने वाले जल योद्धाओं में जनपद पंचायत घाटीगाँव के उपयंत्री श्री राजेन्द्र शर्मा के प्रयास विशेष उल्लेखनीय हैं। उनकी दोनों किडनी खराब हैं और हफ्ते में दो बार डायलेसिस भी होती है। इस सब की परवाह न कर वे अकसर मैदान में पहुँचकर किसानों को खेत तालाब बनाने के लिये प्रेरित करते। उनके प्रयासों से 37 खेत तालाब बनकर तैयार हुए हैं। राजेन्द्र शर्मा का शासकीय सेवा में 30 जून आखिरी दिन था। अपनी सेवानिवृत्ति के आखिरी रोज जब कलेक्टर श्रीमती चौहान ने शील्ड और प्रशस्ति पत्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया तो वे भावुक हो गए।

# संभागीय आयुक्त श्री खत्री ने की जीडीए के विकास योजनाओं की समीक्षा




**ग्वालियर।** ग्वालियर विकास प्राधिकरण में किए जा रहे कार्यों एवं भविष्य की योजनाओं की समीक्षा सोमवार को ग्वालियर संभाग के आयुक्त श्री मनोज खत्री ने की। उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तार से समीक्षा कर प्राधिकरण के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त कार्यालय के सभागार में प्राधिकरण के कार्यों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय, डीएफओ श्री अंकित पाण्डेय, ग्वालियर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नरोत्तम भार्गव, संयुक्त संचालक ग्राम एवं नगर निवेश की कुशवाह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। संभागीय आयुक्त श्री खत्री ने ग्वालियर विकास प्राधिकरण की योजनाओं की समीक्षा की। इसके साथ ही भविष्य की योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की।

# जिले में अब तक 186.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**मुरैना,कांस।** मुरैना जिले में 01 जून से 30 जून, 2025 तक 186.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है, जो गत वर्ष की तुलना में 76.5 मिलीमीटर वर्षा अधिक है। पिछले वर्ष इसी अवधि में 110.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख मुरैना ने बताया कि जिले में 01 जून से 30 जून तक सर्वाधिक वर्षा पोरसा में 285 मिलीमीटर दर्ज की गई है। मुरैना में 209.6, सबलगढ़ में 209, जौरा में 164, कैलारस 150 और अम्बाह तहसील में सबसे कम 103.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। 30 जून, सोमवार को सर्वाधिक 42 मिलीमीटर वर्षा पोरसा में दर्ज की गई है। अम्बाह 8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जबकि मुरैना, जौरा, कैलारस और सबलगढ़ में वर्षा निरंक पायी गई है।

# जौरासी में डॉ. भीमराव अंबेडकर धाम के द्वितीय चरण के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वीकृत कराई

## 12 करोड़ से अधिक राशि, डॉ. अंबेडकर के विचारों को साकार करेगा यह प्रेरणास्पद धाम

**ग्वालियर।** ग्वालियर में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की स्मृति में निर्मित किए जा रहे ÷अंबेडकर धाम÷ के द्वितीय चरण के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 12 करोड़ 16 लाख 42 हजार रूपए की राशि स्वीकृत कराई गई है। यह राशि राज्य स्तरीय डीएमएफ मद से स्वीकृत की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर के विचारों के अनुरूप सामाजिक न्याय, समरसता और समानता के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने की उद्देश्य से अम्बेडकर धाम को भव्य रूप देने का निर्णय लिया है। इसी उद्देश्य से द्वितीय चरण के लिये उन्होंने धनराशि मंजूर कराई है। अम्बेडकर धाम निर्मित करने का उद्देश्य डॉ. अंबेडकर के संघर्ष, विचार और संवैधानिक मूल्यों को भावी पीढ़ियों तक पहुँचाना है। इस स्थल पर न केवल उनकी स्मृति को संजोया जाएगा, बल्कि यह शिक्षा, अध्ययन और प्रेरणा का एक जीवंत केंद्र भी बनेगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गत 28 जून को ग्वालियर प्रवास के दौरान जौरासी स्थित भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर धाम का अवलोकन करने के साथ ही द्वितीय चरण शीघ्र प्रारंभ करने की बात भी कही थी। मुख्यमंत्री द्वारा ग्वालियर में की गई घोषणा के तीन दिन के भीतर द्वितीय चरण के लिये प्रस्ताव अनुरूप 12 करोड़ 16 लाख 42 हजार रूपए की राशि स्वीकृत करा दी है। डॉ. अम्बेडकर धाम के प्रथम चरण में ग्राउण्ड फ्लोर पर 10 मीटर ङ्ग 15 मीटर के 6 म्यूजियम हॉल, एक लाइब्रेरी 200 क्षमता का एक ऑडिटोरियम एवं म्यूजियम शॉप इत्यादि का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही द्वितीय चरण में भवन के प्रथम फ्लोर प्रांगण में गेस्ट हाउस, सड़क, पार्किंग, लाइट एण्ड साउण्ड शो आदि के स्ट्रक्चर का निर्माण कार्य कर अम्बेडकर धाम को भव्य स्वरूप प्रदान किया जायेगा।

# अनुकम्पा नियुक्ति के आदेश मिले तो खिले चेहरे

## कलेक्टर श्रीमती चौहान ने अनुसूचित जाति के पाँच आवेदकों को सौंपे नियुक्ति पत्र

**ग्वालियर।** विभाग में पद रिक्त न होने से अनुकम्पा नियुक्ति की बाट जोह रहे जिले के अनुसूचित जाति के पाँच आवेदकों को जिला प्रशासन के प्रयासों से नौकरी मिल गई है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने सोमवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में इन सभी को जब संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण शाला (आईटीआई) में सहायक वर्ग-3 पर नियुक्ति के आदेश सौंपे तो इन सभी के चेहरे खुशी से खिल गए। आवेदकों ने अनुकम्पा नियुक्ति देने के लिये राज्य सरकार व जिला प्रशासन के प्रति धन्यवाद जताया। अनुकम्पा नियुक्ति आदेश सौंपकर कलेक्टर श्रीमती चौहान ने सभी आवेदकों को बधाई व शुभकामनायें दीं। साथ ही कहा कि आप सब मल लगाकर शासकीय दायित्वों का निर्वहन करें। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने विभाग में रिक्त पदों की जानकारी जल्द से जल्द जिला प्रशासन को उपलब्ध कराएं। साथ ही यदि रिक्त पद राज्य संवर्ग का हो तो उसकी भी जानकारी दें, जिससे अनुकम्पा नियुक्ति के अनारक्षित वर्ग के प्रकरणों का निराकरण किया जा सके। अनुकम्पा नियुक्ति पत्र प्रदान करते समय जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार, अपर कलेक्टर श्री कुमार सत्यम व श्री टी एन सिंह एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण शाला के प्राचार्य श्री महेश आर्य उपस्थित थे।

### इन लोगों को मिली अनुकम्पा नियुक्ति

श्री मोहित भदकारिया, श्री अनिरुद्ध श्रीवास्तव, कुमारी रोहिनी मौर्य, श्री महेश नायक व श्रीमती नीरज माहौर को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण शाला में सहायक वर्ग-3 के पद पर नौकरी मिली है।

# भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के तहत आवेदन माँगे

## अनुसूचित जनजाति के युवाओं को स्वयं का उद्यम स्थापित करने के लिये मिलेगी आर्थिक मदद

**ग्वालियर।** अनुसूचित जनजाति वर्ग के जिले के युवाओं को भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के तहत स्वयं का उद्यम स्थापित करने के लिये आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जायेगी। इसके लिये 31 जुलाई तक आवेदन माँगे गए हैं। मध्यप्रदेश आदिवासी वित्त एवं विकास निगम द्वारा संचालित इन योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिये आवेदन पत्र ऑनलाइन पोर्टल samast.mponline.gov.in पर भरे जा सकते हैं। साथ ही इसकी हार्डकॉपी शारदा विहार सिटी सेंटर स्थित सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एवं शाखा प्रबंधक आदिवासी वित्त एवं विकास निगम के कार्यालय में जमा करनी होगी। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना के तहत एक से 50 लाख रूपए तक की आर्थिक सहायता बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती है। सरकार द्वारा नियमित रूप से ऋण भुगतान की शर्त पर 5 प्रतिशत अथवा वास्तविक जो भी कम हो, की दर से 7 वर्षों तक ब्याज अनुदान उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही गारंटी फीस भी सरकार देती है। इस योजना के तहत जिले को पाँच इकाईयाँ स्थापित करने का लक्ष्य मिला है। टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के तहत 10 हजार रूपए से एक लाख रूपए तक की आर्थिक सहायता बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती है। जिसके लिये सरकार द्वारा पाँच वर्षों तक 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान एवं गारंटी फीस दी जाती है। इस योजना के तहत जिले में 24 युवाओं को लाभान्वित कराने का लक्ष्य है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये आवेदक की आयु 18 से 55 वर्ष के मध्य हो और परिवार आयकरदाता न हो। टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के तहत 24 इकाईयों का लक्ष्य मिला है। विस्तृत जानकारी के लिए शारदा विहार सिटी सेंटर स्थित सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एवं शाखा प्रबंधक आदिवासी वित्त एवं विकास निगम के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

# स्वच्छता में लापरवाही बरतने पर चार अधिकारियों को नोटिस जारी

**ग्वालियर।** स्वच्छता के कार्य में लापरवाही बरतने पर प्रभारी उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता, प्रभारी स्वच्छता अधिकारी श्री किशोर चौहान, प्रभारी उपयंत्री जलप्रदाय, सीवर श्री आदित्य पाण्डेय एवं प्रभारी वार्ड हेल्थ ऑफिसर श्री रवि चंडालिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के जारी आदेशानुसार शहर की साफ सफाई व्यवस्था में संबंधित अधिकारियों द्वारा लापरवाही बरतने के कारण शहर की सफाई की स्थिति काफी गंभीर है तथा अधिकारियों द्वारा निरंतर निर्देश के बाद भी क्षेत्र में जाकर निरीक्षण नहीं किया जा रहा है। जिसके चलते शहर में निगम की छवि धूमिल हो रही है। इसी को देखते हुए निगमायुक्त श्री संघ प्रिय ने प्रभारी उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता, प्रभारी स्वच्छता अधिकारी श्री किशोर चौहान, प्रभारी उपयंत्री जलप्रदाय, सीवर श्री आदित्य पाण्डेय एवं प्रभारी वार्ड हेल्थ ऑफिसर श्री रवि चंडालिया को कारण बताओ नोटिस जारी किये हैं।

# निगम सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को दी विदाई



**ग्वालियर।** सभापति श्री मनोज तोमर ने कहा कि आज निगम सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारी स्वस्थ रहें, जिस प्रकार निगम की सेवा पूरे मन से की है उसी प्रकार अब पूरे मन से परिवार को समय देना। इस अवसर पर सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों को शॉल, श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा कर्मचारियों के पीएफ की राशि बैंक खाते में पहुँचाई गई। इस अवसर पर उपनेता सत्तापक्ष श्री मंगल यादव आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सचिव श्री बृजेश श्रीवास्तव ने किया। जलविहार स्थित सभा भवन में आयोजित सेवानिवृत कर्मचारियों के विदाई समारोह आज सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों में सा.प्र. विभाग से श्री संजीव मिश्रा, पार्क से श्री महेश कुशवाह, उप स्वच्छता पर्यवेक्षक श्री लक्ष्मण पुत्र श्री रामदयाल, सफाई संरक्षक श्री जगदीश पुत्र श्री रामप्रसाद आदि शामिल हैं। विदाई समारोह में निगम के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नाका चंद्रवनी चौराहा एवं संभागीय आयुक्त कार्यालय के आस पास से हटाया अस्थाई अतिक्रमण



**ग्वालियर।** शहर में सुगम यातायात के लिए नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा निरंतर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके अंतर्गत शहर के सभी प्रमुख मार्केट एवं सडकों पर अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया गया। मदाखलत अधिकारी श्री केशव सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशन तथा उपायुक्त श्री सत्यपाल सिंह चौहान के दिये गए निर्देश के पालन में पूर्व विधानसभा अंतर्गत नाकाचंद्रवनी चौराहा एवं संभागीय आयुक्त कार्यालय के आस पास झांसी रोड़ पर फुटफाथ एवं मुख्य मार्गो पर खड़े हाथ ठेले एवं गुमटियों को हटाया जाकर हाथ ठेला, गुमटी, काउन्टर, दुकानों के बाहर रखे स्टैंड बोर्ड आदि सामान जप्त कर मदाखलत कार्यालय भेजा गया। उक्त कार्यवाही मदाखलत निरीक्षक विशाल जाटव एवं मदाखलत अमला मौजूद रहा।

# दुकानदारों एवं ठेले वालों ने सड़क पर फैलाई गंदगी, वसूला जुर्माना

**ग्वालियर।** शहर स्वच्छ व साफ रहे इसलिए गंदगी फैलाने वालों, अमानक पॉलीथिन, गोबर नालियों में बहाने वालों एवं भवन सामग्री सडक पर डालने वालों पर निगम द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी श्री वैभव श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई निरंतर की जा रही है, जिसके तहत आज वार्ड 61 खुरैरी हाईवे पुल से आर्मी चौराहा तक दुकानदारों एवं ठेले वालों द्वारा सडक पर गंदगी फैलाने पर 14800 रूपये का जुर्माना किया गया। स्वास्थ्य अधिकारी श्री मुरारी लाल रिथोरिया, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री विवेक त्यागी, मदाखलत निरीक्षक श्री श्रीकांत सेन, श्री आजाद खान, डब्ल्यूएचओ श्री जागेश पाथरे, श्री अशोक घोलकर उपस्थित रहे।



# निगमायुक्त ने किया क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 10 का निरीक्षण, देखी रैन वाटर हार्वेस्टिंग



**ग्वालियर।** नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 10 का निरीक्षण किया तथा क्षेत्रीय कार्यालय पर वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य को देखा। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 10 का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान समस्त स्टाफ की सार्थक ऐप के माध्यम से हाजिरी चेक की गई एवं कार्यालय पर की गई रेन वाटर हार्वेस्टिंग को चेक किया। इसके साथ ही नामांकन के प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में करने के निर्देश संबंधित क्षेत्राधिकारी को दिए। साथ ही संपत्ति कर टीसी को संपत्ति कर वसूली के संबंध में निर्देश दिए गए एवं मौके पर उपस्थित डब्ल्यूएचओ को कार्यालय में साफ सफाई के लिए निर्देशित किया गया। इसके साथ ही ईकेवाईसी के कार्य को देखा। ईकेवायसी की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त की तथा ईकेवायसी के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

## संपादकीय

# लॉग-इन जानकारियां लीक होना खतरा

वह कंपनी ही क्या जिसके डेटाबेस तक साइबर अपराधियों की खुली पहुंच हो जाए। गूगल, फेसबुक और एप्पल सहित तमाम कंपनियों ने अपनी लापरवाही से आपकी सारी निजी जानकारी गलत हाथों में पड़ जाने का खतरा पैदा कर दिया है। अपराधी इसका कैसा इस्तेमाल करेंगे और उसका आपके जीवन पर कैसा असर होगा यह सोच कर ही रूह कांप जाती है। कल तक जो आशंका मात्र थी वह अब भयावह सच में बदलने जा रही है। साइबर सुरक्षा संस्थान साइबर न्यूज का कहना है कि अरबों की संख्या में 'लॉग-इन क्रेडेंशियल' लीक होने के बाद ऑनलाइन डेटासेट में संकलित हो गए हैं, जिससे अपराधियों को उपयोगकर्ताओं के खातों तक पहुंच मिल गई है। इससे न बैंक खाते सुरक्षित रहेंगे और न आपकी अन्य निजी जानकारियां जैसे चिकित्सकीय ब्योरे इत्यादि। हर वह खाता खतरे में है जिसे आप कंप्यूटर या मोबाइल पर किसी काम के लिए बनाते हैं। आपके ईमेल के जरिए किए गए संवाद व पत्र व्यवहार अपराधियों की जद में होंगे। आपकी ऑनलाइन खरीद, रुचियां अैरअन्य कार्य अपराधियों की जानकारी में होंगे। वे आपको धमका सकते हैं, ब्लैकमेल कर सकते हैं, यहां तक कि आपको आत्मघाती कदम उठाने पर भी मजबूर कर सकते हैं। साइबरन्यूज शोधकर्ताओं ने 30 डेटासेट का पता लगा है, जिनमें से प्रत्येक में बड़ी संख्या में लॉग-इन जानकारी दी गई है। कुल मिला कर 16 अरब से अधिक लॉग-इन जानकारियां लीक हुई हैं, जिनमें गूगल, फेसबुक और एप्पल समेत कई लोकप्रिय प्लेटफॉर्म के उपयोगकर्ताओं के पार्सवड शामिल हैं। इतनी लाग-इन जानकारियां लीक हो चुकी हैं, जो दुनिया की आबादी के दो गुने से भी ज्यादा हैं। इसका मतलब हुआ किप्रभावित उपभोक्ताओं के एक से अधिक खातों की जानकारी लीक हुई है। चौंकाने वाली बात यह है कि लॉग-इन जानकारी लीक होने की सूचना किसी एक स्रेत से नहीं आई है यानी ऐसा नहीं है कि किसी एक कंपनी को निशाना बना कर जानकारी लीक गई हो। लगता है कि अलग-अलग समय पर डेटा चुराया गया और इकट्ठा लीक किया गया। साइबरन्यूज का कहना है कि कई तरह के 'इंफोस्टीलर्स' इसके लिए सबसे अधिक जिम्मेदार हैं। 'इंफोस्टीलर' ऐसा सॉफ्टवेयर होता है जो पीड़ित के डिवाइस या सिस्टम में सेंध लगा कर संवेदनशील जानकारी चुरा लेता है। इस हरकत के लिए किसी भी प्लेटफार्म को बख्शा नहीं जाना चाहिए।

# 'जहां हर मुराद होती है पूरी, आस्था का अद्भुत केंद्रः स्वामीजी मंदिर जौंहा'





जौंहा ग्राम, अंबाह तहसील में स्थित श्री स्वामीजी मंदिर, लोगों की आस्था का अद्भुत केंद्र बना हुआ है प्रत्येक पूर्ण मासी को हजारों लोग स्वामी जी महाराज के समाधि स्थल की परिक्रमा करते हैं जहां स्वामी जी महाराज ने अपने जीवन के 370बसंत पूर्ण कर जिंदा समाधि लिए हैं भक्तों का ऐसा मानना है आज 550साल बाद भी समाधि स्थल से राम नाम की आवाज साधक संतो को सुनाई पड़ती है

**मंदिर पर श्री ठाकुर जी श्री राम जानकी और गोपाल की अष्टधातु मूर्ति प्रतिष्ठित है,**

एक पूज्यीय स्थल के रूप में जाना जाता है। यह मंदिर लगभग 700 साल पुराना बताया जाता है, और ठाकुरजी का मंदिर भी यहीं स्थित है। हर वर्ष वैसाख पूर्णिमा के दिन स्वामी जी महाराज के समाधि स्थल पर एक मेले आ आयोजन सदियों से भक्त लोग करते आ रहे जिसमें संपूर्ण भारत वर्ष भक्त लोग स्वामी जी महाराज के चरणो की सेवा अर्चना कर बाबा का आशीर्वाद लेते है

**स्वामी जी महाराज की कृपा से सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है**

। जौंहा गांव के आसपास के अनगिनत गांवों - बीलपुर, कुथियाना, ऐसाह, शिखारी पुरा, श्यामपुर कचनौदा, भकरोली आदि - से हजारों की संख्या में भक्तगण एकत्रित होकर भव्य मेले में भजन कीर्तन और स्वामी जी महाराज की महिमा का गुणगान करते हैं। और भक्तगण स्वामीजी महाराज के दर्शन का परम लाभ प्राप्त कर आध्यात्मिक शांति प्राप्त करते हैं ।

**परम पूज्य श्री स्वामी जी महाराज**


बड़े ही विलक्षण संत थे उन्होंने पूरा जीवन त्याग तपस्या परोपकार मै प्रभु को अर्पण कर उस परम पद को प्राप्त किया जो योगी यति संन्यासियों के लिए भी दुर्लभ है स्वामी जी महाराज आज भी श्रद्धा के रुप में भक्तों के ह्रदय में विराजमान है श्री स्वामीजी महाराज का जन्म 1200 ईस्वी के लगभग जौरा तहसील के निधान गांव में हुआ श्री स्वामी जी महाराज जन्मजात सिद्ध पुरुष थे । बचपन मै ही प्रभु भक्ति से कई चमत्कार किए उनका बचपन का नाम नारायण था। जो अपने तीन भाई बहन मै सबसे छोटे थे और आजीवन ब्रह्मचर्य धारण किया एक किंवदंती के अनुसार, एक बार स्वामी नारायणदास हरिद्वार में कुंभ स्नान के लिए गए थे, लेकिन धर्मशाला में उन्हें जगह नहीं मिली। वहां के लोगों ने उनसे कहा कि महाराज, इस मृत कुत्ते को फेंक दें, आपके ठहरने की जगह हो सकती है। स्वामीजी ने वहीं पड़े मृत कुत्ते पर अपने कमंडल से जल छिड़काव किया, और चमत्कारिक रूप से वह कुत्ता जीवित हो उठा। इस घटना के बाद हरिद्वार में उनकी जय-जयकार होने लगी। इस चमत्कार को आगरा के एक सेठ ने अपनी आंखो से देखा और वो स्वामी जी महाराज का परम भक्त बन गया देवयोग से दो साल बाद उस सेठ के बालक की मौत हो गई सेठ ने अपना बालक लेकर स्वामी नारायण दास जी के चरणों में डाल कर सिर पटक कर रोने लगा और अपने प्राण देने के लिए आतुर हो गया संत तो करुणा मय होते हैं स्वामी जी महाराज का ह्रदय भी करुणा से भर आया स्वामी जी महाराज ने अपने भैया भाभी से एक बालक मांगा। बालक मिलने पर, स्वामीजी ने उस बच्चे की प्राण ज्योति अपने तपस्या से खींचकर सेठ के बच्चे के शरीर में डाल दी सेठ का बालक जीवित हो गया और वह बालक (भतीजा) सिद्ध योनि प्राप्त हुआ। उस बालक की समाधि निधान गांव में स्थित है जहां पूरण दास महाराज साधनारत है इस चमत्कार के बाद लोग स्वामीजी महाराज पीछे पड़ने लगे, तो वे अपने चाचा गुरु अंतराम दास जी को साथ लेकर पहाड़गढ़ के जंगल में ग्राम जाखोदा में जाकर कठिन तपस्या करने लगे। यह स्थान पहाड़गढ़ के अंतर्गत आता है कहते है संत एक जगह टिकता नहीं है बहता पानी रमता जोगी

। स्वामीजी महाराज ने जखोदा छोड़ कर जंगलों में भ्रमण करने लगे और अनेक स्थानों पर घूमते हुए तपस्या करते रहे, छेरा बिलगांव की जग्गा तपसी बाबा मंदिर गुफा मंदिर, कसमढ़ा, अरेला, तिघरा किसरोली आदि स्थान प्रमुख हैं। जन मानस से अपने आप को छिपाए हुए (क्यों की सच्चा संत ज्यादा दुनिया दारी मै नहीं पड़ता) घूमते घूमते जोहा और किसरोली के बीच में स्रोत द्वार जहां पहले निर्जन बन था तपस्या करने लगे ग्रामीण जनों के बहुत आग्रह से जोहा मै एक टीला पर आकार बैठ गए और अपना चिमटा गाढ़ दिया यही रहकर कठिन साधना करते हुए अपने जीवन के 370बसंत पूर्ण कर संवत 1571मै आप पास के सभी ग्रामीण भक्तों से सामने जमीन मै गड्ढा खुदवाकर जिंदा बैठ गए और आज तक जीवित अवस्था में बैठे कर भजन कर रहे हैं श्री स्वामी जी महाराज का दिव्य प्रताप आज भी दिखता स्वामी जी महाराज के नित्य कर्म के लिए रखी हुई दांतोंन और जल का घड़ा आज भी खाली मिलता है किवदंतियों के अनुसार श्री स्वामी जी महाराज के द्वारा नीम की दांतोंन कर धरती मै गाढ दी गई जो पेड़ बनकर काफी समय तक भक्तों को छाया आश्रय प्रदान करता रहा स्वामी जी महाराज की भक्ति का प्रताप आज भी दिखता है जिन लोगों ने स्वामी जी महाराज के नाम से अखण्ड ज्योति जलाई है वो आज फर्श से अर्श तक स्वामी जी महाराज की कृपा से पहुंच गए हैं साल मै एक बार बैसाख की पूर्ण मासी को यहां भव्य मेले का आयोजन होता है जिसमें संपूर्ण भारत वर्ष से स्वामी जी महाराज के भक्त आते हैं ठाकुर गाजे बाजे के साथ महंत जी के साथ मंदिर से निकल कर स्वयं दर्शन देने समाधि स्थल पर आते हैं श्री स्वामी जी महाराज का चरित्र अथाह समुद्र है जिसका गुण गान कौन कर सकता है वर्तमान में यहां महंत रामसेवक दास जी महाराज साधना रत है यह मंदिर और स्वामीजी महाराज का जीवन उन सभी भक्तों के लिए प्रेरणा का स्रोत है जो आध्यात्मिक शांति और चमत्कारों में विश्वास रखते हैं।

**आचार्य पंडित रमाकांत उपाध्याय**
**जोहा अंबाह मध्य प्रदेश**

# महिला संतो के अखाड़े 'हाशिये' पर क्यों?

(विजय कुमार शर्मा-विनायक फीचर्स)



सनातन परंपरा में नारी को शक्ति, ज्ञान और तप का प्रतीक माना गया है- सरस्वती, दुर्गा, सीता, गार्गी, मैत्रेयी इसके प्रमाण हैं। फिर आज के युग में जब महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, तब अखाड़ों जैसे धार्मिक-सांस्कृतिक संस्थानों में उन्हें क्यों वंचित किया जाता है? भारत में 13 प्रमुख अखाड़े हैं जो सभी पुरुष प्रधान हैं ङ्क जूना, निर्मल, निरंजनी, अग्नि, महानिर्वाणी आदि। महिलाएं अधिकांशतः 'साध्वी मंडली' के नाम से पुरुष अखाड़ों की उपशाखा में गिनी जाती हैं, स्वतंत्र निर्णय शक्ति नहीं होती। महिला अखाड़ा परिषद की स्थापना 2013 में हुई, लेकिन उसे न तो अखाड़ा परिषद की मान्यता मिली, न ही व्यापक सहयोग।

**अधिकार और सम्मान**

क्या नासिक कुंभ में साध्वी भी 'अमृत स्नान' कर पाएंगी?

नासिक कुंभ जैसे विराट आयोजन में प्रमुख अखाड़ों को विशेष अधिकार मिलते हैं – पहला स्नान, ध्वजारोहण, शोभायात्रा, चक्र स्थापना आदि परंतु महिला अखाड़ों के लिए अब भी यह अधिकार अधूरा है। 2016 के उज्जैन सिंहस्थ में महिला अखाड़ा पहली बार सार्वजनिक रूप से उतरा था, लेकिन उसे शाही स्नान का स्थान "बहुत पीछे" मिला था।

2021 हरिद्वार कुंभ में कुछ सुधार हुआ, लेकिन इसे 'पारंपरिक अखाड़ा अधिकार' नहीं माना गया। नासिक कुंभ 2027 में यह मुद्दा फिर जोर पकड़ सकता है। अगर महिला साध्वियों को शाही स्नान का समान दर्जा नहीं दिया गया, तो यह न केवल धार्मिक असमानता का प्रमाण होगा, बल्कि सनातन परंपरा की "शक्ति–पूजा" की अवधारणा का भी विरोधाभास होगा।

**समाधान क्या है?**

**धर्म में समानता की पुनर्व्याख्या आवश्यक**

धर्मगुरुओं, अखाड़ा परिषद, राज्य सरकार और जनता को मिलकर यह विचार करना होगा कि- ÷क्या शक्ति के बिना शिव पूर्ण हैं? यदि साध्वियां वैराग्य, त्याग, तपस्या और विद्या में समान रूप से समर्पित हैं, तो उन्हें भी अखाड़ों में समान अधिकार मिलना चाहिए। महिला अखाड़ा परिषद को मान्यता, स्वतंत्र ध्वज, स्नान-क्रम में उचित स्थान, और निर्णय लेने की स्वतन्त्रता दी जानी चाहिए। सनातन धर्म का सार ही है ङ्क 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः'। इसी आधार पर यदि साध्वी महिलाओं के अखाड़ों को यह सम्मान प्राप्त होता है तो यह किसी के अधिकार का हनन नहीं, बल्कि उस धर्म की आत्मा का सम्मान होगा जो शक्ति और ज्ञान दोनों को पूजता है।

## एक जुलाई राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस

# जीवनदाता,देवदूत और मानवता के प्रहरी चिकित्सक

( नरेंद्र शर्मा परवाना -विभूति फीचर्स)



हर साल एक जुलाई को भारत में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया जाता है। यह दिन केवल एक तारीख नहीं, बल्कि एक कृतज्ञ समाज का हृदयस्पर्शी सम्मान है उन चिकित्सकों के प्रति, जो जीवन और मृत्यु के बीच खड़े होकर हर दिन इंसानियत की रक्षा करते हैं। चिकित्सक न केवल रोगों का उपचार करते हैं, बल्कि वे उन आशाओं के रक्षक भी हैं, जो परिवारों की आंखों में झलकती हैं। कोरोना महामारी ने इस पेशे की महत्ता को और भी गहराई से उजागर किया, जब चिकित्सकों ने अपनी जान जोखिम में डालकर लाखों लोगों को जीवनदान दिया। यह दिन हमें उनके समर्पण, बलिदान और मानवता के प्रति उनकी अटूट निष्ठा को याद करने का अवसर देता है।

**डॉक्टर दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि**

भारत में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की शुरुआत सन् 1991 में हुई थी। यह दिन डॉ. बिधान चंद्र रॉय की स्मृति में मनाया जाता है, जो पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री थे, एक उत्कृष्ट चिकित्सक और समाज सुधारक थे।

उनकी जन्म और पुण्यतिथि दोनों एक जुलाई को ही पड़ती हैं, जो अपने आप में एक प्रेरक संयोग है। डॉ. रॉय ने चिकित्सा क्षेत्र में अपनी सेवाओं से न केवल मरीजों का जीवन बचाया, बल्कि मेडिकल शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर यह दिन हमें चिकित्सकों के नैतिकता और समर्पण के मूल्यों को याद दिलाता है।

**समाज की रीढ़ चिकित्सक**

चिकित्सक समाज के वे अनमोल रत्न हैं, जो न केवल बीमारियों का उपचार करते हैं, बल्कि मानवता की सेवा में अपना जीवन समर्पित करते हैं। एक डॉक्टर का काम केवल तकनीकी ज्ञान तक सीमित नहीं है,इसमें धैर्य, करुणा और संवेदनशीलता की भी आवश्यकता होती है। उदाहरण के लिए, ग्रामीण भारत में एक डॉक्टर जो सीमित संसाधनों में भी मरीजों का इलाज करता है, वह न केवल एक चिकित्सक है, बल्कि एक सामाजिक योद्धा भी है। वहीं, शहरी अस्पतालों में जटिल सर्जरी करने वाले डॉक्टर अपनी विशेषज्ञता से असंभव को संभव बनाते हैं। चाहे वह एक छोटे से क्लिनिक में मरीज को प्राथमिक उपचार देने वाला डॉक्टर हो या बड़े अस्पताल में जीवन रक्षक ऑपरेशन करने वाला विशेषज्ञ, दोनों ही समाज की रीढ़ हैं।

**कोरोना काल में चिकित्सकों की भूमिका**

कोविड महामारी ने चिकित्सकों की भूमिका को एक नए आयाम में प्रस्तुत किया। जब पूरा विश्व ठहर सा गया था, तब चिकित्सक अपनी जान जोखिम में डालकर अस्पतालों में डटे रहे। पीपीई किट पहने, महीनों तक परिवारों से दूर रहकर, और अनगिनत घंटों तक काम करते हुए उन्होंने लाखों लोगों की जान बचाई। उदाहरण के तौर पर, दिल्ली के एक अस्पताल में डॉ. रितु गर्ग ने लगातार 18 घंटे काम करके सैकड़ों मरीजों को ऑक्सीजन और दवाइयाँ उपलब्ध कराईं, जबकि उनकी खुद की जान खतरे में थी। कई चिकित्सकों ने अपने प्राणों की आहुति दी, जिसने समाज को यह सिखाया कि चिकित्सक केवल पेशेवर नहीं, बल्कि मानवता के सच्चे प्रहरी हैं।

# राशिफल

**मेष** आपके लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। आज आपको आपके साथियों और सगे-संबंधियों का पूरा सहयोग रहेगा। आप कोई बड़ा कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे। कोई बड़ा उद्योग लगाने या अपने कार्य-व्यापार को बढ़ाने का सोचेंगे। जिसमें आपको सफलता मिलेगी। इस दौरान आपके घर पर कोई मांगलिक आयोजन होगा। जिससे आपके मन को शांति मिलेगी। दोस्तों के साथ कहीं घूमने फिरने का योग बन सकता है। आपकी सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी। आज पारिवारिक किसी समस्या का निपटारा होगा। पारिवारिक माहौल खुशहाल रहेगा।

**वृषभ** आज आपके लिए दिन फायदेमंद रहेगा। पारिवारिक सुख के प्रबल योग हैं। सरकारी सेवा से जुड़े लोगों को पदोन्नति मिलने की संभावना है। आज आप जरूरतमंद लोगों की मदद करेंगे या उन्हें किसी प्रकार से आर्थिक लाभ पहुंचा सकते हैं। इस कार्य में आप निरंतर सक्रिय रहेंगे। इस दौरान कार्यक्षेत्र में अनावश्यक तर्क वितर्क से बचें। इससे आप पर अधिकारियों का दबाव कम होगा। आप सावधानीपूर्वक कार्य कर पाएंगे। आपके मित्रों का आपको साथ मिलेगा। आज आप कुछ खर्च भी करेंगे, यह खर्च ऑनलाइन भी हो सकता हैं। आप कुछ अपनी पसंदीदा चीजें मंगवाएंगे।

**मिथुन** आज आपका दिन सफलता दिलाने वाला है। व्यवसाय कर रहे लोगों के लिए लाभ की स्थिति बनेगी। सामाजिक दायित्व बढ़ सकता है। किसी बड़ी कार्य योजना को विस्तार देने में आपको विशेष सफलता मिलेगी। आज आपको परिवार में किसी बड़े बुजुर्ग से अच्छी सलाह मिलेगी, जो आपके लिए फायदेमंद रहेगी। आप परिवार के लोगों के साथ अच्छा तालमेल बनाकर चलेंगे। आज आप वाहन ध्यान पूर्वक चलाएं। ट्रैफिक नियमों का पालन करेंगे। इससे आप अपने बच्चों को भी अवेयर कर पाएंगे। कार्य क्षेत्र में छोटी-छोटी बातों में उलझने के बजाय सूझबूझ से स्थितियों को संभालेंगे।

**कर्क** आज आपके लिए दिन बेहतर रहेगा। अपने स्वजनों का आपको साथ मिलेगा। किसी बड़े लक्ष्य को पाने के लिए आप निरंतर सक्रिय रहेंगे। आपको जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। आज आप किसी आधिकारिक यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में आपकी स्थिति मजबूत होगी और आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। छात्रों के लिए दिन अनुकूल रहेगा। कॉलेज के किसी कंपटीशन में सफल रहेंगे। अपने मनपसंद क्षेत्र में आगे बढ़ने का प्रयास करेंगे। आज आपके परिवार में थोड़ा असंतुलन या मतभेद होने के योग हैं। आप अनावश्यक खर्च करने से बचें।

**सिंह** आज आपके लिए दिन फेवरेबल रहेगा। आपको कार्यक्षेत्र में कोई बड़ा प्रोजेक्ट मिलने की संभावना है। जिसे आप अपनी काबिलीयत पूरा करेंगे। आपको अपने सहयोगियों का भी सहयोग मिलेगा। आप अपनी सूझबूझ और चतुराई से अपना प्रभाव बनाने में कामयाब रहेंगे। व्यवसाय के क्षेत्र में उन्नति के योग हैं। नई योजनाओं से आर्थिक लाभ की संभावना बढ़ेगी। वैवाहिक जीवन में आपसी सहमति और सहयोग की भावना बनी रहेगी। आप अपने पारिवारिक दायित्वों को अच्छी तरह निभाएंगे। इस दौरान आप अनावश्यक खर्च करने से बचें।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहेगा। आज कोई रचना या लेखन का कार्य संपन्न होने से आपको खुशी का अनुभव होगा। समाज में आपकी लोकप्रियता बढ़ने के संकेत हैं। व्यावसायिक स्तर पर दिन अच्छा रहेगा। आज आपके लिए कुछ वस्त्र या आभूषण आदि खरीदने के योग हैं। आपकी सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी। आज कार्यक्षेत्र में कुछ ज़रूरी एवं मुख्य कार्य जिसे करने में विलम्ब होने से आपको भाग-दौड़ करना पड़ेगा। आप जल्दी पूरा करने का प्रयास करेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आपको अपने परिजनों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** आप आज बेहतरीन दिन बिताएंगे। आपके सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी आप सुखद पारिवारिक जीवन बिताएंगे। अविवाहित जातकों के लिए विवाह के योग बन रहे हैं । आप अपनी कार्यकुशलता से कार्यस्थल पर सभी को प्रभावित करेंगे। आपके पर्सनालिटी लोगों के बीच बहुत अच्छी रहेगी। इस दौरान आपको किसी बात को लेकर भ्रम की स्थिति बनेगी। जिससे आपको चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। लेकिन अनुभवी एवं बड़े लोगों के मार्गदर्शन से स्थिति अनुकूल हो जाएगी। आप कार्यस्थल पर कुछ लोगों से आप सतर्क रहें।

**वृश्चिक** आज आपके लिए दिन अच्छा रहेगा। आप किसी महत्वपूर्ण कार्य को नई दिशा में ले जाने में सफल रहेंगे। जिससे आज आपका उत्साह बढ़ेगा। आज ऑफिस में सावधानी पूर्वक कोई भी काम करें। आज आप किसी अनजान पर भी विश्वास करने से बचें। धीरे-धीरे स्थिति सामान्य हो जाएगी। सरकारी नौकरी में भाग दौड़ करने पर आपको सकारात्मक परिणाम दिखाई देंगे। आपके प्रमोशन के चांस बढ़ेंगे। इस दौरान आपके लिए किसी यात्रा पर जाने की संभावना बनेगी।

**धनु** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आज आप धर्म-कर्म के कार्यों पर खर्च कर सकते हैं । आप यदि कोई कार्य योजना बना रहे हैं तो सोच समझकर ही कोई फैसला ले व्यावसायिक दृष्टि से दिन अच्छा है। आप अपनी कार्य योजनाओं को बढ़ाने के लिए सक्रिय रहेंगे। सरकारी सेवा से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। प्रमोशन मिलने के योग बन रहे हैं। पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा। घर के लोगों का आपको सहयोग मिलेगा। इस दौरान आप अपने लोगों से शालीनता से व्यवहार करें। आपके लिए फायदेमंद रहेगा। अनावश्यक खर्चो से भी बचें।

**मकर** आज का दिन आपके लिए पॉजिटिव रहेगा। कार्य क्षेत्र में आज संघर्ष के बावजूद आप महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने में सफल रहेंगे। अच्छे लोगों का सहयोग मिलने से आप अपनी आर्थिक स्थितियों को सुधारने में कामयाब रहेंगे। कहीं की यात्रा होने के योग हैं। पारिवारिक सहयोग मिलेगा घर में खुशी का वातावरण बना रहेगा। स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों में कमी आएगी। आप इस दौरान आपको किसी बड़ी मशीनरी आदि का खरीद-फरोख्त करने का अवसर मिलेगा। व्यापार में आने वाली मुश्किलों में कमी आएगी। आपको सहकर्मियों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आप अच्छा महसूस करेंगे। आपके व्यापार में प्रगति की संभावना बन रही हैं। आपको किसी प्रोजेक्ट पर काम करने का अवसर मिलेगा। आप अपने उत्साह और परिश्रम के दम पर बड़ा लाभ उठाने में सफल रहेंगे। आमदनी बढ़ाने में आपको कामयाबी मिलेगी। छात्रों को प्रतियोगिता परीक्षा में सफल होने के प्रबल योग हैं। पारिवारिक एवं सामाजिक क्रियाकलापों में भागीदारी बढ़ने से आपकी प्रशंसा होगी। पारिवारिक वातावरण खुशहाल रहेगा। आप परिवार के साथ समय बिताएंगे। अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान दें। उचित खानपान करें।

**मीन** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। पारिवारिक दृष्टि से आपका दिन अच्छा रहेगा । धर्म-कर्म में आपकी रुचि बढ़ेगी। आप किसी अनुष्ठान में भागीदारी निभाएंगे। सरकारी कार्यों में लाभ की संभावनाएं बढ़ेंगी। आप अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें। इस दौरान किसी कानूनी मामलों में आपको सफलता मिलेगी जिससे आपको खुशी मिलेगी। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों को किसी बड़े प्रोजेक्ट पर कार्य करने का अवसर मिलेगा लेखन आदि के क्षेत्र में सफलता मिलने के प्रबल योग हैं। दाम्पत्य जीवन में नई-नई खुशियां आएंगी। जीवनसाथी से कोई मनपसंद उपहार मिलेगा।

## – राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस पर विशेष

# सेवा, समर्पण और संजीवनी के प्रतीक डॉक्टर

**भारत में डॉक्टरों को सदियों से "भगवान का रूप" माना गया है। चरक और सुश्रुत जैसे प्राचीन ऋषि चिकित्सकों ने चिकित्सा को आध्यात्मिक और नैतिक धरातल पर स्थापित किया। आज भी ग्रामीण भारत में "हकीम साहब", "वैद्य जी" या "डॉक्टर बाबू" जैसे संबोधन श्रद्धा के साथ बोले जाते हैं। क्योंकि डॉक्टर केवल एक पेशेवर नहीं होते, वे समाज के संरक्षक होते हैं, जिनके हाथों में न केवल दवाएं होती हैं, बल्कि उम्मीद, विश्वास और करुणा भी होती है। डॉक्टर दिवस सिर्फ चिकित्सकों के सम्मान का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह दिन हमें इस बात की भी याद दिलाता है कि स्वास्थ्य सेवाएं किसी भी सभ्य और प्रगतिशील समाज की नींव हैं। जिस समाज में डॉक्टरों को सम्मान और सहयोग नहीं मिलता, वहां विकास केवल अधूरा ही रह जाता है। आइये, इस खास दिवस पर जानते हैं डॉक्टर्स का समाज व राष्ट्र में योगदान।**



– डॉ. केशव पाण्डेय

आज राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस है। भारत में हर वर्ष 1 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है। यह दिन न केवल हमारे जीवन में डॉक्टरों की भूमिका और उनके योगदान को रेखांकित करता है, बल्कि यह हमें चिकित्सा क्षेत्र की उपलब्धियों और चुनौतियों पर भी विचार करने का अवसर देता है। क्योंकि डॉक्टर किसी भी समाज की नींव होते हैं, वे सिर्फ बीमारियों का इलाज नहीं करते, बल्कि जीवन को एक नई दिशा भी देते हैं। बल्कि उन चिकित्सकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर भी देता है, जो जीवन बचाने की इस महान साधना में संलग्न हैं।

भारत में डॉक्टर दिवस की शुरुआत पश्चिम बंगाल के भूतपूर्व मुख्यमंत्री और देश के महान चिकित्सक डॉ. बिधान चंद्र रॉय की स्मृति में की गई थी। डॉ. रॉय न केवल एक प्रसिद्ध चिकित्सक थे, बल्कि उन्होंने चिकित्सा और समाज सेवा के क्षेत्र में अपूर्व योगदान दिया। उनका जन्म एक जुलाई 1882 को और उसी दिन 1962 में उनका निधन हुआ। संयोग से उनका जन्म और मृत्यु, दोनों 1 जुलाई को ही हुई थीं। इसीलिए 1991 से भारत सरकार ने इस दिन को डॉक्टर दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की।

डॉक्टर एक मार्गदर्शक, एक सहारा और कई बार तो जीवन के अंतिम क्षणों में संबल देने वाला एक अभिभावक भी होता है। चाहे शिशु का जन्म हो या बुजुर्ग की देखभाल, महामारी हो या किसी गंभीर चोट की स्थिति हर कदम पर डॉक्टर ही वह चेहरा है जो संकट में भी धैर्य और विवेक के साथ खड़ा दिखाई देता है। कोविड-19 महामारी ने यह बखूबी सिद्ध किया कि डॉक्टर समाज की रीढ़ होते हैं। जब दुनिया घरों में बंद थी, तब डॉक्टर ही थे जो अस्पतालों में दिन-रात डटे हुए थे। इस वैश्विक संकट में लाखों चिकित्सकों ने अपनी जान की परवाह किए बिना, मरीजों की सेवा की। अनेक डॉक्टरों ने अपनी जान गंवाई, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। भारत जैसे विशाल और विविधताओं वाले देश में चिकित्सा सेवा की चुनौतियाँ विशेष रूप से




कठिन हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की अनुपलब्धता, चिकित्सकों की कमी, अत्यधिक कार्यभार, संसाधनों की कमी, और कई बार मरीजों व उनके परिजनों की आक्रोशित प्रतिक्रियाएं- ये सब डॉक्टरों के काम को और भी कठिन बना देते हैं। आज जब हम डॉक्टर दिवस मना रहे हैं, तो यह भी आवश्यक है कि हम उनकी सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य, उचित प्रशिक्षण और पर्याप्त संसाधनों की उपलब्धता की बात करें। डॉक्टरों को केवल श्रद्धांजलि और सम्मान देने से बात पूरी नहीं होती, उनके कार्यक्षेत्र को सुरक्षित और सम्मानजनक बनाना भी समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। हर वर्ष यह दिवस एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष 2025 में डॉक्टर दिवस की थीम हीलिंग हैंड -केयरिंग हार्ट यानी "चिकित्सक के हाथों में उपचार दिलों में करूणा" रखी गई है, जो उन मूलभूत गुणों को सामने लाती है जो एक डॉक्टर को महान बनाते हैं।

कुशलता, समर्पण, करुणा, और विश्वास। यह संदेश देता है कि केवल दवा से नहीं, बल्कि स्नेह और सहानुभूति से भी इलाज संभव है। मरीज के साथ मानवीय व्यवहार, संवेदनशीलता और मानसिक सहयोग भी उपचार का अहम हिस्सा हैं। इस थीम का उद्देश्य डॉक्टरों के भावनात्मक योगदान को सम्मान देना। कह सकते हैं कि आधुनिक तकनीक ने चिकित्सा विज्ञान में क्रांति ला दी है। टेलीमेडिसिन, रोबोटिक सर्जरी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मोबाइल एप्स जैसे नवाचारों ने न केवल डॉक्टरों के काम को सटीक बनाया है, बल्कि दूर-दराज के क्षेत्रों में चिकित्सा सेवा पहुंचाना भी संभव किया है। लेकिन तकनीक के इस बढ़ते हस्तक्षेप के बीच मानवीय संवेदना और डॉक्टर-मरीज के रिश्ते को बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। डॉक्टर केवल एक मशीन नहीं है जो दवा लिख दे और आगे बढ़ जाए। एक डॉक्टर की मुस्कान, उसकी सहानुभूति और उसके द्वारा दिया गया मनोबल ही कई बार मरीज की आधी बीमारी दूर कर देता है। यही वजह है कि हमारे देश में आज भी लोग डॉक्टरों को ÷भगवान का रूप÷ मानते हैं। लेकिन दुर्भाग्यवश, कुछ मामलों में समाज और डॉक्टरों के बीच अविश्वास की दीवार भी खड़ी हुई है। कुछ अपवादों को लेकर पूरे चिकित्सा समुदाय पर सवाल उठाना न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि समाज के स्वास्थ्य तंत्र को कमजोर करने वाला भी है। डॉक्टर भी एक इंसान है, उससे भी गलतियाँ हो सकती हैं, लेकिन उसका उद्देश्य सदा अच्छा होता है। समाज को डॉक्टरों के साथ सहयोग और संवाद की भावना रखनी चाहिए, न कि आक्रोश और हिंसा की। भारत को एक स्वस्थ राष्ट्र बनाना है, तो डॉक्टरों को केवल स्वास्थ्य सेवक नहीं, नीति निर्माण में सहभागी बनाना होगा। चिकित्सा शिक्षा को सुलभ और गुणवत्ता युक्त बनाना होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों की तैनाती को प्रोत्साहित करना होगा और उन्हें वह सभी सुविधाएं देना होंगी, जिनसे वे सेवा को बोझ नहीं, बल्कि सौभाग्य समझें। नीति-निर्माताओं को चाहिए कि चिकित्सा क्षेत्र के बजट में बढ़ोतरी करें, पीजी मेडिकल सीटों को बढ़ाया जाए, नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ को बेहतर प्रशिक्षण और वेतन दिया जाए, जिससे एक समग्र स्वास्थ्य सेवा तंत्र तैयार हो सके। कह सकते हैं कि डॉक्टर दिवस हमें याद दिलाता है कि समाज की सबसे बड़ी संपत्ति उसका स्वास्थ्य है, और इस संपत्ति के संरक्षक डॉक्टर हैं। वे जीवनदायिनी प्रणाली के स्तंभ हैं। उनका सम्मान केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इस डॉक्टर दिवस पर हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने देश के डॉक्टरों को न केवल सम्मान देंगे, बल्कि उनके कार्यों को सराहते हुए, उनके लिए एक सुरक्षित, सम्मानजनक और सहयोगी माहौल भी तैयार करेंगे। ÷जहाँ डॉक्टर का मन प्रसन्न होता है, वहाँ दवा से पहले दुआ असर करती है।÷ इस अवसर पर हमें यह भी संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने डॉक्टरों को केवल प्रशंसा ही नहीं, बल्कि सम्मान, सुरक्षा और सहयोग भी दें क्योंकि एक स्वस्थ भारत तभी संभव है जब हमारे डॉक्टर स्वस्थ, सुरक्षित और संतुष्ट हों।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)

# सीएम हेल्पलाइन में विभाग की रैंकिंग खराब तो होगी कार्यवाही: कलेक्टर

## भारी वर्षा और बाढ़ से निपटने की पूरी तैयारी रखें : कलेक्टर



**रीवा,कासं.।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की ग्रेडिंग में अभी भी कई विभाग खराब रैंकिंग में हैं। जो विभाग प्रदेश में टॉप 20 में शामिल नहीं हो पाएंगे उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। सभी अधिकारी सात दिवस में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराकर रैंकिंग में सुधार करें। सीएम हेल्पलाइन में 50 दिवस से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। ऊर्जा विभाग, पीएचई विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग रैंकिंग में सुधार के लिए विशेष प्रयास करें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि एसडीएम अपने अनुभाग में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करें। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करें। सभी एसडीएम तथा अन्य अधिकारी भारी वर्षा और बाढ़ से निपटने के लिए पूरी तैयारी रखें। राहत और बचाव कार्य के लिए आवश्यक संसाधनों की तत्काल व्यवस्था कर लें। नगरीय क्षेत्रों में भारी वर्षा में जल भराव होने पर पानी की निकासी की तत्काल व्यवस्था कराएं।

प्राकृतिक आपदा के संबंध में सूचनाओं का समय पर आदान-प्रदान करें। तहसील स्तरीय कंट्रोल रूम तथा जिला स्तरीय कंट्रोल रूम में 24 घंटे कर्मचारी तैनात रखें। जिला आपूर्ति प्रबंधक उचित मूल्य दुकानों से हितग्राहियों को तीन माह का खाद्यान्न वितरित कराने के साथ-साथ ई केवाईसी अपडेट कराएं। विषमतामूलक परिवारों और अपात्र हितग्राहियों के नाम राशन मित्र पोर्टल से पृथक करने की कार्यवाही भी करें। कलेक्टर ने कहा कि गेंहू उपार्जन के एक-दो प्रकरणों में अभी भुगतान नहीं हुआ है। महाप्रबंधक सहकारी बैंक तथा जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम शेष किसानों का तीन दिवस में भुगतान कराएं। अपर कलेक्टर खाद्य विभाग, मापतौल तथा अन्य अधिकारियों की टीम बनाकर सभी पेट्रोल पंपों में पेट्रोल और डीजल की गुणवत्ता की जाँच कराकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। पेट्रोल पंप में किसी भी तरह की अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही करें। सहकारी समितियों तथा मार्फेड के केन्द्रों में किसानों को खाद का व्यवस्थित वितरण कराएं। खाद की रैक लगातार प्राप्त हो रही है। सभी अधिकारी मुख्यमंत्री कार्यालय तथा मुख्य सचिव कार्यालय से प्राप्त पत्रों का तत्काल प्रतिवेदन देना सुनिश्चित करें। कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग तथा अन्य अधिकारी जलमग्न होने वाले पुलिया एवं पुलों में संकेतक लगाने तथा बाढ़ की स्थिति में आवागमन रोकने की समुचित व्यवस्था करें।

बैठक में खाद-बीज की आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था, वर्षाजनित रोगों से बचाव तथा स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले, सभी एसडीएम तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कलेक्टर तथा एसपी ने किया जेल का निरीक्षण



**रीवा,कासं.।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राकेश मोहन प्रधान, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल तथा पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने केन्द्रीय जेल रीवा का निरीक्षण किया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा कलेक्टर ने विभिन्न बैरकों, नई बनाई गई बैरक, किचन तथा हैण्डलूम कक्ष का निरीक्षण किया तथा जेल के अधिकारियों को बंदियों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा कलेक्टर ने महिला वार्ड, जेल अस्पताल, जेल के भण्डार कक्ष का निरीक्षण किया। जेल के अधिकारियों से बंदियों को दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध में पूंछताछ की। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कैदियों से जेल में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली तथा उनसे पूछा कि यदि कोई समस्या हो तो निर्भीक होकर बताएं। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि कैदियों के चिकित्सकीय एवं मानवीय आधार पर स्थानांतरण के लिए प्राप्त आवेदनों को सूचीबद्ध कर विवरण सहित रजिस्टर में दर्ज करें। उन्होंने कहा कि गंभीर रोगों के इलाज के लिए कैदियों को सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में भेजा जाए। निरीक्षण के दौरान जेल में कैदियों में किसी तरह का भेदभाव नहीं पाया गया। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार गठित बोर्ड आफ विजिटर्स के सदस्यों ने जेल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीर मिश्रा, जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय मिश्रा, जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय, उप जेल अधीक्षक संजीव कुमार गेंदले तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## पंचों के रिक्त पदों के निर्वाचन की अधिसूचना आज होगी जारी

**रीवा,कासं.।** जिले की चार जनपद पंचायतों में विभिन्न ग्राम पंचायतों में पंचों के 17 रिक्त पदों के लिए निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। निर्वाचन की अधिसूचना एक जुलाई को जारी की जाएगी। इसी दिन से नामांकन पत्र दाखिल करने का कार्य शुरू होगा।

नामांकन पत्र संबंधित जनपद पंचायत कार्यालय में दाखिल किए जाएंगे। इसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने रिटर्निंग आफीसर तथा सहायक रिटर्निंग आफीसर तैनात किए हैं। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पंच पदों के निर्वाचन के लिए एक जुलाई से नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे।

नामांकन पत्र 8 जुलाई को दोपहर बाद 3 बजे तक दाखिल किए जा सकते हैं। नामांकन पत्रों की जाँच 9 जुलाई को की जाएगी। उम्मीदवार 11 जुलाई को दोपहर 3 बजे तक नामांकन वापस ले सकते हैं। नाम वापसी की समय-सीमा समाप्त होने के बाद 11 जुलाई को ही उम्मीदवारों की सूची तैयार कर उन्हें चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। आवश्यक होने पर 22 जुलाई को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित मतदान केन्द्रों में मतदान होगा। मतदान समाप्त होने के तत्काल बाद मतदान केन्द्र में ही मतगणना होगी। चुनाव परिणामों की घोषणा 29 जुलाई को जनपद पंचायत कार्याल में की जाएगी।

## शांति समिति की बैठक संपन्न

**रीवा,कासं.।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में आगामी 6 जुलाई को मोहर्रम त्यौहार के शांतिपूर्ण एवं परस्पर सौहार्द के साथ मनाये जाने के संबंध में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय ने कहा कि मोहर्रम का जुलूस निर्धारित मार्ग से ही निकलेगा। नगर निगम जुलूस के मार्ग में साफ-सफाई की उचित व्यवस्था करें।

## आकाशीय बिजली से संभावित दुर्घटनाओं से स्वयं को बचाने के दिशा-निर्देशों का करें पालन

**रीवा,कासं.।** आकाशीय बिजली (वज्रपात) से बचाव के लिए स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग ने जन समुदाय के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों का पालन कर आकाशीय बिजली से सुरक्षा और बचाव किया जा सकता है। आकाशीय बिजली से आउटडोर (घर के बाहर) बाहरी गतिविधियों में शामिल लोग जैसे खेतों, औद्योगिक स्थानों, निर्माण और सामग्री हैंडलिंग वाले स्थलों पर काम करने वाले लोग सर्वाधिक संवेदनशील होते हैं। आकाशीय बिजली किसी भी समय गिर सकती है। यह मानसून के पहले जून-जुलाई में अधिक होती है। दोपहर और सायंकाल के बीच वज्रपात की घटनाएं सर्वाधिक देखी जाती हैं। ऊंची नुकीली संरचनाओं, पेड़ों पर आकाशीय बिजली गिरने की अधिक संभावना होती है। ऐसे स्थानों से दूर रहने की सलाह दी गई है। जारी निर्देश में कहा गया है कि धातु का मचान, धातु के उपकरण, पानी के पाइप या प्लम्बिंग, बिजली का संचालन करने वाली सामग्री अथवा सतहों के संपर्क से बचें। ऊंची अधोसंरचनाएं, पहाड़ी टेकरी, बिजली के खंभे, टेलीफोन के खंभे, ऊंचा पेड़, छत, मचान, धातु की सीढ़ी, बड़े मशीन जैसे बुलडोजर, क्रेन और ट्रेक्टर जैसे वाहनों से दूर रहें। विस्फोट संभावित क्षेत्रों तथा उद्योग स्थलों से तत्काल सुरक्षित स्थल की ओर प्रस्थान करें। धातुयुक्त वाहनों से विद्युत प्रवाह संभावित होने के कारण तुरंत सुरक्षित स्थलों की ओर जाएं। सड़क पर होने पर तुरंत किसी भवन के अंदर शरण लें। आकाशीय बिजली के गर्जन सुनाई देने के बाद कम से कम 30 मिनट तक सुरक्षित स्थान पर बने रहें। बिजली एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के संपर्क से दूरी बनाए रखें। इन्हें पावर प्लग से पृथक करें। बिजली का प्रवाह किसी भी दीवार, फर्श, इलेक्ट्रिकल सिस्टम, रेडियो और टेलीविजन रिसेप्शन सिस्टम तारों के माध्यम से हो सकता है। घर, कार्यालय में अर्थिंग सुनिश्चित करें। खुले हुए खिड़की, दरवाजे, धातु के पाइप इत्यादि के पास खड़े नहीं रहें। पानी के धातु पाइप से बिजली प्रवाहित हो सकती है। विभाग द्वारा चिकित्सकीय सेवाओं के प्रदाय के लिए आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये गये हैं। प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों के लिए विशेष कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं।

## वाहन पार्किंग व्यवस्था के लिए ऑनलाइन प्रस्ताव आमंत्रित

**रीवा,कासं.।** कलेक्ट्रेट परिसर में वाहन पार्किंग व्यवस्था के लिए निविदा की कार्यवाही की जा रही है। इस संबंध में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि पार्किंग व्यवस्था के लिए ऑनलाइन आवेदन 5 जुलाई को सुबह 9 बजे से 17 जुलाई को दोपहर 3 बजे तक एमपी टेण्डर पोर्टल पर दर्ज किए जा सकते हैं। कलेक्टर कार्यालय से आवेदन पत्र की राशि एक हजार रुपए जमा कराकर 3 जुलाई से आवेदन पत्र प्राप्त किए जा सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति राशि 25 हजार रुपए जमा करना आवश्यक होगा। पार्किंग व्यवस्था के लिए न्यूनतम प्रीमियम राशि 13 लाख 75 हजार रुपए निर्धारित की गई है। प्राप्त आवेदन पत्र 21 जुलाई को दोपहर 3 बजे कलेक्टर कार्यालय में समिति के समक्ष खोले जाएंगे।

## वन स्टाप सेंटर में हुआ वृक्षारोपण



**रीवा,कासं.।** वन स्टॉप सेंटर में प्रकृति संरक्षण के प्रति समर्पित विश्व पर्यावरण के अवसर पर वृहद् वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संयुक्त संचालक श्रीमती शशि श्याम उइके एवं संचालनालय भोपाल के प्रतिनिधि हरिकृष्ण शर्मा एवं संतोष सिंह के मुख्य आतिथ्य में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह के मार्गदर्शन में पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान अंतर्गत विभिन्न 50 फलदार पौधों का वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान सहायक संचालक आशीष द्विवेदी, परियोजना अधिकारी जीवेन्द्र सिंह, प्रशासक श्रीमती सुमन नामदेव एवं अलका थापर सहित कार्यालय के कर्मचारी क्षितिज तिवारी, रेखा चतुर्वेदी, सलमा खान ने भी वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा उनकी सुरक्षा के लिए भी संकल्प लिया।



## संक्षिप्त समाचार

### यूपीआई से लेकर पैन तक, 1 जुलाई से बदल जाएंगे यह नियम

**नई दिल्ली ,ए.।** जुलाई, 2025 से कई नए वित्तीय नियम लागू होने जा रहे हैं, जिसका आपकी जेब पर सीधा असर हो सकता है। इनमें यूपीआई चार्जबैक, नए तत्काल ट्रेन टिकट बुकिंग और पैन कार्ड के नियमों में बदलाव शामिल हैं। नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) की ओर से हाल ही में सिस्टम को आसान बढ़ाने के उद्देश्य से यूपीआई चार्जबैक नियमों में बदलाव किया गया है। मौजूदा समय में बहुत अधिक दावों के कारण सभी चार्जबैक रिक्वेस्ट को खारिज कर दिया जाता है। ऐसे में सही चार्जबैक रिक्वेस्ट को प्रोसेस करने के लिए बैंक को यूपीआई रेफरेंस कंप्लेंट सिस्टम (यूआरसीएस) के जरिए एनपीसीआई के पास जाकर केस को व्हाइटलिस्ट करना पड़ता है। 15 जुलाई के बाद एनपीसीआई की इसमें कोई भूमिका नहीं रहेगी। अगर बैंक को कोई चार्जबैक रिक्वेस्ट सही लगती है तो उसे वह एनपीसीआई से व्हाइटलिस्ट किए बिना प्रोसेस कर सकती है। यूपीआई चार्जबैक एक औपचारिक विवाद है जिसे यूजर तब उठाता है जब कोई लेनदेन विफल हो जाता है या जब भुगतान की गई सेवा या उत्पाद वितरित नहीं किया जाता है। यह यूजर को बैंक या भुगतान सेवा प्रदाता से धन वापसी की मांग करने की अनुमति देता है। नए पैन कार्ड का आवेदन करने के लिए एक जुलाई से आपके पास आधार कार्ड होना जरूरी है। इससे पहले आप किसी भी वैध दस्तावेज या जन्म प्रमाणपत्र के जरिए पैन कार्ड के लिए आवेदन कर सकते थे। जुलाई 2025 से तत्काल टिकट बुकिंग के कई नए नियम लागू हो जाएंगे। 1 जुलाई 2025 से आईआरसीटीसी की वेबसाइट या इसके मोबाइल ऐप के जरिए तत्काल ट्रेन टिकट के लिए आधार सत्यापन अनिवार्य हो जाएगा। गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स नेटवर्क (जीएसटीएन) ने 7 जून, 2025 को घोषणा की थी कि मासिक जीएसटी भुगतान फॉर्म जीएसटीआर-3बी को जुलाई 2025 से एडिट नहीं किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त, जीएसटीएन ने कहा था कि करदाताओं को देय तिथि से तीन वर्ष की अवधि समाप्त होने के बाद जीएसटी रिटर्न दाखिल करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### ओपनएआई टैलेंट पलायन रोकने के लिए कर्मचारियों के वेतन में करेगी बदलाव

**नईदिल्ली,ए.।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कंपनी ओपनएआई ने हाल ही में अपने कई वरिष्ठ वैज्ञानिकों को मेटा जैसे प्रतिस्पर्धी प्लेटफॉर्म्स में खो दिया है। इस टैलेंट पलायन को रोकने के लिए ओपनएआई अब अपने कर्मचारियों के वेतन और बोनस की नीति में बदलाव की तैयारी कर रही है। कंपनी का फोकस अब शीर्ष प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें बेहतर ऑफर देकर बनाए रखने पर है। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी लगातार कर्मचारियों से संपर्क में हैं और आंतरिक अभियान चला रहे हैं। ओपनएआई से जुड़े कई शोधकर्ता जैसे लुकास बेयर और ट्रैपिट बंसल अब मेटा के साथ जुड़ गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, मेटा ने सीधे ओपनएआई और गूगल के वैज्ञानिकों को टारगेट किया है। मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग खुद इस भर्ती अभियान में सक्रिय हैं। माना जा रहा है कि यह कदम मेटा की सुपरइंटेलिजेंस लैब को तेजी से खड़ा करने की योजना का हिस्सा है, जिससे ओपनएआई की स्थिति थोड़ी असहज हो गई है। ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने दावा किया कि मेटा कुछ वैज्ञानिकों को लगभग 850 करोड़ रुपये तक के साइनिंग बोनस दे रही है। इस पर मेटा ने तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह दावा गलत है। मेटा के सीटीओ एंड्रयू बोसवर्थ ने कहा कि ऐसे बड़े पैकेज केवल बेहद वरिष्ठ लोगों को मिलते हैं और वह भी साधारण चेक की तरह नहीं। मेटा के कई नए कर्मचारी भी इन अफवाहों को फर्जी बता चुके हैं। ओपनएआई अपने कर्मचारियों को बनाए रखने के लिए नई रणनीति पर काम कर रही है। कंपनी की ओर से कहा गया है कि वे अपनी संस्कृति को बनाए रखने के साथ-साथ टैलेंट को सम्मान भी देंगे। रिसर्च प्रमुख मार्क चेन ने टीम को भरोसा दिलाया कि वे हर स्थिति में साथ खड़े हैं।

## -रग्बी प्रीमियर लीग 2025

# चेन्नई बुल्स ने रचा इतिहास, दिल्ली रेड्ज को हराकर जीता मेडन रग्बी प्रीमियर लीग का खिताब




**मुंबई,ए.।** चेन्नई बुल्स ने यहां मुंबई में शाहजी राजे भोसले स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) के पहले चैंपियन का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया. चेन्नई बुल्स की टीम ने फाइनल में दिल्ली रेड्ज को हराकर चमचमाती ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया. चेन्नई बुल्स ने फाइनल में दिल्ली रेड्ज को 41-0 के स्कोर से हराकर खिताब अपने नाम किया. वास्तव में, जीत का अंतर जीएमआर आरपीएल के सीजन 1 में सबसे बड़ा है. इस बीच, हैदराबाद हीरोज, जो लीग चरण में प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष पर रहा था, बेंगलुरु ब्रेवहार्ट्स के खिलाफ 17-12 से जीत हासिल करने के बाद तीसरे स्थान पर रहा. चेन्नई बुल्स ने सेमीफाइनल में जहां से छोड़ा था, वहीं से शुरुआत की और शुरुआती मुकाबलों में दिल्ली रेड्ज को कड़ी टक्कर दी. वाफौसे मलिको ने फाइनल का पहला प्रयास किया और फ़िलिप सौतुरागा ने इसे गोल में बदल दिया. कुछ ही देर बाद, रेड्ज ने बुल्स के हमले की पूरी ताकत महसूस की, क्योंकि जोसेवा तालाकोलो ने शानदार मूव को गोल में बदलकर 5 और अंक हासिल किए. पहले हाफ के अंत से पहले, बुल्स ने अपनी बढ़त को और बढ़ा लिया था - टेरी कैनेडी ने दो और प्रयासों के लिए रेड्ज़ को पीछे छोड़ दिया, और गौरव कुमार ने किक से 2 और अंक जोड़े. हाफ-टाइम तक, बुल्स पूरी तरह से नियंत्रण में थे, और 24-0 से आगे थे. ब्रेक के बाद, वर्चस्व जारी रहा, और रेड्ज़ को बुल्स को तोड़ना मुश्किल हो रहा था, इस बीच, बुल्स दबाव बनाने के लिए अपना काम कर रहे थे, क्योंकि कैनेडी द्वारा सेट किए जाने के बाद शानावाज अहमद लाइन के पार चले गए. और फिलिप सौतुरागा ने कुल में 2 और अंक जोड़े. मैच खत्म होने में 4 मिनट बाकी थे, बहुत ही प्रभावशाली बुल्स ने अपने पक्ष में 31-0 की बढ़त बना ली थी. बुल्स ने हार नहीं मानी और मोहम्मद आशिक के कुछ और प्रयासों को शामिल करके इस जीत को और अधिक शानदार जीत बना दिया. इससे पहले दिन में हैदराबाद हीरोज ने जीएमआर रग्बी प्रीमियर लीग के उद्घाटन सत्र में तीसरा स्थान हासिल किया, क्योंकि उन्होंने बेंगलुरु ब्रेवहार्ट्स की चुनौती का डटकर सामना किया. शुरुआती दौर में पिछड़ रहे हीरोज ने पूरी ताकत से वापसी की. हीरोज ने ब्रेवहार्ट्स को 17-12 से हराया. ब्रेवहार्ट्स के लिए टोन शिउ और फिलिप वोकोरच ने प्रयास किए, जबकि अकुइला रोकोलिसोआ ने एक किक को गोल में बदला, ये सभी पहले हाफ में हुए. हीरोज ने जोजी नासोवा के प्रयास और मैनुअल मोरेनो के रूपांतरण के माध्यम से पहले हाफ में वापसी की शुरुआत की थी, केविन वेकेसा और भूपिंदर सिंह ने खेल को बदलने वाले प्रयासों को जोड़ा।

# भारतीय महिला हॉकी टीम को चीन ने 2-3 से हराया

### -लगातार 8वीं हार के बाद एफआईएच प्रो लीग से हुई बाहर

**नई दिल्ली,ए.।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को बर्लिन में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के हाथों 3-2 से हार के साथ एफआईएच प्रो लीग 2024-25 में अपने अभियान का समापन किया. टूर्नामेंट में अपनी लगातार 8वीं हार के साथ, टीम स्टैंडिंग में आखिरी 9वें स्थान पर रही, जिससे एफआईएच नेशंस लीग में उनके रेलीगेट होने की पुष्टि हुई. टीम 16 मैचों में से केवल 10 अंक ही जुटा पाई और अंक तालिका में सबसे नीचे रही. टूर्नामेंट में अपने अंतिम स्थान पर रहने के बाद, भारत अब एफआईएच नेशंस कप में प्रतिस्पर्धा करेगा, जो खेल की वैश्विक शासी संस्था द्वारा आयोजित एक दूसरे स्तर का टूर्नामेंट है. भारत की महिला टीम का प्रतियोगिता से बाहर होना उनके आखिरी मैच से पहले ही तय हो गया था, क्योंकि जर्मनी ने इंग्लैंड को 4-2 से हरा दिया था. इस परिणाम ने भारत के बचने की संभावना को खत्म कर दिया, और उनके पास टूर्नामेंट में बने रहने के लिए कोई अन्य समीकरण नहीं था। भारत ने 2022 में एफआईएच नेशंस कप जीतकर प्रो लीग में पदोन्नति हासिल की थी, जहां उन्होंने फाइनल में स्पेन को 1-0 से हराया था. टीम ने 2023-24 संस्करण में अपनी शुरुआत की, जहां भारत स्टैंडिंग में अंतिम स्थान पर रहा. सुनेलिता टोप्पा (9') और रुतुजा दादासो पिसल (38') भारत के लिए गोल करने वाली खिलाड़ी थीं. चीन ने पेनल्टी कॉर्नर के जरिए दो गोल किए, जिन्हें झांग यिंग ने 19वें और 39वें मिनट में गोल में बदल दिया. चीनी पक्ष के लिए जू वेन्यू ने विजयी गोल किया. दोनों टीमों ने शुरुआत में अनिश्चितता के संकेत दिए. चीन को अपना पहला अवसर चेन यांग के जरिए मिला, जो इस अवसर का फ़ायदा उठाने में विफल रहे. भारत ने जल्द ही अपनी लय हासिल कर ली और टीम को मौका मिला जब नेहा गोयल से मिले पास पर सुनिलिता टोप्पो ने रिवर्स हिट से गोल किया।

# आयुष शेट्टी ने रचा इतिहास, जीता पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब

### -तन्वी शर्मा को फाइनल में मिली हार

**नई दिल्ली,ए.।** आयुष शेट्टी ने यूएस ओपन के फाइनल में कनाडा के ब्रायन यांग को 21-18, 21-13 से हराकर अपना पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब जीता है. हालांकि आयुष से भारतीय बैडमिंटन प्रशंसकों को अच्छी खबर मिली, लेकिन उन्हें निराशा भी हाथ लगी क्योंकि महिलाओं के फाइनल में तन्वी शर्मा यूएस की शटलर बेइवेन झांग से 21-11, 16-21, 21-10 से हार गईं.

आयुष इस सीजन में बीडब्ल्यूएफ खिताब जीतने वाले पहले भारतीय शटलर बन गए. जिससे भारतीय बैडमिंटन में एक बदलाव का संकेत मिलता है. वर्तमान में विश्व में 34वें स्थान पर काबिज आयुष ने भारत के पुरुष एकल खिताब के इंतजार को खत्म कर दिया, 2023 में कनाडा ओपन में लक्ष्य सेन की जीत के बाद यह पहला खिताब है. 47 मिनट में विश्व नंबर 33 यांग पर जीत ने आयुष के लिए एक ठोस सप्ताह का अंत किया. विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता ने डेनमार्क के विश्व नंबर 85 मैग्नस जोहानसन पर 21-17, 21-19 से जीत के साथ प्रतियोगिता फिर से शुरू की. इसके बाद उन्होंने प्री-क्वार्टर फाइनल में हमवतन थारुन मन्नेपल्ली को 21-12, 13-21, 21-15 से हराया।

# अजहर महमूद बने पाकिस्तान की टेस्ट टीम के कार्यवाहक कोच



**नईदिल्ली,ए.।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पूर्व ऑलराउंडर अजहर महमूद को अपनी टेस्ट टीम का मुख्य कोच (कार्यवाहक) नियुक्त किया है। वह आकिब जावेद की जगह लेंगे। बता दें कि जावेद पिछले साल जेसन गिलेस्पी के इस्तीफा के बाद इस जिम्मेदारी को संभाल रहे थे। पीसीबी की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, महमूद अपने मौजूदा अनुबंध की समाप्ति तक इस पद पर बने रहेंगे। पीसीबी ने महमूद को कोच बनाने को लेकर अपनी खुशी जाहिर की है। पीसीबी ने कहा, खेल को लेकर के उनकी गहरी समझ, अंतरराष्ट्रीय अनुभव और इंग्लिश काउंटी क्रिकेट की सफलता, उन्हें इस पद के लिए असाधारण रूप से उपयुक्त बनाती है। पीसीबी ने बयान में आगे कहा, बोर्ड को विश्वास है कि अजहर के मार्गदर्शन में टेस्ट टीम वैश्विक मंच पर ताकत, अनुशासन और प्रदर्शन में आगे बढ़ती रहेगी। महमूद पाकिस्तान क्रिकेट टीम से 21 टेस्ट खेल चुके थे, जिसमें उन्होंने गेंदबाजी में 35.94 की औसत से 39 विकेट लिए थे। दूसरी तरफ बल्लेबाजी में 3 शतकों की मदद से 900 रन बनाए थे। महमूद ने 143 वनडे में 39.13 की औसत के साथ 123 विकेट चटकाए थे। दूसरी तरफ बल्लेबाजी में उन्होंने 1,521 रन अपने नाम किए थे। वह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व नहीं कर सके।

# पहाडगढ़ परियोजना में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका पद हेतु आवेदन 04 जुलाई तक आमंत्रित

**मुरैना,कांस।** संचालनालय महिला एवं बाल विकास भोपाल के निर्देशानुसार पहाडगढ़ परियोजना के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के लिए 05 और सहायिका के लिए 77 पदों के लिए आवेदन 04 जुलाई तक ऑनलाइन आमंत्रित किये गये है। पद पूर्णतः अस्थाई एवं मानदेय आधारित रहेंगे। रिक्त पदों की पूर्ति हेतु एमपी ऑनलाइन द्वारा तैयार ''चयन पोर्टल'' के माध्यम से आवेदन कर सकते है। परियोजना अधिकारी पहाडगढ़ ने बताया कि कार्यकर्ता पद हेतु आंगनवाड़ी केन्द्र रंछोरपुरा, टेलरी, देवगढ़, 103 लेडीपुरा और खिटौरा प्रथम में एक-एक पद हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये है। इसी प्रकार सहायिका पद हेतु आंगनवाड़ी केन्द्र पंछीपुरा, रजा राम का पुरा, पटवा का पुरा, रामनगर, शीतलपुर, सामोली पुरा, राजाराम का पुरा, शेरपुर, इन्द्रावास, महावीर का पुरा, पासोड़ी, सुग्रीव का पुरा, निरपाल पुरा, रसोंधना हार, भगवान सिंह का पुरा, पटेल पुरा, कोरी पुरा, कालीपुरा, नीमकछ, धोबी का पुरा, मद्दीपुरा, काशीराम पुरा, अटार, लोंडूपुरा, जनुआपुरा, रानीपुरा, निरार, जाजीपुरा, टेलरी, देवरा, झिनिया, घाड़ौरा का पुरा, शेरा डोंगरपुर, नहलका, ऊमरवाला, कपटापुरा, मनीराम का पुरा, ग्यासीराम का पुरा, बुद्धापुरा, फोदीपुरा, चेनापुरा, नरहौली, कल्याण का पुरा, बघेलपुरा, चक्कापुरा, पगारा, बाबूपुरा, परसोटा तृतीय, पुरोहित पुरा, लेडीपुरा, अजबपुरा, धर्मसिंह का पुरा, माधौसिंह का पुरा, बलधारी पुरा, महावन, राजाराम का पुरा, बहादुर का पुरा, झडूआ पुरा, गोलखेरा, कोरीपुरा, कटेलापुरा, बरवासिन, लोहरीपुरा, मंगत सिंह का पुरा, जाटव पुरा, भोजपुरा, मल्हपुरा, तुस्सीपुरा, ठेगीपुरा, सिंगरोली, छितरिया पुरा, कुकरौली, रामलाल पुरा, छउआपुरा, धोंधवार का पुरा, हीरा सिंह का पुरा और श्यामलाल का पुरा में एक-एक पद हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये है। नियुक्ति से संबंधित नियम, निर्देश, शर्तें, आवेदन का प्रारूप, शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य अर्हताओं से संबंधित जानकारी एमपी ऑनलाईन द्वारा तैयार ÷चयन पोर्टल÷ एवं विभागीय बेवसाइट पर द्वश्च2ष्स्र-द्वद्धद्य.द्दश1.द्वठ्ठ पर उपलब्ध है। आवेदिका उसी वार्ड की निवासी होना अनिवार्य है। अन्य वार्ड की महिला आवेदन हेतु पात्र नहीं है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु शैक्षणिक योग्यता हायर सेकेण्डरी (12वीं उत्तीर्ण) अनिवार्य है। कार्यकर्ता एवं सहायिका के पद के लिए 1 जनवरी 2025 की स्थिति में 18 से 35 वर्ष होना अनिवार्य है। आवेदन केबल ऑनलाइन लिए जायेंगे। आवेदन का संशोधन 07 जुलाई तक किये जा सकेंगे।

# कलेक्टर ने समय-सीमा के पत्रों की समीक्षा बैठक में खाद वितरण की समीक्षा की

**शिवपुरी ब्यूरो।** कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में आज जिलाधीश कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा के पत्रों की समीक्षा बैठक में खाद वितरण तथा समग्र ईकेवाईसी की समीक्षा की। बैठक में सीएम हेल्पलाइन और समय सीमा पत्रों सहित अंतर्विभागीय विषयों पर चर्चा की गई। सभी अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन को गंभीरता से लेते हुए निराकरण के निर्देश तथा लापरवाही करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने समस्त जिलाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन के मामले में अपने अधीनस्थ कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों की मॉनिटरिंग करें। उन्होंने लोक सेवा गारंटी के प्रकरणों को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए। अधिकारी, जिन मामलों में तत्काल निराकरण किया जा सकता है उसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल संतुष्टि पूर्वक निराकरण करें। लापरवाह अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में डीईओ, डीपीसी, शासकीय कॉलेज तथा एसआरएलएम के अधिकारियों को समग्र ईकेवायसी के कार्य में सक्रियता से काम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अपने अमले को निर्देशित करें और सभी की समग्र ई केवाईसी होना चाहिए। बैठक में खाद वितरण की भी समीक्षा की और कृषि विभाग, मार्कफेड, सहकारिता विभाग और सहकारी बैंक के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। इसके अलावा खाद वितरण केंद्रों पर पूरी व्यवस्था के साथ खाद वितरण किया जाए, कहीं कोई अव्यवस्था ना हो। खाद का वितरण और राशन का वितरण अंगूठा लगाए जाने के उपरांत ही किया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राहवीर योजना संचालित की गई है। इस योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से घायल पीड़ितों को गोल्डन ऑवर के अंदर अस्पताल तक ले जाने वाले व्यक्तियों को राह-वीर के रूप में परिभाषित कर उनके द्वारा किये गये कार्यों के लिए प्रोत्साहन स्वरूप नगद राशि 25 हजार रुपए एवं प्रमाणपत्र देना प्रावधानित किया गया है। इस योजना में पात्र व्यक्तियों को चिंहित कर लाभांवित किया जाए। उन्होंने कहा कि स्कूल भवनों को उद्घाटन के लिए न रोका जाए। भवन निर्माण उपरांत ही संचालन की कार्यवाही की जाए, जर्जर स्कूल भवनों का समय पर जीर्णोद्धार कराए। बैठक में गतदिनों मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन की अध्यक्षता में आयोजित वीडियों कॉफ्रेंस के विभिन्न विषयों की भी समीक्षा की गई।

# जल गंगा संवर्धन अभियान समापन कार्यक्रम आयोजित

**शिवपुरी ब्यूरो।** जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन समारोह आज मानस भवन शिवपुरी में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कोलारस विधायक महेन्द्र यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, जनपद अध्यक्ष शिवपुरी हेमलता रावत, पूर्व विधायक रमेश खटीक, भाजपा जिला अध्यक्ष जसमंत जाटव, कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश स्तरीय समापन समारोह के सीधा प्रसारण को उपस्थित जनसमूह ने देखा एवं सुना। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जिलत कर किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन ने संबोधित करते हुए जिले में जल संरक्षण हेतु किए गए कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेत तालाब निर्माण, कुएं, बावड़ियों एवं नलकूपों का जीर्णोद्धार किया गया है। जनपद अध्यक्ष हेमलता रावत ने जल संरक्षण के साथ ही जल संरचनाओं की सुरक्षा पर जोर देते हुए अपील की कि बरसात के जल को रोकते समय सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें ताकि बच्चों की दुर्घटनाओं को रोका जा सके। जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव ने कहा कि जल संरक्षण हेतु जनसहभागिता आवश्यक है। उन्होंने पौधरोपण को पर्यावरण संरक्षण का अनिवार्य हिस्सा बताया। भाजपा जिला अध्यक्ष जसमंत जाटव ने कहा कि जिले में जल गंगा अभियान के अंतर्गत सराहनीय कार्य हुए हैं। उन्होंने ÷एक पेड़ मां के नाम÷ अभियान के अंतर्गत पौधरोपण करने का आह्वान किया। पूर्व विधायक रमेश खटीक ने जल संरक्षण को भावी पीढ़ियों के लिए धरोहर बताया और कहा कि पौधरोपण से वर्षा की मात्रा बढ़ेगी जिससे जल संरक्षण की दिशा में और अधिक सफलता मिलेगी। कोलारस विधायक महेन्द्र यादव ने कहा कि शासन द्वारा संचालित अभियानों में आम नागरिकों की भागीदारी से ही सफलता मिलती है। उन्होंने सभी नागरिकों से जल संरक्षण के प्रयासों में सहयोग की अपील की। कार्यक्रम में जल संरक्षण के कार्य में सक्रियता से कार्य करने वाले जलदूत तथा जल दीदीयों एवं अन्य गणमान्य नागरिकों का अतिथियों के द्वारा सम्मान किया गया।

# सडक हादसे में घायलो की उपचार के दौरान की मौत

**मुरैना,कांस।** जिले के रिठौरा व बागचीनी थाना क्षेत्रों में सडक हादसे में घायल हुए दो लोगों की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रिठौरा थाना क्षेत्र में दिनांक 7 जून को सडक हादसे में घायल हुए विनोद कुमार पुत्र पुत्तूलाल निवासी ग्राम सुजातपुर थाना एका जिला फ़िरोजाबाद यूपी को उपचार के लिए जयारोग्य चिकित्सालय ग्वालियर में भर्ती कराया गया था जहॉ उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। इसी प्रकार बागचीनी थाना क्षेत्र के ग्राम बरौली में अशोक सिकरवार के घर के आगे मोड पर जा रहे जितेन्द्र पुत्र रणवीर सिकरवार उम्र 30 साल को ट्रेक्टर क्रमांक एमपी06 एसी 8150 के चालक ने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए युवक को टक्कर मार दी जिससे युवक बुरी तरह घायल हो गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहॉ उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। संबंधित थाना पुलिस ने मामले दर्ज कर विवेचना में लिए गए है।

# माधव राष्ट्रीय उद्यान में पर्यटकों के लिए प्रवेश 1 जुलाई से 30 सितम्बर तक प्रतिबंधित

**शिवपुरी ब्यूरो।** सभी राष्ट्रीय उद्यानो में 1 जुलाई से 30 सितम्बर तक पर्यटकों का प्रवेश प्रतिबंधित रहता है। माधव टाइगर रिजर्व, शिवपुरी अंतर्गत पर्यटन वर्ष 2024-25 (01 अक्टूबर 2024 से 31 मई 2025) में 14467 भारतीय एवं 14 विदेशी, कुल 14481 पर्यटको द्वारा माधव टाइगर रिजर्व का भ्रमण किया गया। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष पर्यटकों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। टाइगरो का खुले क्षेत्र में छोड़ा गया है तथा पर्यटको हेतु जिस तरह से माधव राष्ट्रीय उद्यान के आसपास पर्यटन सुविधाओं में वृद्धि हो रही है एवं गाईड आदि प्रशिक्षित किए जा रहे है उससे आगामी पर्यटन सत्र में पर्यटकों की संख्या में और अधिक वृद्धि होने की संभावना है। पिछले 2 वर्षों में आये पर्यटकों की संख्या वर्ष 2023-24 में पर्यटकों की संख्या 8765 एवं वर्ष 2024-25 में पर्यटकों की संख्या 14481 है।

# जिले में खाद की उपलब्धता की जानकारी

**शिवपुरी ब्यूरो।** जिले में वर्तमान में 22127 मै. टन खाद उपलब्ध है। जिसमें 5479 मै. टन यूरिया, 648 मै.टन डीएपी, 3829 मै.टन एनपीके, 11670 मै.टन एसएसपी, 501 मै. टन एमओपी उपलब्ध है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उपसंचालक ने बताया कि जिले में खरीफ सीजन 01 अप्रैल से आज दिनांक तक 36251 मै. टन खाद वितरण हो चुका है। जिसमें 12218 मै. टन यूरिया, 9461 मै. टन डीएपी, 5767 मै. टन एनपीके, 8562 मै. टन एसएसपी, एवं 243 मै. टन एमओपी है। 30 जून को एनएफएल कंपनी का यूरिया की रैक शिवपुरी रैक पॉइंट पर लगी है जिससे जिले को 1688 मै. टन यूरिया प्राप्त होगा। जिसमें मार्कफेड को 250 मै. टन, 24 सहकारी समितियों को 600 मै.टन, एमपी एग्रो को 50 मै. टन एवं निजी उर्वरक विक्रेताओं को 788 मै.टन यूरिया प्राप्त होगा। किसान भाईयों को सलाह दी जाती है कि किसान भाई खरीफ की बोनी हेतु डीएपी उर्वरक उपलब्ध न होने की दशा में तत्वों की पूर्ती हेतु विकल्प के तौर पर अन्य उर्वरक जैसे एनपीके 12:32:16, 16:16:16, 20:20:0:13 एवं नैनो डीएपी के माध्यम से भी बोनी की जा सकती है। वह खाद के लिए जिला स्तर पर न आकर संबंधित तहसील, निकटतम सोसायटी या निजी विक्रय केंद्रों से ही खाद प्राप्त करें। जिले में उर्वरक पर्याप्त मात्रा निजी एवं सहकारी केंद्रो पर भंण्डारित है किसान भाई आवश्यकतानुसार उर्वरकों का उठाव कर सकते है।

# नागर कालोनी आंतरी में बस्ती के ऊपर से निकली हाई टेंशन विद्युत लाइन के करंट से 6 साल की बच्ची की मौत

## गुस्साए परिजनों ने विद्युत कार्यालय पर शव को रखकर किया प्रदर्शन, 20 घरों से ऊपर से निकली हे यह लाइन, 15 दिन में लगा तीन बच्चों को करंट, विद्युत विभाग ने लाइन हटाने को कहा







करंट लगने से मेरी बच्ची की मृत्यु हो गई पूर्व में भी इस विद्युत लाइन हटाने बिजली विभाग को आवेदन दिए लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई

**दिनेश नागर**
**मृतक बच्ची के पिता**



मेरे बच्चे अर्जुन को भी कुछ समय पूर्व करंट लगा था जिसकी शिकायत भी बिजली विभाग में की थी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई

**मधु नागर**
**नागर बस्ती आंतरी**



नागर बस्ती में विद्युत लाइन पूर्व की निकली हे हम इसे हटाने के लिए कार्यवाही कर रहे हे शीघ्र लाइन हटाई जाएगी

**दिनेश नागर**
**सहायक प्रबंधक विद्युत विभाग कैलारस**

कल करंट लगने से एक बच्ची की मौत हो गई थी जिसे परिजन एव ग्रमीण पोस्टमार्टम के बाद विधुत मंडल कार्यालय लेकर पहुच गए थे परिजनो को समझाइस दे दी गई थी जल्द ही विधुत विभाग के कर्मचारियों से बात कर समस्या का समाधान कर दिया जाएगा

**संतोष गौतम**
**उप निरीक्षक**

**कैलारस।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नागर कालोनी आतरी गांव में 8 साल पूर्व नट नागर समाज के 42 लोगो को शासकीय पत्ते आवास हेतु मिले जिन पर लोगों ने मकान बना लिए लेकिन उसी समय इस क्षेत्र 11 के बी विधुत लाइन निकली हुई थी इसमें हाई विद्युत परवाह रहने से दिनांक 29 जून को शाम 5 बजे दिनेश नागर की 6 साल की बच्ची रुचि खेलते खेलते छत पर चली गई और विद्युत लाइन की चपेट में आ गई जिससे बच्ची के8 मौत हो गई बस्ती के लोगों ने बताया कि इस घटना से पूर्व 15 दिन में हुई तीन घटनाएं जिसमें दो बच्चे खुशबू ओर अर्जुन भी बिजली लाइन से झुलसे एक बच्ची रुचि की हुई मौत बच्ची के पिता दिनेश नागर ने बताया की ग्राम आतरी पुरानी बस्ती में हमारे घरों के ऊपर से 11 ट्ठ विधुत लाईन निकली हुई हैं।

यह भूमि हमे शासन द्वारा पट्टे में दी गई थी जिसमे हमने मकान बनाए हैं मेरी बेटी रुचि कल बच्चो के साथ छत पर खेल रही थी तबी उसे 11 के वी लाइन से करंट लग गया जिसको स्वास्य केंद्र कैलारस लेकर आये जहां पर डियूटी डॉ ने मृत घोषित कर दिया जिसका सुबह पोस्टमार्टम कर लिया गया है वही बच्ची के पोस्मार्टम के बाद नाराज बच्ची के परिजन एव ग्रमीण विधुत विभाग कार्यालय कैलारस पहुचे ओर बच्ची के शव को जमीन पर रख मकानों के ऊपर से निकल रही 11 के बी लाइन को हटाने की मांग करने लगे वही बच्ची के परिजनों और ग्रमीणों का कहना था कि पंद्रह दिनों में तीन घटनाए हो चुकी हैं पूर्व में दो बच्चे खुशवु को हाथ और पर4 में वही अर्जुन सिर में करंट लग चुका है जो कि जो कि करंट से झुलस गए थे कल रुचि नागर को करंट लग गया था जिससे उसकी मौत हो गई हमारे मकानों के ऊपर से 11 के बी लाइन को हटाए जाए आये दिन हादसे हो रहे है।

काफी परेशान है पूर्व में भी कई बार बोल चुके है लेकिन हमारी समस्या का समाधान नही हुआ इस लिए हम सब बच्ची के शव को लेकर यहा आये है वही ग्रमीणों एव बच्ची के शव को लेकर विधुत विभाग कार्यालय पर पहुँचने की सूचना मिलते ही कैलारस उपनिरीक्षक संतोष गौतम, शैलेन्द्र चौहान, प्रधान आरक्षक पंचम सिंह आरक्षक विष्णु जाट सहित विधुत विभाग के कर्मचारी मोके पर पहुचे विद्युत विभाग के सहायक प्रबंधक दिनेश शर्मा ने अस्वाशन दिया कि आपकी समस्या का जल्द समाधन कियॉ जायेग आश्वासन मिलने के बाद परिजन एवं ग्रामीण बच्चों के सब को लेकर घर चले गए।

# मानवाधिकार जन निगरानी समिति का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**मुरैना,कांस।** मानवाधिकार जन निगरानी समिति के नव निर्वाचित पदाधिकारियो का शपथ ग्रहण समारोह गत दिवस नगर पालिका जौरा के अध्यक्ष श्री निखिलेश माहेश्वरी की अध्यक्षता,मुख्य अतिथि हाईकोर्ट ग्वालियर के वरिष्ठ अभिभाषक श्री विनय मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री नीरज डण्डोतिया, मध्यप्रदेश संयोजक श्री कोकसिंह तोमर के निर्देशन में ज्ञानसिह राजपूत की अध्यक्षता में शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। जिसमें जिलाध्यक्ष रामनिवास आर्य पीव्हीसीएचआर व श्री पीसी गुप्ता मैनेजमेन्ट, जिला प्रभारी राहुल वर्मा, मुख्य सचिव दिवाकर मुदगल, शरीफ खॉन, जौरा से मेनेजमैन्ट सदस्य रहीश खॉन, ब्लॉक अध्यक्ष रानीखॉन, चरनसिंह कुशवाह शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह के बाद वरिष्ठ पदाधिकारी कोकसिंह तोमर एवं ज्ञानसिह राजपूत ने नव निर्वाचित पदाधिकारियो को बधाई दी।

# सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की अनुपालना में जिला न्यायाधीश की अध्यक्षता में गठित बोर्ड ऑफ विजिटर्स के सदस्यगण द्वारा किया गया जिला कारागृह का निरीक्षण

## जेल में बंदियों के साथ न हो जातिगत भेदभाव- अरूण कुमार अग्रवाल



**धौलपुर ब्यूरो।** सर्वोच्च न्यायालय के रिट पिटीशन संख्या 1404/2023, उनवान सुकन्या संस्था बनाम यूनियन ऑफ इंडिया में पारित आदेश की पालना, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसरण में जिला एवं सेशन न्यायाधीश की अध्यक्षता में गठित बोर्ड ऑफ विजिटर्स के सदस्यगण द्वारा जिला कारागृह का निरीक्षण किया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसरण में जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने जेल में स्थापित प्रिजिन लीगल एड क्लीनिक का भी निरीक्षण किया तथा इस संबंध में जारी एसओपी की पालना सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान बोर्ड ऑफ विजिटर्स द्वारा जेल में प्रत्येक बैरिक एवं रसोई घर में जाकर बंदियों से जातिगत भेदभाव के संबंध में पूछताछ करने पर किसी भी बंदी द्वारा जाति के आधार पर भेदभाव नहीं होना बताया। टीम द्वारा जेल में रसोई घर में पहुंचकर भोजन की गुणवत्ता को जांचा। खाना बनाने वाले बंदियों से पूछताछ करने पर विभिन्न जाति व समुदाय के बंदियों द्वारा संयुक्त रूप से मिलजुलकर खाना बनाया जाना व्यक्त किया। कारागृह में साफ सफाई की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई तथा शौचालयों की साफ-सफाई के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने जेल में मौजूद बंदियों से उनके अधिवक्ता के संबंध में जानकारी प्राप्त की। सभी बंदियों द्वारा अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण की पैरवी किया जाना बताया तथा किसी भी बंदी द्वारा अधिवक्ता न होने का कथन नहीं किया गया। टीम द्वारा बंदियों को कारागृह में मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं जैसे भोजन, आवास, नाश्ता, स्वच्छ पेयजल, चिकित्सीय सुविधाओं व रसोईघर, बैरक इत्यादि का जायजा लिया। जेल में स्थित चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया तथा बंदियों को दी जाने वाली दवाइयों की जानकारी ली। जेल में डॉ. सुमित मित्तल मौजूद मिले। इस अवसर पर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अरुण कुमार अग्रवाल, जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी, जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी धर्मसिंह मीणा, जिला साक्षरता अधिकारी वीरी सिंह, सहायक अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग नागेन्द्र सिंह परिहार, सहायक निदेशक कृषि विभाग प्रभूदयाल शर्मा, जिला उद्योग अधिकारी मितुल कुमार, प्रतिनिधि जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी मुकेश सिंह, प्रतिनिधि जिला रोजगार अधिकारी संजू, चीफ लीगल एड डिफेंस कॉउन्सिल अमित कम्ठान, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस कॉउन्सिल पप्पू सिंह गुर्जर, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल मीता अग्रवाल, आराधना शर्मा, दीपक सिकरवार, जिला न्यायालय के स्टेनो मनोज वर्मा, प्राधिकरण के कनिष्ठ सहायक सुरेंद्र सिंह एवं जेल अधीक्षक सुमन मीणा सहित कारागृह का स्टॉफ एवं बंदीजन मौजूद रहे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत शिविरों का होगा आयोजन

**धौलपुर ब्यूरो।** राज्य सरकार सभी वर्गों युवा, महिला, किसान और गरीब के उत्थान के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही है। अन्त्योदय के लक्ष्य की प्राप्ति के क्रम में वंचितों को वरीयता देते हुए राज्य सरकार 24 जून से 9 जुलाई तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा संचालित किया जाएगा। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी बताया कि पखवाड़े के तहत आयोजित होने वाले शिविरों में अधिक से अधिक व्यापक गतिविधियां संचालित कर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प ''गरीबी मुक्त राजस्थान'' बनाना है। इसी दिशा में सरकार ने 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना' शुरू की है, जिसके माध्यम से पहले चरण में जिले के गांवों के सभी बीपीएल परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर लाएंगे।

**यहां होगा शिविरों का आयोजन**

जिला कलक्टर ने बताया कि 1 जुलाई को उपखण्ड धौलपुर की ग्राम पंचायत फिरोजपुर के पंचायत भवन में, दुबरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में, उपखण्ड बाड़ी की ग्राम पंचायत मत्सूरा के अटल सेवा केन्द्र में, बिजौली के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड बसेड़ी की ग्राम पंचायत गुर्जा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में, भारली के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड राजाखेड़ा की ग्राम पंचायत बसईकारे के अटल सेवा केन्द्र में, चौहानपुर के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड सैपऊ की ग्राम पंचायत हाजीपुर के अटल सेवा केन्द्र में, सहरौली के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड सरमथुरा की ग्राम पंचायत लीलौठी के अटल सेवा केन्द्र में तथा 2 जुलाई को उपखण्ड धौलपुर की ग्राम पंचायत लुहारी के नव निर्मित भवन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में, जाटौली के अटल सेवा केन्द्र में, कासिमपुर के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड बाड़ी की ग्राम पंचायत खानपुर-मीना के अटल सेवा केन्द्र में, नकसौदा के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड बसेड़ी की ग्राम पंचायत मूडिक के अटल सेवा केन्द्र में, खिडौरा के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड राजाखेड़ा की ग्राम पंचायत लालपुर के अटल सेवा केन्द्र में, सामौर के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड सैपऊ की ग्राम पंचायत नुनहेरा के अटल सेवा केन्द्र में, मढ़कांकोली के अटल सेवा केन्द्र में, कूकरा मांकरा के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड सरमथुरा की ग्राम पंचायत बीझोली के अटल सेवा केन्द्र में तथा बरौली के अटल सेवा केन्द्र में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

# अतिरिक्त जिला कलक्टर ने किया सरानी में आयोजित अंत्योदय संबल शिविर का निरीक्षण

**धौलपुर ब्यूरो।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर का अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना ने अटल सेवा केंद्र सरानी में रविवार को निरीक्षण किया। शिविर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर कार्यक्रम के अंतर्गत लाभार्थियों को आवश्यक सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया। शिविर में कुल 25 मिट्टी नमूने एकत्र किए गए एवं 12 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए। समाज कल्याण विभाग के 81 पेंशन प्रकरणों का सत्यापन शेष था, जिसके लिए मौके पर मौजूद कर्मचारियों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से डोर-टू-डोर जाकर पेंशन सत्यापन का कार्य शत-प्रतिशत कराने के निर्देश दिए गए। कृषि विभाग के कनिष्ठ अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि शिविर के दौरान चेनपूरी फीडर की हाई रिस्क लाइन पर 18 खंभे लगाए गए हैं तथा 15 किलोमीटर क्षेत्र में झाड़ियों की कटाई कराई गई है। पटवारी द्वारा बताया गया कि सीमाज्ञान के ऑनलाइन 6 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। कुरेजात के 3 प्रकरणों में से 2 का निस्तारण किया गया, रास्ते के 2 प्रकरणों का भी निस्तारण किया गया। चिकित्सा विभाग द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत यूडीआई में 21 लोगों की जांच की गई, 23 लोगों की लैब जांच कराई गई, 3 लोगों की टीबी स्क्रीनिंग की गई तथा 3 लोगों का टीकाकरण किया गया। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे अधिक से अधिक लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ मिल सके। इस दौरान उन्होंने अटल सेवा केंद्र सरानी परिसर में पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर अल्का श्रीवास्तव, तहसीलदार धौलपुर, शिविर प्रभारी एवं सहायक शिविर प्रभारी उपस्थित रहे।

# नादौली अंत्योदय शिविर में वर्षों पुराना भूमि विवाद सुलझा, तीन भाइयों में मिटे गिले शिकवे

**धौलपुर ब्यूरो।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत नादौली में आयोजित शिविर ने एक लंबे समय से अटके भूमि विवाद का समाधान कर तीन भाइयों को राहत दी। ग्राम सामलियापुरा निवासी अमरेश, मनोज और माताप्रसाद पुत्र बिजेन्द्र, अपनी पैतृक भूमि के बंटवारे को लेकर वर्षों से परेशान थे। आपसी सहमति होने के बावजूद राजस्व रिकॉर्ड में बंटवारे की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही थी, जिससे कानूनी और पारिवारिक उलझनें लगातार बनी हुई थीं। शिविर में तीनों भाइयों ने अपनी समस्या कैंप प्रभारी एवं उपखंड अधिकारी वर्षा मीणा के समक्ष रखी। उपखंड अधिकारी ने तुरंत नायब तहसीलदार को मौके पर सहमति का विभाजन करवाने के निर्देश दिए। नायब तहसीलदार ने भू-अभिलेख निरीक्षक और हल्का पटवारी की सहायता से मौके पर ही सभी कागजात जांचकर सहमति से विभाजन तैयार करवाया और तुरंत स्वीकृत भी कर दिया। हल्का पटवारी ने इसे मौके पर ही ऑनलाइन दर्ज किया और उसकी प्रति तीनों भाइयों को शिविर में ही सौंप दी। वर्षों से लंबित मामला एक ही दिन में निपटते देख तीनों भाइयों के चेहरे पर राहत के भाव छलक रहे थे। सभी भाइयों ने जिला प्रशासन और राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया।

# टीएल पत्रों का समय से निराकरण करवायें - कलेक्टर

### बरसात को ध्यान में रखते हुये नाले-नालियों की सफाई कर ब्लीचिंग पाउडर डलवायें



**मुरैना,कांस।** जनसुनवाई के अलावा प्रतिदिन समय-समय पर प्राप्त होने वाले आवेदनों को मेरे द्वारा टीएल मार्क कर उत्तरा पोर्टल पर अपलोड किया जाता है। उन आवेदनों का अधिकारी समय सीमा में निराकरण करना सुनिश्चित करें। टीएल में आने से पहले एक बार उन पत्रों को पढ़कर उत्तर देने के लिये सही समझें, तभी उसका उत्तर दें। ये निर्देश कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में आयोजित टीएल बैठक के दौरान समस्त अधिकारियों को दिये। इसके साथ ही उन्होंने समस्त जनपद सीईओ एवं सीएमओ को निर्देश दिये कि बरसात को ध्यान में रखते हुये सभी नगरीय निकाय एवं जनपदों में नाले एवं नालियां साफ होने चाहिये। इसके साथ ही पेयजल स्त्रोतों पर दवा डलवायें तथा गंदे स्थानों पर साफ सफाई कराकर ब्लीचिंग पाउडर डलवायें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री कमलेश कुमार भार्गव, अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद, आयुक्त नगर निगम, समस्त एसडीएम, जिला अधिकारी, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ सहित तहसीलदार उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने कहा कि बरसात को ध्यान में रखते हुये तहसील स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित कराये गये है। संबंधित तहसील के अंतर्गत कहीं भी किसी रपटे पर पानी पहुंचता है तो उसकी जानकारी तहसीलदार के संज्ञान में होना चाहिये। उन्होंने कहा कि सभी तहसीलों पर मॉकड्रिल एवं होमगार्ड सहित बैठक आदि करा ली जाये, उनका प्रचार-प्रसार भी कराया जाये। कलेक्टर ने कहा कि नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायतों में नाले-नालियों की सफाई करा दी जाये, सफाई के बाद उस स्थान पर कीटनाशक दवा का छिड़काव करायें एवं जल स्त्रोतों में दवा डलवायें। इसके लिए पीएचई विभाग से मार्गदर्शन ले सकते है। कलेक्टर ने सभी नगरीय निकाय एवं जनपदों से वन-टू-वन चर्चा कर वस्तुस्थिति के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि डब्ल्यूआरडी यह सुनिश्चित करें कि सबलगढ़ टोंगा तालाब का पानी निकलने वाले स्थल का नजरी नक्शा बनाये, पानी ओवरफ्लो होने पर नहर में कैसे डाला जा सकता है, उसकी प्लानिंग करके रखें। कलेक्टर ने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में खुले कुंआ-बावड़ी में कोई पशु न गिरे, यह सुनिश्चित करें। अगर कोई पशु गिर भी जाता है तो उसे निकालने के लिए कुएं में नीचे नहीं उतरे। संबंधित एसडीएम रेस्क्यू टीम का प्रबंध करें और उन्हें बाहर निकालने का प्रबंध करें। कलेक्टर ने पीओ डूडा को निर्देश दिये कि नगरीय निकायों में ऐसे कितने खुले ट्रान्सफार्मर, फीडर या पोल लगे हुये है, जिससे करंट लगने से पशु या अन्य लोगों की जान को खतरा पहुंच सकता है, उसकी सूची बनाकर मंगवाये। उस सूची को विद्युत मंडल को उपलब्ध करवाकर उन स्थानों पर जाली या अन्य किसी सामग्री का उपयोग कर करंट से बचाया जा सके। कलेक्टर ने कहा कि समग्र आईडी में राज्य स्तर से मुरैना जिले के 17 हजार 818 नाम डुप्लीकेट दिखाई दे रहे है। उनमें से समस्त नगरीय निकाय एवं जनपद उन नामों को डिलीट कर इस प्रकार का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करें कि डुप्लीकेट नामो को सूची से विलोपित कर दिया गया है। कलेक्टर ने कर्मयोगी की जानकारी जिला पंचायत न भेजने वाले अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत को दिये। उन्होंने कहा कि शासकीय कार्यालयों में शासकीय वाहन चालकों का एक सप्ताह के अंदर हेल्थ चैकअप करायें, जिसमें बीपी, शुगर, आंखो की जांच होना चाहिए, इसके लिये जिला चिकित्सालय के अलावा ब्लॉक स्तर पर भी प्रबंध किया गया है। सभी अधिकारी अगली टीएल बैठक में इस आशय का प्रमाण-पत्र देंगे कि हमने अपने वाहन चालक का हेल्थ चैकअप करा दिया है। उन्होंने कहा कि ट्रायवल और पिछड़ा वर्ग विभाग में क्रमशः 204 एवं 514 छात्रवृत्ति के आवेदन एप्रूवल के लिए पोर्टल पर लंबित है, इसके लिए उन कॉलेजो के प्राचार्यो को नोटिस जारी करें। इस कार्य में विलंब न हो, डीईओ ट्रायवल कार्य को प्राथमिकता दें। बैठक में कलेक्टर ने संबल पोर्टल, फूड सेफ्टी के बारे में विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने सीएमएचओ को निर्देश दिये कि आयुष्मान कार्ड पिछले सप्ताह 2687 बनाये गये है, इस कार्य को और तीव्रता से कराया जाये। उन्होंने समस्त जनपद सीईओ को निर्देश दिये कि 70 वर्ष से अधिक आयु के बनाये गये आयुष्मान कार्ड और अभी भी लंबित कितने है, उसकी जानकारी भेजें। कलेक्टर ने कहा कि ब्लॉक स्तर पर एससी, एसटी अत्याचार निवारण की बैठकें विगत लंबे समय से नहीं हुई है। उन समितियों का गठन कर एसडीएम स्तर पर बैठक कराई जाये। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये कि पिछले वर्ष जिन गांवो में मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया के मरीज ज्यादा निकले थे, उन गांवो का एसडीएम भ्रमण करें। मलेरिया टीम को साथ में ले जाये, दवा का छिड़काव करायें, जिसका प्रचार-प्रसार दिखना चाहिए। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये कि केवल राजस्व अधिकारियों की लंबित सीएम हेल्पलाइन 4 हजार पोर्टल पर दिख रहीं है, उन्हें अतिरिक्त शीघ्र निराकरण करायें। कलेक्टर ने समस्त सीएमओ एवं जनपद सीईओ को निर्देश दिये कि गौवंश के सींग पर रेडियम का निशान लगवायें जाए।कलेक्टर ने कहा कि 01 जुलाई से सभी विभागों की फाइलें ऑनलाइन आना चाहिए, कोई भी फाइलें ऑफलाइन नहीं ली जायेगी।

# मलेरिया की जागरूकता हेतु मौधना जवाहर गांव में लगाया जागरूकता शिविर



**मुरैना,कांस।** जिला कलेक्टर अंकित अस्थान एव सिविल हॉस्पिटल जोरा के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आर एस सेमिल के मार्गदर्शन में मलेरिया रोग के प्रति जन समुदाय को जागरूक करने हेतु ग्राम मौधना जवाहर एवं मौधना भीकम में मलेरिया जन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें एम पी एस दीनदयाल शर्मा एवं रामनिवास कुशवाह के द्वारा अपनी स्वास्थ्य टीम में सी एच ओ आशीष शर्मा, एएनएम आरती राठौर एवं आशा कार्यकर्ता प्रवेश सिकरवार के साथ गांव में लोगों को मलेरिया, चिकनगुनिया एवं डेंगू के प्रति जागरूक किया गया इस अवसर पर टीम के द्वारा गांव में हर घर में दस्तक देकर लोगों से चर्चा की एवं उन्हें मलेरिया रोग से बचाव हेतु जानकारी दी साथ ही घरों में पानी की टंकियों, कूलर की टंकी एवं अन्य ऐसे स्थान जहां पर जल भराव हो उस की देख रख करने एवं उस पानी को खाली करने एवं टंकीयों को सूखने के बाद दोबारा पानी भरने की सलाह दी गई उन्हें बताया गया कि ज्यादा दिन तक भरे हुए पानी में लार्वा हो सकता है इसलिए ज्यादा समय तक पानी का भराव ना करें एवं घरों के आसपास साफ सफाई रखे साथ ही रात्रि के समय सोते समय फुल कपड़े पहनकर सोए एवं मच्छरदानी का प्रयोग करें व बुखार आदि आने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर अपने स्वास्थ्य की जांच काराये ।

## राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण के तहत अधिकारियों की टीम ने विभिन्न वार्डो में पहुंचकर लोगों को समझाईश दी



**मुरैना,कांस।** राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत गत दिवस हुई जिला टास्क फोर्स की बैठक में कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मुरैना के निर्देशानुसार सोमवार को मुरैना शहरी क्षेत्र विक्रमनगर वार्ड 45, वनखण्डी वार्ड 39, पुरानी हाउसिंग वोर्ड वार्ड 20, सिंगलवस्ती वार्ड 12 में मलेरिया, डेंगू व चिकुनगुनिया की रोकथाम एवं जन जागरूकता की बैठक स्वास्थ्य विभाग की टीम, ऑगनवाडी कार्यकर्ता द्वारा की गई। जिसमें उपस्थित वार्डो के सभी लोगों को मलेरिया, डेंगु व चिकुनगुनिया के लक्षण एवं बचाव के बारे में समझाया गया। बुखार आने पर तुरंत रक्त की जांच नजदीकी सरकारी अस्पताल में कराने की सलाह दी। मलेरिया विभाग (स्वास्थ्य विभाग) टीम द्वारा मुरैना शहरी वार्डो में डेंगू, चिकुनगुनिया, मलेरिया की रोकथाम हेतु लार्वा सर्वे एवं लार्वा विनष्टीकरण, बी.टी.आई 5 प्रतिशत टेमीफोस दवा का छिडाकव कार्य, घर-घर जाकर घरो में टंकी, कूलर, टायर, छत पर रखे मटके आदि कंटेनर, फीज के पीछे लगे टब, पंछी के पानी पीने के सकोरे आदि में लार्वा चेक किया। इस अवसर पर भ्रमण अधिकारी डी.एच. ओ. डॉ. आनंद बंसल उपस्थित थे। उन्होंने लोंगो को डेंगू, चिकुनगुनिया व मलेरिया से बचाव के प्रति समझाईस दी।

## जन उत्थान न्यास ने मेधावी छात्र-छात्राओ को सम्मानित किया

**मुरैना,कांस।** जन उत्थान न्यास ग्वालियर ने मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें बोर्ड परीक्षाओ में अब्बल अंक अर्जित करने वाले छात्र-छात्राओ को सम्मानित किया गया।



इसी क्रम में ज्ञानेश हायर सेकेण्ड्री स्कूल की छात्रा कृति शर्मा पुत्री श्री हरिशंकर शर्मा ने कक्षा दसवीं में 75 प्रतिशत अंक लाकर अपने विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन करने पर सम्मानित किया गया।

# भिंड की सड़को की दुर्दशा की जिम्मेदार भाजपा है : रोहित गुप्ता



**मुरैना,कांस।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं ग्वालियर चंबल संभाग प्रभारी रोहित गुप्ता के द्वारा जिला भिण्ड कार्यालय में कार्यकर्ता दर्शन एवं सहसंबाद की बैठक जिला अध्यक्ष अभिलाख सिंह कुशवाह की अध्यक्षता में आयोजित हुई,.. संगठन विस्तार को लेकर सभी भिंड के आप पार्टी के सिपाहियों द्वारा नए जोश में आम आदमी पार्टी (काम की राजनीति) को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया ! बैठक में महत्वपूर्ण भूमिकाओं पर निर्णय सर्व सहमति से लिए गए और संकल्पित होकर जहां सड़क पर गड्ढा वहीं भा.ज.पा. का झंडा होगा अभियान चलाने पर जोर दिया गया। जिसमें मुख्य अतिथि रोहित गुप्ता प्रदेश उपाध्यक्ष एवं ग्वालियर चम्बल संभाग प्रभारी, डॉ उमाशंकर मिश्रा प्रदेश संयुक्त सचिव, अमित शर्मा प्रदेश संयुक्त सचिव, अशोक सिंह जाटव एस सी विंग प्रदेश उपाध्यक्ष, राजकुमार राजावत प्रदेश संयुक्त सचिव (किसान विंग), कुलदीप बाथम प्रदेश सयुक्त सचिव, राहुल गौर प्रदेश मीडिया प्रभारी ,मोहन पाल प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी विंग), यशवन्त पटवारी प्रदेश सयुक्त सचिव, विनोद कुमार वर्मा प्रदेश सचिव (सर्विस विंग), उक्त बैठक में कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए ÷आप÷ प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता ने कहा कि पूरे भिंड की सड़को पर जगह जगह गड्ढे है हर जगह जल भराव हो रहा है जिससे जनता परेशान हो रही है भिंड में सड़को की दुर्दशा की जिम्मेदार भाजपा है इसलिए हम अभियान चलाए कि *जहां सड़क पर गड्ढा, वहीं भाजपा का झंडा* इस आंदोलन का भिंड में शुभारंभ करते हुए कहा मध्य प्रदेश डबल इंजन सरकार जो सड़कों पर गड्ढा एवं भ्रष्टाचार करने का काम कर रही है।

आम आदमी पार्टी जब तक भिंड में सड़को की हालत दुरुस्त न हो जाए तक तक किसी भी कार्यकर्ता को चैन से नहीं बैठना है इस मौके पर रामसिया दंडोतिया जी, विवेक शर्माजी, कमलेश त्रिपाठी, धीरज गुप्ता,जिला सचिव राजेश शाक्य, गोविंद आर्य, सत्यवीर थापक, पूरन नागर,विक्रम सिंह शाक्य, रामपाल कुशवाहा,विनय दुबे, धर्म सिंह जाटव, श्याम किशोर शर्मा, रामकुमार राजपूत, दिनेश सिंह नरवरिया, मानसिंह कुशवाहा, कृष्ण कुमार कुशवाह,आदि लोग मौजूद रहे।

# धरती आबा अभियान के अंतर्गत सहरिया जन हेतु शिविर ग्राम थाटीपुरा में सम्पन्न

**मुरैना,कांस।** धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को शत-प्रतिशत लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से जिले के विकासखंड पहाड़गढ़, सबलगढ़ और जौरा में 15 जून 2025 से 30 जून 2025 तक शिविर आयोजित किये गये। इसी क्रम में सोमवार को ग्राम थाटीपुरा में शिविर का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य अंतिम पंक्ति के सहरिया आदिवासी तक उनके व्यक्तिगत और सामुदायिक अधिकारों को परिपूर्ण करना और उनमें जागरूकता पैदा करना है। भारत शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना में आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाने के लिए समयबद्ध मिशन संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत भारत सरकार के 17 मंत्रालय द्वारा परिपूर्णता और आउटरीच द्वारा 25 योजनाओं के माध्यम से सामाजिक आर्थिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा आजीविका में महत्वपूर्ण कमियों को समाप्त करना और जनजाति क्षेत्र और सुविधाओं के समग्र और सतत विकास को सुनिश्चित करना है। धरती आबा अभियान केंद्र सरकार द्वारा जनजातीय समुदायों के समग्र विकास और उनके जीवन स्तर को सुधारने की दिशा में 2 अक्टूबर 2024 से आरंभ किया गया है। इस योजना के अंतर्गत समस्त आदिवासी ग्रामों के सभी घरों का सर्वे करना है एवं सहरिया जन को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं की जानकारी जैसे सड़क, बिजली, पानी, राशन कार्ड, घर की स्थिति, शिक्षा की स्थिति एवं समस्त संचालित योजनाओं में पात्र हितग्राहियों की पहचान करके चिन्हित करना और उन्हें उन समस्त योजना में लाभान्वित करना है, जिससे वह अभी तक वंचित रहे हैं।







## जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन

(चम्बल सुर्खि संवाददाता)

**सबलगढ़।** जनपद पंचायत सबलगढ़ सभा भवन में सोमवार को जल गंगा संबर्धन अभियान समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि सबलगढ़ विधायक सरला रावत थी. इस अवसर पर विधायक श्रीमती रावत ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान प्रदेश सरकार की बहुउद्धश्यीय योजना थी जिसके तहत गाँवो व नगरीय क्षेत्र में अनेक जनोपयोगी कार्यक्रम चलाये गए.समापन के अवसर पर प्रभारी रेखा राजपूत और रमेश यादव के के बालोठिया एवं समस्त जनपद स्टाफ तथा सरपंच लोग मौजूद थे।

## बेखौफअपराधियों ने शहर के मुख्य चौराहे पर युवक पर किया जान लेवा हमला

### पूरा घटनाक्रम सीसीटीव्ही में कैद, शहर में आए दिन हो रही घटनाओ से शहरवासियों में दहशत का वातावरण

**मुरैना,कांस।** अपराधियो में पुलिस का खौफ खत्म होता जा रहा है जिससे जिले में अपराधी बेखौफ होते जा रहे है और उनके होसले इतने बुलंद हो गए है कि वे जब चाहते है, जहॉ चाहते अपराध घटित करने में सफ्ल हो जाते है। ऐसी ही एक घटना गत दिवस वैरियर चौराहे के बस स्टेण्ड के पास घटित हुई। जिसमें एक युवक को अपनी बेटी के साथ छेडछाड करने का विरोध करने पर सरेआम अधमरा होने तक लाठी,डण्डो एवं पत्थरो से हमला किया गया। मिली जानकारी के अनुसार कांसपुरा निवासी रामबरन कुशवाह पंचर की दुकान चलाता है और अपने परिवार के साथ निवास करता है, बताया जाता है कि विगत दिनों उसकी बेटी के साथ कुछ लोगो ने छेडछाड कर दी, जिसे लेकर उसके पिता ने उनके खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था जिससे बौखलाकर आरोपियो ने लडकी के पिता को बस स्टेण्ड के पास बैरियर पर लाठी,डण्डो एवं पत्थर पटक-पटक कर बेहोस होने तक हमला कर भाग गए। यह पूरी घटना सीसीटीव्ही में कैद हो गई। जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है, और सभी लोग इस घटना की कडी निन्दा कर कार्यवाही की मांग कर रहे है। हालांकि कोतवाली पुलिस ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपियो के खिलाफ अपराध क्रमांक 383/25 धारा 109,115(2),296,351(2),3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए दो आरोपियो को पुलिस हिरासत में लेकर शेष आरोपियो की धर-पकड के लिए पांच अलग-अलग टीमें गठित कर लगाई गई है। शहर में रात्रि गस्त न लगने के कारण चोरी की घटनाऐं आए दिन घटित हो रही है। जिससे आमजन चैन से न रह पा रहा है और नही सो पा रहा है। गत दिवस सिविल लाइन थाना क्षेत्र के नई कॉलौनी में एक मकान से 60 हजार नगर एवं गहने सहित ढाई लाख का माल अज्ञात चोर चोरी कर ले जाने में सफ्ल हो गए वही चम्बल कॉलौनी के पास चोरो ने रात्रि में चोरी करने का प्रयास किया लेकिन गली के लोग जागने के कारण वे चोरी करने में सफ्ल नही हो पाए।

## ग्राम पंचायत बमरौली में सीईओ जिला पंचायत ने किया पौधरोपण

**मुरैना,कांस।** मुरैना जनपद की ग्राम पंचायत बमरौली में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री कमलेश कुमार भार्गव, जनपद अध्यक्ष मुरैना श्री मोहर सिंह कंषाना और जनपद सीईओ मुरैना द्वारा मियाबाकी प्लांटेशन में पौध रोपण किया। ''जल गंगा संवर्धन'' अभियान कार्यक्रम का समापन किया गया।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय पर बाढ़ आपदा संबंधी मॉकड्रिल का आयोजन किया



**मुरैना,कांस।** बाढ़ आपदा संबंधी मॉकड्रिल का आयोजन कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना की अध्यक्षता में पीडब्ल्यूडी सर्किट हाउस मुरैना में किया गया। मौके पर अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद, डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट श्रीमती सुमन बिसोरिया, समस्त एसडीएम, होमगार्ड, तहसीलदार, भू-अभिलेख आदि संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। बाढ़ संबंधी मॉकड्रिल का आयोजन दो तरह की परिस्थितियों को लेकर किया गया, जिसमें सबसे पहले बाढ़ की सूचना यदि स्थानीय प्रशासन की ओर से बाढ़ कंट्रोल रूम को दी जाती है कि टेंटरा थाना अंतर्गत कैमरा कला गांव में 7 लोग चंबल नदी के पानी से घिर गए है, कंट्रोल रूम के द्वारा बाढ़ एसओपी के अनुसार संबंधित विभागों को अलर्ट किया जाता है एवं रेस्क्यू किया जाता है। अलग-अलग तरह के विक्टिम को किस तरह लिफ्टिंग एंड मूविंग के माध्यम से स्टेबलाइज किया जाता है, इसका प्रदर्शन भी किया गया। दूसरी परिस्थिति में थाना देवगढ़ के अंतर्गत कोई व्यक्ति पानी में डूब गया है एवं उसे तुरंत रेस्क्यू की आवश्यकता है। इसके साथ-साथ विक्टिम को सीपीआर देकर उसे स्टेबलाइज किया गया और उसे एसओपी तात्कालिक कैसे दी जाती है, इसके बारे में बताया गया।

# भाजपा शासन काल में गरीब, दलित एव किसानों के साथ अन्याय अत्याचार बडे : मधुराज तोमर



**मुरैना,कांस।** भाजपा सरकार में पुलिस प्रशासन दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने के बजाय मौन धारण कर तमाशा देख रहा है। जिसका जीता जागता उदाहरण अभी सामने देखने में आया कि किसान की बेटी के साथ दबंग लोगों ने छेड़खानी की जिसका विरोध करते हुए बेटी के पिता ने थाने में रिपोर्ट लिखाई, तो दोषियों ने दबंगई से मुरैना जिले के यातायात थाने के पास किसान की बेरहमी से लाठी डंडों से मारपीट की और किसान के पैरों पर पत्थर पटककर पैरों को कुचल दिया गया, लेकिन एक भी पुलिस कर्मचारी उक्त किसान को बचाने नहीं आया। उक्त मामले में पुलिस द्वारा की कार्यवाही संदेह के घेरे में है। एवं बानमौर थाने में ऑटो ड्राइवर द्वारा शिकायत की गई कि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष के पति भाजपा अनुसूचित जाति के महामंत्री उसकी पत्नी के साथ अवैध संबंध बनाए हुए हैं उक्त दोषी के खिलाफ कार्यवाही कर, मुझे न्याय दिलाया जावे लेकिन पुलिस प्रशासन द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की गई। पीड़ित ऑटो ड्राइवर ने पत्नी के चाल-चलन से परेशान होकर जहर गटक लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक ने अपनी जीवन लीला समाप्त करने से कुछ समय पहले एक सुसाइड नोट जारी कर पूरी दासता से अवगत कराया। अगर पुलिस प्रशासन समय रहते दोषी के खिलाफ कार्यवाही कर देती तो पीड़ित ऑटो ड्राइवर की जान जान से बच जाती। लेकिन भाजपा सरकार में पुलिस प्रशासन भाजपा संरक्षण प्राप्त दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने के बजाय मौन धारण कर तमाशा देख रहा हैं। जिसके शिकार लगातार आम जनता और किसान भाई बन रहे है। जिला कांग्रेस कमेटी मुरैना अध्यक्ष मधुराज तोमर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पीड़ित किसान और मृतक ऑटो ड्राइवर के खिलाफ अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि जिले व प्रदेश में अगर अत्याचारों पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो जल्द ही जिला कांग्रेस कमेटी मुरैना प्रदेश की सरकार के साथ एकजुट होकर एक उग्र आंदोलन करेगी। जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# पिता की हत्या के केस में पुत्र को हुई आजीवन कारावास की सजा

**मुरैना,कांस।** पिता की हत्या के केस में पुत्र को हुई आजीवन कारावास की सजा शासन की ओर से पैरवी इन्द्र सिंह गुर्जर एवं संदीप मिश्रा अपर लोक अभियोजक ने की है घटना इस प्रकार है कि दिनांक 16-5-24 को अभियुक्त सुधांशु ने सुवह 10.30 बजे अपने पिता रवि प्रताप की बेसबॉल के डण्डे से पीटकर व प्रेस से जलाकर हत्या कर दी व मां को भी बेसबॉल के डण्डे मारकर घायल कर दिया पुलिस में बड़े लडके तरुण बैस ने रिपोर्ट की जिस पर से धारा 302,307 के तहत अपराध दर्ज होकर न्यायालय में चालान पेश होकर शाक्ष्य अंकित की गई अभियोजन की ओर से कराई गई महत्वपूर्ण शाक्ष्य व तर्कों से सहमत होकर न्यायालय सक्षम अपर सत्र न्यायालय द्वारा आरोपी सुधांशु पुत्र रवि प्रताप निवास दत्त पुरा मुरैना को धारा 302 में आजीवन कारावास व1000 रुपये अर्थ दण्ड व307 में 5 साल की सजा व 500 रुपये जुर्माना की सजा दी है शासन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक इन्द्र सिंह गुर्जर व संदीप मिश्रा ने की है।

# कांग्रेस से मुरैना में दलित जिलाध्यक्ष की मांग उठी : पूर्व प्रदेश सचिव मनीष उपाध्याय ने राष्ट्रीय नेतृत्व को लिखा पत्र



**मुरैना,कांस।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश सचिव मनीष उपाध्याय ने कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व से मुरैना जिले में दलित समाज से जिला अध्यक्ष नियुक्त करने की पुरजोर मांग की है। उपाध्याय ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को पत्र लिखकर यह अपील की है। उपाध्याय ने अपने पत्र में कहा है कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर और संविधान के सम्मान में राहुल गांधी और पूरी कांग्रेस पार्टी मजबूती से खड़ी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मुरैना जिले में आज तक अनुसूचित जाति का कोई भी व्यक्ति कांग्रेस पार्टी का जिलाध्यक्ष नहीं बना है। उन्होंने बाबा साहब अंबेडकर के उस आदर्श का स्मरण कराया जिसमें उन्होंने कहा था कि समाज के दबे-कुचले लोगों को उनका उचित सम्मान मिलना चाहिए। उपाध्याय ने दावा किया कि मुरैना जिले में कांग्रेस के सभी दलित कार्यकर्ता अध्यक्ष पद के लिए योग्य हैं और उनमें उच्च गुणवत्ता की नेतृत्व क्षमता है। उन्होंने उन सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से इस मांग को अधिक से अधिक साझा करने का निवेदन किया है, जो बाबा साहब के आदर्शों में विश्वास रखते हैं, ताकि वरिष्ठ नेतृत्व द्वारा अनुसूचित जाति के किसी योग्य व्यक्ति को मुरैना जिले का अध्यक्ष बनाया जा सके।

# प्रधानाध्यापक के सेवानिवृत्त होने पर आयोजित हुआ विदाई समारोह



**झुण्डपुरा।** संकुल केन्द्र शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झुण्डपुरा अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय बृरखूपुरा में पदस्थ प्रधानाध्यापक दर्शन लाल जोनवार के 62 वर्ष पूर्ण होने पर विदाई समारोह हुआ। कार्यक्रम मे सभी विद्यालयों के शिक्षक विशेष रूप से मौजूद रहे। दर्शन लाल जौनवार ने कहा, मैंने तीन दशक से अधिक समय तक विभाग में शिक्षक के पद पर रहकर बच्चों को शिक्षा प्रदान कर सेवा की। इस दौरान वरिष्ठो का मार्गदर्शन और स्टाफ का सहयोग मिला। समय कैसे बीत गया, पता ही नहीं चला। सभी वरिष्ठ अधिकारियों और साथियों का आभार व्यक्त करता हूं। अनजाने में कोई गलती हुई हो तो क्षमा चाहती हूं। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक कमलेश शर्मा ने कहा, दर्शन लाल जौनवार ने निष्ठा और ईमानदारी से काम किया। उनके कार्यकाल की जितनी तारीफ की जाए, कम है। ऐसे कर्मचारियों से प्रेरणा लेनी चाहिए। सी ए सी कल्याण सिंह बाथम ने कहा, यह शासन की प्रक्रिया है। दर्शन लाल शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे हैं, लेकिन लोगों हम सब उनके स्वस्थ और निरोगी जीवन की कामना करते हैं साथ ही उनके निर्वाद कार्यकाल की करतल ध्वनि से प्रशंसा करते करते प्रत्येक कर्मचारी के जीवन में यह सेवानिवृत्त का भावुक पल आता है। इस अवसर पर फूलमाला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। उनके स्वस्थ जीवन की कामना की। स्टाफ की ओर से भोज का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर कमलेश शर्मा कल्याण सिंह बाथम प्रताप रावत संजीव सोनी राजपाल रावत रामवरण शर्मा अनुरुद्ध सिंह जादौन राजेन्द्र कुशवाहा पवन शर्मा सुशील उपाध्याय सुघर सिंह मेघ सिंह सुरेंद्र राधौरिया विध्याराम जगदीश विश्राम विमल जगा सहित सभी शिक्षक साथी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे ।

# सड़क हादसे में आरक्षक की दर्दनाक मौत



**मुरैना,कांस।** सुमावली विधानसभा क्षेत्र की ग्राम मुर्गपुरा हाल निवासी रेस्ट हाउस के पीछे मुरैना आरक्षक बिका सिंह परमार की बामोर के पास हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार आरक्षक भीम सिंह परमार बेहट थाने में पदस्थ बताया जाता है वह अपनी बाइक क्रमांक एमपी 06 mj 6452 से अपने घर जा रहा था कि वह अभी बामोर थाना क्षेत्र की अम्मा सरिया फैक्ट्री के सामने हाईवे पर ही पहुंच पाया था कि इस समय किसी अज्ञात वाहन चालक ने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलते हुए बाइक चालक आरक्षक को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# डेंगू निरोधक माह के लिए बनाई कार्ययोजना - लगातार जारी है जन-जागरूकता गतिविधियां एवं लार्वा सर्वे

**भोपाल कांस**



वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत डेंगू नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा भोपाल जिले में जागरूकता गतिविधियाँ एवं लार्वा सर्वे के लिए टीमों के साथ मिलकर कार्ययोजना बनाई गई है, जिससे आगामी माह में डेंगू नियंत्रण के लिए जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जाएगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा के निर्देशन एवं जिला मलेरिया अधिकारी श्रीमती स्मृता नामदेव के मार्गदर्शन में जिले में विभिन्न स्थानों पर जनजागरूकता गतिविधियाँ लगातार आयोजित कि जा रही है। जिला मलेरिया कार्यालय टीम, नगर निगम एवं एम्बेड टीम लगातार विद्यालयों में, सामुदायिक स्थानों पर जागरूकता, पोषण एवं स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर गर्भवती महिलाओं के साथ जागरूकता इत्यादि गतिविधियाँ जारी है। इसी क्रम में सोमवार को जिला मलेरिया अधिअकरी श्रीमती स्मृता नामदेव एवं जिला वेक्टर बोर्न सलाहकार श्रीमती रूचि सिलाकारी द्वारा एम्बेड परियोजना कि टीम के साथ समीक्षा एवं आगामी कार्ययोजना हेतु बैठक की। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में 44 टीमें लगातार मैदानी स्तर पर कार्यरत है एवं एम्बेड परियोजना के 90 सामुदायिक सहयोगियों द्वारा माह जुलाई से लगातार सर्वे में सहयोग प्रदान किया जायेगा। साथ ही वालंटियर द्वारा नियमित विगत माह में सहयोग दिया गया, डेंगू केस निकलने पर त्वरित कार्यवाही जिला मलेरिया की टीम द्वारा की जाती है, जिसमें फॉगिंग, प्रचार-प्रसार, लार्वा सर्वे, स्प्रे इत्यादि शामिल है, नगर निगम टीम द्वारा नियमित रूप से स्वच्चाता अभियान चलाया जाता है जिससे डेंगू नियंत्रण में सहयोग मिल रहा है। प्रत्येक वार्ड में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य संस्थाएं संचालित है जिसमे मलेरिया जांच एवं उपचार निशुल्क उपलब्ध है, नगर निगम एवं मलेरिया टीम द्वारा संयुक्त रूप से गतिविधियाँ आयोजित की जा रही है।

## वर्षा पूर्व सभी आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित करें : कलेक्टर

**भोपाल, कांस**

कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय - सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए समस्त संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बाढ़ राहत सहित सभी पूर्व तैयारियाँ शीघ्र पूर्ण की जाएँ ताकि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी एसडीएम अपने-अपने अनुभाग के अंतर्गत आने वाले शासकीय विद्यालयों, आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं जर्जर भवनों का गहन सर्वेक्षण कर संभावित जोखिमों का आंकलन करें और आवश्यक सुधार कार्य एवं सतत निगरानी सुनिश्चित करें। इसके साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों की समय रहते पहचान कर राहत दलों की पूर्व नियुक्ति, संसाधनों की उपलब्धता और आपदा से निपटने हेतु समन्वित योजना तैयार करने के निर्देश दिए।

# अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में मध्यप्रदेश की भागीदारी और उपलब्धियां बढ़ाना राज्य सरकार का लक्ष्य : मुख्यमंत्री

### खिलाड़ियों को आवश्यक प्रशिक्षण सहित सभी प्रोत्साहन उपलब्ध हैं

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ की बैठक को वर्चुअली किया संबोधित

**भोपाल कांस**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में मध्यप्रदेश की भागीदारी और उपलब्धियां बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य सरकार खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग दे रही है। वर्ष 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक सहित सभी अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में मध्यप्रदेश के खिलाड़ी अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और बड़ी संख्या में पदक लाएं, इस लक्ष्य के साथ प्रदेश में खेल गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। राज्य सरकार प्रदेश में खेल अधोसंरचना विस्तार के लिए निरंतर कार्य कर रही है, खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण के साथ-साथ अन्य सहायता व प्रोत्साहन उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। राज्य शासन मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ को हर संभव सहयोग उपलब्ध कराने के लिए तत्पर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ की जबलपुर में आयोजित वार्षिक बैठक को मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। बैठक में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय वर्चुअली शामिल हुए। अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा तथा अपर मुख्य सचिव खेल एवं युवक कल्याण श्री मनु श्रीवास्तव इस अवसर पर उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ वर्ष 1952 से अर्थात् 73 साल से खेल के क्षेत्र में लगातार कार्यरत है। मध्यप्रदेश का 38वें राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड में प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा और प्रदेश ने पहली बार तीसरा स्थान प्राप्त किया। मध्यप्रदेश में खेलों का इंफ्रास्ट्रक्चर तेज गति से आगे बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश में 22 से ज्यादा हॉकी के एस्ट्रोटर्फ हैं और 15 एथलेटिक ट्रैक हैं, जो कि देश में किसी भी प्रदेश में नहीं है। मध्यप्रदेश में 18 एक्सीलेंस एकेडमी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ओलंपिक संघ के सभी पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। जबलपुर में हुई बैठक में मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# नर्सिंग संवर्ग के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के लिए आवश्यक प्रक्रिया शीघ्र करें पूर्णः उप मुख्यमंत्री

### मेडिकल कॉलेज में आवश्यकतानुसार मैनपॉवर की व्यवस्था के लिए तैयार करें प्रस्ताव

### मानव संसाधन सुदृढ़ीकरण और चिकित्सा सेवाओं की हुई समीक्षा

**भोपाल कांस**



उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने निर्देश दिए हैं कि नर्सिंग संवर्ग के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के लिए भर्ती नियमों में आवश्यक संशोधन कर कर्मचारी चयन मण्डल को त्वरित रूप से मांग पत्र प्रेषित किए जाएं। फार्मासिस्ट ग्रेड-2, नेत्र सहायक तथा ओ.टी. टेक्नीशियन के पदों की पूर्ति के लिये भी भर्ती प्रक्रिया शीघ्र आरंभ करने के भी निर्देश दिए गए। मेडिकल कॉलेजों में आउटसोर्स से नियुक्ति संबंधी वर्तमान व्यवस्था में केवल अकुशल पदों की स्वीकृति है, जबकि विभागीय समिति द्वारा कुशल पदों की आवश्यकता को रेखांकित किया गया है। इस विषय में व्यावहारिक आवश्यकताओं के दृष्टिगत प्रस्ताव तैयार कर केबिनेट में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिससे उच्च स्तरीय सेवाओं का विधिवत एवं गुणवत्तापूर्ण प्रदाय सुनिश्चित हो सके। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में विभागीय योजनाओं, भर्ती प्रक्रिया, अधोसंरचना विकास, मानव संसाधन सुदृढ़ीकरण और चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता की वृहद समीक्षा कर महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

#### बंधपत्रधारी चिकित्सकों की बेहतर उपयोगिता के लिए ओरिएंटेशन के निर्देश

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने ग्वालियर मेडिकल कॉलेज में कार्डियोथोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) विभाग की स्थापना के लिये प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए, जिससे हृदय रोगों विशेष रूप से बायपास सर्जरी की सुविधा ग्वालियर संभाग में सुलभ हो सके। इसी प्रकार इंदौर मेडिकल कॉलेज में नवजात एवं बाल चिकित्सा (पीडियाट्रिक्स/नियोनेटोलॉजी) विभाग की स्थापना की कार्यवाही शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने पूर्व की निवेश नीति के अंतर्गत लंबित प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिये।

# लापरवाह अधिकारीयों पर होगी सख्त कार्यवाहीः राज्यमंत्री श्रीमती गौर

**भोपाल कांस**



पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि समय पर काम नहीं करने वाले लापरवाह अधिकारियों कर्मचारियों पर सख्त कार्यवाही होगी। राज्यमंत्री श्रीमती गौर सोमवार को गोविंदपुरा क्षेत्र के वार्ड 66 में जनसंपर्क के दौरान जनता की समस्याओं को सुन रही थी। उन्होंने गोविंदपुरा क्षेत्र में जे.के. रोड स्थित गोयल अपार्टमेंट क्षेत्र के रहवासियों द्वारा नाली सफाई, जर्जर सर्विस रोड और रात्रि के समय अंधेरे के कारण उत्पन्न हो रही समस्याओं के तत्काल निराकरण के लिए निर्देश दिए। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि जन समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। इंद्रपुरी -ए- सेक्टर में जनसंपर्क के दौरान पार्क की स्वच्छता, घास की कटाई एवं सौंदर्यीकरण के लिये आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही नाली में जमा कचरे की शीघ्र सफाई के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। छत्तीसगढ़ लेबर कॉलोनी का निरीक्षण कर रहवासियों से संवाद किया। स्थानीय समस्याओं विशेषकर नाली सफाई, नाली निर्माण और सीवेज लाइन से संबंधित प्रकरणों पर तत्काल संज्ञान लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## ग्राम पंचायत गुनगा में कल होगा वित्तीय समावेशन योजना अभियान का शुभारंभ

**भोपाल** । भोपाल जिले की ग्राम पंचायत गुनगा में आज वित्तीय समावेशन योजनाओं की शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने हेतु विशेष अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। यह कार्यक्रम भारत सरकार के वित्तीय सेवा विभाग द्वारा 01 जुलाई से 30 सितम्बर 2025 तक देशभर में चलाए जा रहे व्यापक अभियान के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को बैंकिंग, बीमा, पेंशन एवं डिजिटल वित्तीय सेवाओं से जोड़ना है ताकि आर्थिक रूप से उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सके। भोपाल जिले से इस अभियान के शुभारंभ स्थल के रूप में गुनगा चयनित किया गया है।


**विशेष रेलगाड़ी के अतिरिक्त फेरों का संचालन**

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ी के अतिरिक्त फेरों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत हैः—

**गाड़ी संख्या 05062/05061 टनकपुर-मथुरा जं. विशेष रेलगाड़ी**

| गाड़ी संख्या 05062 टनकपुर-मथुरा जं. | | | गाड़ी संख्या 05061 मथुरा जं.-टनकपुर | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| - | 04:45 | टनकपुर | 23:10 | - |
| 05:08 | 05:10 | खटीमा | 22:28 | 22:30 |
| 05:40 | 05:42 | पीलीभीत जं. | 21:44 | 21:47 |
| 06:15 | 06:17 | भोजीपुरा जं. | 21:01 | 21:03 |
| 06:30 | 06:32 | इज़्ज़तनगर | 20:43 | 20:45 |
| 06:50 | 06:52 | बरेली सिटी | 22:28 | 20:30 |
| 07:00 | 07:02 | बरेली जं. | 20:09 | 20:11 |
| 07:38 | 07:40 | बदायूँ | 19:33 | 19:35 |
| 07:51 | 07:53 | उझानी | 19:20 | 19:22 |
| 08:18 | 08:20 | सोरों शूकर क्षेत्र | 18:53 | 18:55 |
| 08:50 | 09:00 | कासगंज जं. | 18:20 | 18:30 |
| 09:20 | 09:22 | सिकन्दरा राव | 18:03 | 18:05 |
| 10:13 | 10:15 | हाथरस सिटी | 17:26 | 17:28 |
| 11:06 | - | मथुरा छावनी | - | 16:55 |

• **टनकपुर से** : गाड़ी संख्या 05062 दिनांक 01.07.2025 से 31.07.2025 तक (प्रति बुधवार व रविवार को छोड़कर) • **मथुरा छावनी से** : गाड़ी संख्या 05061 दिनांक 01.07.2025 से 25.07.2025 तक (प्रति बुधवार व रविवार को छोड़कर)

उपरोक्त विशेष रेलगाड़ी का संचालन मथुरा जं. से मथुरा छावनी के मध्य निरस्त रहेगा।

नोट : ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन न0 139 या Railmadad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1136/25 (C)


# सेवानिवृत्त हुए पुलिस अधिकारी व कर्मियों को एसपी धर्मवीर ने दी विदाई



**ग्वालियर।** सेवानिवृत्ति के उपरांत सभी पुलिस अधिकारी और कर्मचारी अपने आपको सामाजिक कार्यों में व्यस्त रखें। जिससे अभी तक की दिनचर्या से वह बाहर निकल सकेंगे। पुलिस सेवा में काम करते हुये पुलिसकर्मी को परिवार के लिये कम समय मिल पाता है। सेवानिवृत्ति के बाद अपने परिवार को भी समय दें और परिवार का ध्यान रखें। यह बात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने सोमवार को अपनी लंबी पुलिस सेवा से सेवानिवृत हुये पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की विदाई समारोह में कहीं। सोमवार को पुलिस कन्ट्रोल रूम सभागार में पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे 10 पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। विदाई समारोह में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर विदाई दी।

कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने कहा कि सेवानिवृत्ति के उपरांत सभी पुलिस अधिकारी और कर्मचारी अपने आपको सामाजिक कार्यों में व्यस्त रखें। जिससे अभी तक की दिनचर्या से वह बाहर निकल सकेंगे। पुलिस सेवा में काम करते हुये पुलिसकर्मी को परिवार के लिये कम समय मिल पाता है। इस मौके पर अति0 पुलिस अधीक्षक (मध्य) श्रीमती सुमन गुर्जर, रक्षित निरीक्षक रणजीत सिंह सिकरवार, मुख्य लिपिक नरेन्द्र तुनिया, सउनि (एम) अभिषेक पाराशर उपस्थित थे।

### यह हुये सेवानिवृत

सेवानिवृत होने वाले पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों में उनि0(अ) मोहन कुमार घनघोरिया, उनि0 रामनरेश शर्मा, सउनि0 शिशुपाल सिंह सिकरवार, सउनि0 राजेश सिंह भदौरिया, सउनि0 पर्वत सिंह यादव, प्र.आर0 रजवीर सिंह भदौरिया, प्र.आर0 सुधीर कुमार कबटियाल, प्र.आर देवेन्द्र सिंह राणा, प्र.आर0 कैलाश सिंह यादव, प्रयोगशाल तकनीशियन राजकुमार रोहित शामिल हैं।


**विशेष रेलगाड़ियों के अतिरिक्त फेरों का संचालन**

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष रेलगाड़ियों के संचालन अवधि में विस्तार का निर्णय लिया गया है। यह रेलगाड़ियाँ अपने पूर्व निर्धारित समय, ठहराव, संरचना एवं मार्ग पर चलेंगी, जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

| गाड़ी सं. | कहाँ से कहाँ तक | प्रस्थान का दिन | विस्तारित तिथि | |
|---|---|---|---|---|
| | | | से | तक |
| 09025 | वलसाड-दानापुर | सोमवार | 07.07.2025 | 28.07.2025 |
| 09026 | दानापुर-वलसाड | मंगलवार | 08.07.2025 | 29.07.2025 |
| 09031 | उधना-जयनगर | रविवार | 06.07.2025 | 27.07.2025 |
| 09032 | जयनगर-उधना | सोमवार | 07.07.2025 | 28.07.2025 |
| 09045 | उधना-पटना | शुक्रवार | 04.07.2025 | 01.08.2025 |
| 09046 | पटना-उधना | शनिवार | 05.07.2025 | 02.08.2025 |
| 09343 | डॉ. अम्बेडकर नगर-पटना | गुरुवार | 03.07.2025 | 31.07.2025 |
| 09344 | पटना-डॉ. अम्बेडकर नगर | शुक्रवार | 04.07.2025 | 01.08.2025 |
| 09195 | वडोदरा-मऊ | सोमवार | 07.07.2025 | 28.07.2025 |
| 09196 | मऊ-वडोदरा | मंगलवार | 08.07.2025 | 29.07.2025 |
| 09043 | बढ़नी-बांद्रा (ट.) | रविवार | 06.07.2025 | 27.07.2025 |
| 09044 | बांद्रा (ट.)-बढ़नी | सोमवार | 07.07.2025 | 28.07.2025 |

नोटः- ट्रेनों से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1134/25 (A)


# डीएम की अध्यक्षता में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बैठक संपन्न




### 01 से 31 जुलाई तक संचारी एवं 11 से 31 जुलाई तक चलेगा दस्तक अभियान

### मा0 महापौर मलखान सिंह जिला चिकित्सालय से जागरूकता रैली को दिखाएंगे हरी झण्डी

**अलीगढ़ कांस** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों, स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधियों एवं अन्य हितधारकों ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि 1 जुलाई 2025 से शुरू हो रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं 11 जुलाई से आरंभ हो रहे दस्तक अभियान के तहत व्यापक जनजागरूकता के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों की अगुवाई में प्रत्येक विकासखंड एवं नगरीय निकाय क्षेत्र में रैली का आयोजन अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने कहा कि रैली के माध्यम से संचारी रोगों से बचाव के उपाय, स्वच्छता के महत्व एवं दस्तक अभियान की जानकारी आमजन तक पहुँचाई जाए। डीएम ने विगत दिनों मथुरा रोड स्थित भमरोला में अज्ञात कीड़े द्वारा काटे जाने की घटना का संज्ञान लेते हुए नगर स्वास्थ्य अधिकारी, स्वास्थ्य, वन एवं पशुपालन विभाग की टीम को संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि अभियान के दौरान जनसहभागिता के माध्यम से संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए ताकि जिले को संचारी रोगों से मुक्त बनाया जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रशिक्षण को प्रभावी बनाया जाए, जिसमें ग्राम प्रधानों एवं पंचायत सहायकों की अनिवार्य सहभागिता सुनिश्चित हो। जल भराव को जल्द से जल्द समाप्त किया जाए। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागीय माइक्रोप्लान के अनुसार सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर संचारी रोग नियंत्रण की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करें। उन्होंने ग्राम पंचायतों, शहरी वार्डों, आंगनवाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों में साफ-सफाई, जलभराव की रोकथाम, एंटी लार्वा स्प्रे, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, गड्ढों की भराई, मच्छरजनित रोगों की रोकथाम कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीएमओ डा0 नीरज त्यागी ने बताया कि 01 जुलाई को जिला स्तरीय जागरूता रैली को मलखान सिंह जिला चिकित्सालय से मा0 महापौर द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जाएगा। इसके साथ ही सभी तहसीलों एवं विकासखण्डों में भी मा0 जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित कराते हुए जागरूकता रैलियों का आयोजन किया जाएगा। बैठक में सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 नीरज त्यागी, जिला पंचायत राज अधिकारी यतेंद्र कुमार , जिला कार्यक्रम अधिकारी के के रॉय, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ विनीता मिश्रा, सीवीओ डॉ दिवाकर त्रिपाठी, एडीआईओएस मनोरमा ठाकुर, सीएमएस एवं एसीएमओ, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मुकेश कुमार एवं नगर पालिका अधिकारियों सहित अन्य विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।


**उत्तर मध्य रेलवे**

No.JHS/W/DO/misc/LHS-08 दिनांक: 30.06.2025

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्वालियर-इटावा रेल मार्ग पर बिरलानगर-शनीचरा रेलवे स्टेशन के बीच स्थित रेलवे अंडर पास संख्या 08 (रेलवे किमी. 1237/3-4) को अनुरक्षण कार्य हेतु दिनांक **01.07.2025** से **30.09.2025** तक अस्थायी तौर पर बंद किया जा रहा है। इस दौरान वैकल्पिक मार्ग के रूप में आने जाने हेतु **1.0 Km** दूर मालनपुर स्टेशन की तरफ स्थित ROB का उपयोग किया जा सकता है। 1135/25 (MG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in


स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक रामविलास शर्मा द्वारा चम्बल प्रिंटिंग प्रेस इण्डस्ट्रीज एरिया बानमोर से मुद्रित व एस 12 द्वितीय तल रायल प्लाजा पुराने हाईकोर्ट के सामने ग्वालियर से प्रकाशित । प्रधान संपादक रामविलास शर्मा मोबा.- 9329077393
email-chambalsurkhi@yahoo.com आर.एन.आई. पंजीयन नं MPHIN/2007/20705 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना रहेगा। कानूनी सलाहकार युवराज कुलश्रेष्ठ एडवोकेट मो.9229842150 फोन- (07532)- 225779,9827679954